

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं - 3



वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग को निवेश करने, क्षमता विस्तार में संकोच नहीं करना चाहिए - 12



सुनिश्चित हो कि लश्कर और जैश को अफगानिस्तान में पनाह न मिले - 13



सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देना चाहेगा भारत - 14



आज का मौसम 30.0° अधिकतम तापमान 26.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.56 | सूर्यास्त 06.09

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 11:37 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 232, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### अनिल अंबानी, राणा के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी के समूह से जुड़ी कंपनियों एफएल और आरएचएफएल तथा यस बैंक एवं उसके पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राणा कपूर के परिजनों की फर्मों के बीच हुए कथित धोखाधड़ी वाले लेनदेन के सिलसिले में अनिल अंबानी और अन्य के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र (चार्जशीट) दायर किया। सीबीआई का आरोप है कि ऐसे लेनदेन की वजह से बैंक को 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### ईपीएफओ पोर्टल पर एक लॉगिन से सेवाएं

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक अंशधारकों को अब एक ही पोर्टल पर सभी प्रमुख सेवाओं और अपने खाते से जुड़ी जानकारियां एकल लॉगिन से मिल जाएंगी। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि ईपीएफओ ने कई सुधार किए हैं। अब तक सदस्यों को पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन कर अंशदान एवं निकासी का विवरण देखना पड़ता था। अब नए 'पासबुक लाइट' फीचर को सदस्य पोर्टल पर ही शामिल कर दिया गया है।

### चार माह में तय करें आनंद कारज पंजीकरण नियम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे चार महीने के भीतर 'आनंद कारज' या सिख विवाह के पंजीकरण नियम अधिसूचित करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि धार्मिक पहचान का सम्मान और नागरिक समानता सुनिश्चित करने वाले धर्मनिरपेक्ष ढांचे में कानून को एक तटस्थ और व्यावहारिक मार्ग प्रदान करना चाहिए और आनंद कारज के माध्यम से होने वाले विवाहों को अन्य विवाहों के समान ही दर्ज और प्रमाणित किया जाए। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि किसी संवैधानिक वादे की सत्यनिष्ठा न केवल उसके द्वारा घोषित अधिकारों से मापी जाती है, बल्कि उन संस्थाओं से भी मापी जाती है जो उन अधिकारों को उपयोगी बनाती हैं। एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य में, राज्य को किसी नागरिक की आस्था को विशेषाधिकार या बाधा में नहीं बदलना चाहिए।

### शशिकला से जुड़े बैंक धोखाधड़ी केस में जांच

**चेन्नई।** ईडी ने तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता की करीबी सहयोगी शशिकला और कुछ अन्य के खिलाफ 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी और बेनामी संपत्ति मामले से जुड़े धनशोधन की जांच के तहत चेन्नई और हैदराबाद में गुरुवार को छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों शहरों में मार्ग समूह और शशिकला की कथित बेनामी संपत्ति से जुड़े जीआरके रेड्डी नामक व्यक्ति के दस परिसरों पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई 200 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी की जांच के तहत की जा रही है, जिसमें सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की थी।

# जीएसटी सुधार से यूपी में महंगाई पर लगाम, सभी को राहत : योगी

## 22 से नई दरें लागू, प्रदेश को ज्यादा लाभ, व्यापार-रोजगार को मिलेगी गति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुए ताजा जीएसटी सुधारों का सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। बताया कि 22 सितंबर से लागू होने वाली नई दरें महंगाई पर लगाम लगाएंगी, रोजगार बढ़ाएंगी और व्यापार को नई गति देंगी। यूपी, जो देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है, कर सरलीकरण से सबसे अधिक लाभान्वित होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्ष 2017 से पहले वैट, सेल टैक्स और एक्साइज जैसे कई करों का बोझ अलग-अलग ढंग से पड़ता था। जीएसटी ने उस जटिलता को दूर किया। 12% और 28% की दरें समाप्त कर सिर्फ दो स्लैब 5% और 18% रखे गए हैं। लग्जरी वस्तुओं पर पहले की ही भांति 40% टैक्स रहेगा। उनका कहना था कि यह बदलाव आम घर की रसोई से लेकर राष्ट्रीय बुनियादी परियोजनाओं तक, हर क्षेत्र में राहत लाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि दूध, दही, पनीर, टूथपेस्ट, साबुन, नोटबुक, पेंसिल और बच्चों की सामग्री या तो टैक्स मुक्त होंगी या केवल 5% टैक्स लगेगा। किसानों के लिए ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरण सस्ते होंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र में बीमा पर जीएसटी हट गया है और दवाओं पर टैक्स कम हुआ है।



### क्या मिलेगा लाभ

- दूध, दही, पनीर, साबुन और साइकिल पर सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स
- स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी समाप्त
- दवाइयों व जांच किट पर टैक्स में कटौती
- कार और बाइक पर टैक्स 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत
- कारीगर व परंपरागत उद्योगों को 5 प्रतिशत टैक्स से राहत

### गाड़ियों से लेकर ग्रामीण भारत तक को फायदा

पहले कार और बाइक पर 28% जीएसटी लगता था, जिसे घटाकर 18% कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि इससे ऑटोमोबाइल उद्योग में मांग बढ़ेगी और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ग्रामीण इलाकों में खेती की लागत घटेगी और किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। बनारसी साड़ी, लखनऊ की चिकनकारी, बरेली की जरदोजी और फिरोजाबाद का ग्लास उद्योग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। साथ ही, सिंथेटिक मेंथॉल पर 18% और ऑर्गेनिक मेंथॉल पर 5% टैक्स लगाने से किसान और उद्योग दोनों को फायदा होगा।

### प्रदेश का कर संग्रह बढ़कर हुआ दोगुना

योगी ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद यूपी का राजस्व दोगुना से भी ज्यादा बढ़ा। वर्ष 2017 से पहले जहां 49 हजार करोड़ का ही संग्रह होता था, वहीं अब यह 1.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि इसी आय से एक्सप्रेस-वे, मेट्रो और एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट पूरे हुए हैं।

### जीएसटी की नई दरें इस प्रकार

- मुख्य स्लैब : 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत
- 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के दो स्लैब किए गए समाप्त
- लग्जरी की वस्तुओं पर टैक्स : 40 प्रतिशत यथावत
- शिक्षा सामग्री, दैनिक जरूरत और कृषि उपकरण : 5 प्रतिशत या शून्य

# अब चमोली में फटे बादल दो की मौत, छह लापता

## भारी मात्रा में मलबा आने पर 45 मकान, 15 गोशाला क्षतिग्रस्त

- मुख्यमंत्री धामी ने की राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बादल फटने की घटनाएं लगातार कहर बरपा रही हैं। देहरादून के बाद अब चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में गुरुवार तड़के चार स्थानों पर बादल फटने से तबाही मच गई। अतिवृष्टि से आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग लापता हो गए। 12 लोग घायल हैं जिनमें पांच लोगों को जीवित हालत में मलबे से निकाला गया है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) देहरादून द्वारा गुरुवार रात जारी सूची के अनुसार, चमोली जिले की नंदानगर तहसील के गांव कुंतारी लगाफाली में गुरुवार तड़के करीब 3 बजे बादल फटने की घटनाएं हुईं। एसईओसी के अनुसार, इस आपदा में चार पशुओं की भी मौत हुई है जबकि 28 पशु लापता हैं। भारी मलबा आने से 45 आवासीय भवन और 15 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। प्रभावित स्थानों पर पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने खोजबीन के दौरान एक क्षतिग्रस्त भवन के मलबे से 38 वर्षीय नरेंद्र सिंह का शव बरामद किया। मलबे से दो महिलाओं और एक बच्चे को निकाला गया जबकि 150-200 ग्रामीणों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इसके अलावा, नंदानगर के ही कुंतारी लगा सरपाणी गांव में खोजबीन में 70 वर्षीय जगदम्बा प्रसाद का शव बरामद किया गया जबकि करीब 100 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। गांव धुर्मा में अतिवृष्टि से मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने से दो व्यक्ति लापता हो गए, 8-10 भवन क्षतिग्रस्त हो गए।

इससे पहले सुबह एसईओसी पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदानगर में अतिवृष्टि से उत्पन्न हालात और राहत एवं बचाव अभियान कार्यों की समीक्षा की। बताया कि नंदानगर के चार अलग-अलग स्थान कुंतरी लगा फाली, कुंतरी लगा सरपाणी, सेरा और धुर्मा में बादल फटने और भारी मात्रा में मलबा आने से कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



नंदानगर क्षेत्र में बादल फटने के बाद पानी के साथ तेजी से बहता मलबा।

# नेपाल में शांति के प्रयासों को भारत का दृढ़ समर्थन : मोदी

- प्रधानमंत्री ने फोन पर अपनी नेपाली समकक्ष सुशीला कार्की से की बात

नई दिल्ली/काठमांडू, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अपनी समकक्ष सुशीला कार्की से बात की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कार्की के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने पड़ोसी देश में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई जनहानि पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नेपाल की अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की के साथ गर्मजोशी से बातचीत हुई। हाल ही में हुई जनहानि पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों के प्रति भारत के दृढ़ समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि साथ ही मैंने उन्हें और नेपाल की जनता को कल उनके राष्ट्रीय दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। काठमांडू में नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार बातचीत के दौरान कार्की (73) ने कहा कि अंतरिम सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता चुनाव ही रहेंगे, तथा जवाबदेह, उत्तरदायी और भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए दृढ़ संकल्प युवाओं की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा।



### दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे

कार्की की किसी विदेशी शासनाध्यक्ष से यह पहली टेलीफोनिक वार्ता थी। कार्की ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच ऐतिहासिक और घनिष्ठ संबंध बहुआयामी लोगों के स्तर पर संबंधों से और मजबूत होते रहेंगे। इसमें कहा गया कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए द्विपक्षीय सहयोग और साझेदारी की मजबूत गति को जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते नेपाल में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे जिसके कारण के पी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

## 30 से पहले चुन लें यूपीएस का विकल्प

- वित्त मंत्रालय ने जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समयसीमा से पहले ही एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) का विकल्प चुनें ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान हो सके। सरकार ने एक अप्रैल, 2025 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को निश्चित पेंशन की सुविधा मिलेगी। एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है।

# वोट ऑनलाइन डिलीट नहीं किए जा सकते : ईसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-राहुल गांधी के सभी आरोप बेबुनियाद

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरों की रक्षा करने के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को गलत और निराधार बताया। निर्वाचन आयोग ने जोर देकर कहा कि संबंधित व्यक्ति का पक्ष सुने बिना कोई भी नाम हटाया नहीं जा सकता।

गांधी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार पर वोट चोरों और लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया और कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि चुनाव से पहले कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित रूप से हटाए जा रहे थे जिसमें साफ्टवेयर का इस्तेमाल हुआ। निर्वाचन आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि असफल प्रयास किए गए थे और इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई और संबंधित विवरण राज्य सरकार की सीआईडी के साथ साझा किए गए।

आयोग ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए निर्वाचन आयोग के ही एक अधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आयोग ने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार, आलंद विधानसभा क्षेत्र से 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीता था।

### वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं सीईसी : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए गुरुवार को मतदाता सूचियों से कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाए जाने का विषय उठाया और आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या करने वालों तथा वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सीईसी को बहाने बनाना बंद करके कर्नाटक की सीआईडी को वोट चोरी का सबूत सौंपना चाहिए। निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को गलत और निराधार करार दिया। भाजपा ने दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार-बार लगाए गए आरोप लोकतंत्र में उनके और कांग्रेस के अविश्वास को दर्शाते हैं।

# मासूम के साथ दरिंदगी कर हत्या के दोषी को फांसी

- वर्ष 2019 में इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र की है घटना
- रिश्ते में चाचा लगने वाले आरोपी ने दुष्कर्म कर हत्या के बाद शव को नदी में फेंका

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** सात वर्षीय मासूम के साथ दरिंदगी और फिर उसकी हत्या में निरुद्ध दोषी को पाक्सो एक्ट कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई है। जबकि साक्ष्य के अभाव में सह अभियुक्त को बरी किया है। घटना जनपद के इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र में वर्ष 2019 की है।

13 जनवरी, 2019 की शाम साढ़े 4 बजे सात साल की बच्ची अचानक घर के बाहर से लापता हो गई। अगले दिन पिता ने इमलिया सुल्तानपुर थाने में केस दर्ज कराया। जांच में पुलिस ने थानाक्षेत्र के कुरका निवासी पीड़िता के रिश्ते के चाचा नीलू पुत्र राम सागर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में नीलू ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने साथी उमेश शुक्ला के साथ मिलकर बच्ची से दरिंदगी की, फिर हत्या कर उसे नदी में फेंक दिया। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले में पुलिस की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किये गए। पाक्सो कोर्ट संख्या 14 के विशेष न्यायाधीश भगीरथ वर्मा ने नीलू पुत्र रामकुमार को दोषी करार देते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई, जबकि सह-अभियुक्त उमेश पुत्र चूरामणि शुक्ल को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से अधिवक्ता गोविंद मिश्रा ने पैरवी की।

# शशि प्रकाश का कार्यभार कम, दीपक कुमार का बढ़ा

### नौकरशाही में बदलाव

- पार्थ सारथी को बेसिक, माध्यमिक शिक्षा जबकि मुकेश मेश्राम संभालेंगे पशुपालन विभाग
- प्रमुख सचिव चिकित्सा-स्वास्थ्य अमित घोष, अमृत अभिजात को संस्कृति- पर्यटन की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने गुरुवार को 14 आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया है। इनमें से कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के प्रभार में जहां कटौती की गई, वहीं कुछ का प्रभार बढ़ा दिया गया है। फेरबदल के इस क्रम में मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल को मिले लगभग सभी विभाग फिलहाल मुख्य सचिव का कार्यभार देख रहे एसीएस व कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंप दिए गए हैं।

कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार को अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के पद से अवमुक्त कर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अध्यक्ष, पिकप, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा, एसीएस, नागरिक उडडयन एवं समन्वय विभाग तथा परियोजना निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य रहे पार्थसारथी सेनशर्मा को को प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। अमित कुमार घोष अब प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग होंगे। इसी तरह प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम अब प्रमुख सचिव पशुपालन, दुग्ध विकास एवं मत्स्य विभाग का पदभार संभालेंगे। जबकि प्रमुख सचिव नगर विकास रहे अमृत अभिजात प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। संजय प्रसाद को प्रमुख सचिव नागरिक उड्डयन विभाग के पद से अवमुक्त कर दिया गया है। अजय चौहान को वर्तमान पद के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, आलोक कुमार तृतीय को प्रमुख सचिव यूपी पुनर्गठन समन्वय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण एवं सामान्य प्रशासन विभाग व निदेशक हिंदी संस्थान के पद से अवमुक्त कर नोडल अधिकारी, जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश अभियान के पद का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

पी. गुरुप्रसाद को प्रमुख सचिव नगर विकास, मनीष चौहान को प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन और निदेशक हिंदी संस्थान की जिम्मेदारी दी गई है। रणवीर प्रसाद को प्रमुख सचिव राजस्व विभाग के पद का अतिरिक्त प्रभार मिला है। आईएएस अनामिका सिंह को आयुक्त खाद्य एवं रसद व भूपेंद्र एस चौधरी को मंडलायुक्त बरेली की जिम्मेदारी दी गई है।

## सरकार तैयार

औद्योगिक विकास विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने कहा- नवंबर में आयोजित होगा जीबीसी@5

# 5 लाख करोड़ के निवेश से बदलेगा यूपी का औद्योगिक नक्शा

- साढ़े आठ वर्षों में जमीन पर उतरे 15 लाख करोड़ के निवेश, 60 लाख को मिला रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश अब किसी भी कीमत पर उद्योग और रोजगार की दौड़ में पीछे नहीं रहेगा। एलान किया कि नवंबर में पांचवां ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी@5) आयोजित होगा, जिसमें 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी। दावा किया कि बीते साढ़े आठ वर्षों में प्रदेश ने 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारा है और 60 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दिया है।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। योगी ने निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टलों को और सरल बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी निवेशक को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ने चाहिए। चेताया कि औद्योगिक इकाइयों को आवंटित भूमि तीन साल में उपयोग में नहीं लाई गई, तो उसे रद्द कर दूसरी इकाई को दिया जाएगा। बताया कि वर्ष 2025-26 तक विनिर्माण क्षेत्र का पांच लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए फैक्ट्री अधिनियम के तहत 8,000 नई व विद्यमान इकाइयों का पंजीकरण होना है, जिनमें से 1,354 इकाइयों का पंजीकरण हो चुका है। योगी ने श्रम सुधार और अनुपयोगी भूखंडों को सक्रिय करने की गति तेज करने पर जोर दिया।

### भूमि अधिग्रहण में किसानों का हित सर्वोपरि

मुख्यमंत्री ने बैठक में औद्योगिक प्राधिकरणों को दो टूक कहा कि भूमि अधिग्रहण संवाद और समन्वय से होना चाहिए। भूमि किसी भी किसान की जीवन भर की पूंजी है। उसका शोषण कतई बर्दाश्त नहीं होगा। यदि अधिग्रहण जरूरी है, तो मुआवजा दर बढ़ाकर किसानों को संतुष्ट करें। कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों की नाराजगी किसी भी विकास परियोजना को ठप कर सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा या यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक आधुनिक फिनटेक हब विकसित किया जाएगा, जहां बड़े बैंकिंग संस्थानों के दफ्तर होंगे। उन्होंने जोर दिया कि यूपी को इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी उत्पादों के निर्यात का हब बनाना है।

### विकसित होगा रोजगार का नया मॉडल

बैठक में मुख्यमंत्री ने हर जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार ज़ोन विकसित करने की कार्ययोजना पर मंथन किया। उन्होंने कहा कि कम से कम 100 एकड़ में बनने वाले ये रोजगार ज़ोन उद्योग, निवेश, नवाचार, कौशल और उद्यमिता का नया मॉडल होंगे और पूरे देश के लिए मिसाल पेश करेंगे।

### योगी सरकार की उपलब्धियां

- अब तक 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी
- 15 लाख करोड़ निवेश प्रस्ताव धरातल पर
- 60 लाख से अधिक को मिला रोजगार

### जीबीसी@5 और आगे का रोडमैप

- नवंबर में जीबीसी@5, 5 लाख करोड़ रुपये निवेश
- हर जिले में सरदार पटेल रोजगार ज़ोन
- नोएडा क्षेत्र में फिनटेक हब
- 22 से जीएसटी सुधार लागू
- 2025-26 तक विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख करोड़ का जीवीए लक्ष्य

## मैं भारत-मोदी के बहुत करीब हूं: ट्रंप

**लंदन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के बहुत करीब हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध काफी मजबूत हैं।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर के आवास चेकर्स पर उनके साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि मोदी के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं और उन्होंने उन्हें (मोदी को) उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी योजना के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में ट्रंप ने कहा कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेकिन मैंने उन पर प्रतिबंध लगाए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी के जीवन पर लगाई गई प्रदर्शनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत जिला सूचना विभाग की ओर से तिकोनिया पार्क में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद प्रवीन कुमार अग्रवाल, जिलाध्यक्ष सुभासपा विनीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी ने प्रधानमंत्री के जीवन पर लगायी गयी प्रदर्शनी को देखा।

### स्पेशल किट बनी बाढ़ पीड़ितों का संबल

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लखीमपुर खीरी जिला प्रशासन ने आपदा राहत में जनसहभागिता की मिसाल पेश की है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर कॉरपोरेट सेक्टर, उद्यमियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 5 हजार सीएसआर स्पेशल किट तैयार कर बाढ़ पीड़ितों को वितरित की जा रही हैं। करीब 45 लाख रुपये की लागत से बनी इन किटों में मच्छरदानी, छाता, बैटरी-टॉर्च, सेनेटरी पैड और गर्म पानी का थर्मस शामिल है। एक किट की कीमत लगभग 900 रुपये है।

### फार्मा और बायोटेक क्षेत्र में हुआ एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग, उप्र. प्रोमोट फार्मा काउंसिल और राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), रायबरेली के मध्य यह एमओयू (समझौता) हुआ है, इससे प्रदेश में दवाओं और मेडिकल उपकरणों के निर्माण, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्रों में लाभ मिलेगा। प्रमुख सचिव, गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी), तीनों संस्थाओं के आपसी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों का दाखिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन करने को अधिक मौका मिलेगा। फ्री और अनिवार्य बाल शिक्षा (आरटीई) अधिनियम के तहत सभी निजी विद्यालयों की कक्षा एक और पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं की कुल सीटों में 25 प्रतिशत सीटे गरीब बच्चों के लिए सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं। मालूम हो कि पिछले वर्ष बहराइच, चित्रकूट, महोबा, कन्नौज और श्रावस्ती जैसे जिलों में आवेदन बेहद कम आए थे।

### भाजपा सरकार में बिना कमीशन कार्य नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा



सरकार में कोई कार्य बिना कमीशन के नहीं हो रहा है। जल जीवन मिशन से लेकर सड़कों के निर्माण तक में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी दिखाई दे रही है। हजारों करोड़ के बजट का बंदरबांट हो गया लेकिन सड़कों के गड्ढे जस के तस बने हैं। सपा प्रमुख ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में किसानों को योजनाबद्ध तरीके से बर्बाद किया जा रहा है।

# 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने इस साल 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा है। वहीं, बीते साल यहां से इजराइल भेजे गए श्रमिकों ने उत्तर प्रदेश को लगभग 1400 करोड़ रुपये का रेमिटेंस भेजा है। इस बीच भविष्य में रोजगार के अवसरों की पहचान को लेकर कोई ठोस योजना बनाने से पहले जल्द ही फिक्की, एसोचैम और सीआईआई जैसे उद्योग संघों के साथ मंथन बैठक सरकार के प्रतिनिधि करेंगे।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन तथा सचिव राज्य संचालन समिति एम.के. शन्मुगा सुन्दरम् के मुताबिक, राज्य सरकार ने युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मिशन का गठन किया है। पिछले वर्ष मिशन के माध्यम से 5978 निर्माण श्रमिकों को इज़राइल भेजा गया, जिससे प्रदेश को लगभग 1400 करोड़ रुपये का रेमिटेंस प्राप्त हुआ। इस वर्ष 25 हजार युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने, देश के निजी क्षेत्र में 3 लाख अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने और 4 लाख अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसलिंग करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# एक अक्टूबर से शुरू होगी 'मोटे अनाज' की खरीद

## 31 दिसंबर तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पंजीकृत किसानों से होगी खरीद, भुगतान सीधे बैंक खाते में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** डबल इंजन सरकार किसानों को श्रीअन्न (मोटे अनाज) की खेती से जोड़ने के लिए नई व्यवस्था लागू कर रही है। वर्ष 2025-26 के लिए मक्का, बाजरा और ज्वार की सरकारी खरीद पहली अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की जाएगी। इसके लिए किसानों का पंजीकरण और नवीनीकरण जारी है। खाद्य व रसद विभाग के अनुसार पंजीकरण fcs.up.gov.in अथवा यूपी किसान मित्र ऐप पर अनिवार्य है।

पंजीकृत किसानों से ही खरीद होगी। भुगतान सीधे आधार-लिंक्ड बैंक खातों में जाएगा। बिचौलियों को रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए खरीद केंद्रों पर ई-पॉप मशीन से बायोमीट्रिक सत्यापन अनिवार्य रहेगा। किसी समस्या के लिए किसान टोल-फ्री नंबर 18001800150 पर मदद ले सकते हैं। साथ ही वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी और विपणन निरीक्षकों से भी संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि श्रीअन्न की खेती न केवल किसानों की आय बढ़ाने का साधन है, बल्कि पोषण सुरक्षा और जलवायु अनुकूल कृषि को भी बढ़ावा देती है। सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक किसान मक्का, बाजरा और ज्वार की खेती से जुड़ें और न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ लें।



### न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी

मक्का : 2400/कुंतल
बाजरा : 2775/कुंतल
ज्वार (हाइब्रिड) : 3699/कुंतल
ज्वार (मालवांडी) : 3749/कुंतल

### कहां-कहां होगी खरीद

**मक्का :** बदायूं, बुलंदशहर, हरदोई, उन्नाव, मैनपुरी, आगरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, औरैया, इटावा, बहराइच, गोंडा, बलिया, जौनपुर, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र, देवरिया व ललितपुर।

**बाजरा :** बदायूं, बुलंदशहर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, मैनपुरी, अलीगढ़, कासगंज, हाथरस, एटा, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, रामपुर, अमरोहा, कानपुर नगर-देहात, फर्रुखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, जालौन, हमीरपुर, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, मीरजापुर, बलिया, हरदोई व उन्नाव।

**ज्वार :** बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन।

# नवरात्र से कीजिए नई एसी बसों में सफर

## परिवहन निगम के बेड़े में दो कैटेगरी की अत्याधुनिक तकनीक से लैस 200 बसों को किया जा रहा शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रदेशवासियों को नवरात्र पर्व पर वातानुकूलित सेवाओं का उपहार देने जा रहा है। निगम अपने बेड़े में 200 नई एसी बसों को शामिल कर इनका संचालन शुरू करने जा रहा है। इसके लिए दो कैटेगरी की बसों को इस बेड़े में शामिल किया जा रहा है।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि ये सभी बसें अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। इन बसों की विशेषता यह है कि इनमें 2×2 सीटर आरामदायक रीक्लाइन सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। जिससे यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में भी पूर्ण सुविधा और आराम मिले और उन्हें सफर में थकान न महसूस हो। इसका रूट प्लान जल्द जारी होगा। डिपो को आवंटित किए जाने के बाद प्रदेश की विभिन्न सड़कों पर यह लक्जरी बसें दौड़ती नजर आएंगी।



बेड़े में शामिल होने वाली एसी बसों को दिखाते परिवहन निगम के अधिकारी। अमृत विचार

### 2×3 सीटर की 72 बसें भी आएंगी

परिवहन निगम के प्रवक्ता अमरनाथ सहाय ने बताया कि 200 टू-बाई-टू बसों के अलावा करीब 72 बसें टू-बाई-थ्री सीटर भी आने वाली हैं। जहां टू-बाई-टू बसों का मतलब दोनों ओर यात्रियों के लिए दो-दो सीटें वहीं टू-बाई-थ्री में एक ओर तीन सीट और दूसरी ओर दो सीटों की व्यवस्था यात्रियों के लिए होती है। दो सौ बसें 44 सीटर और शेष 50 सीटर वातानुकूलित हैं। आने के बाद इन्हें भी बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।



आरामदायक सीटों से लैस बस। अमृत विचार

### वर्ष 2022 से 5,000 से अधिक बसें शामिल

मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि 2022 से अब तक 5,000 से अधिक बसें उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में शामिल हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम का बेड़ा वर्तमान में देश की सबसे युवा फ्लीट बन चुका है। परिवहन मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# घोटाले के आरोपी अफसरों की संपत्तियां की गईं कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवर्तन निदेशालय ने पीएमएलए के तहत की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की इलाहाबाद जोन की टीम ने भगवती प्रसाद वर्मा और अतहर परवेज की संपत्तियों को कुर्क किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए की विशेष अदालत के आदेश पर की गई। दोनों के खिलाफ 24 अप्रैल को अभियोजन शिकायत दायर की थी। जिसका संज्ञान अदालत ने 9 सितंबर को लिया।

प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) ने एसीबी, सीबीआई लखनऊ द्वारा भ्रष्टाचार निवासी अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। मामला 2007-10 के दौरान सात जिलों बलरामपुर, गोंडा, महोबा, सोनभद्र, संत कबीर नगर, मिर्जापुर और कुशीनगर में आधिकारिक पद के दुरुपयोग, आपराधिक साजिश और मनरेगा फंड के दुरुपयोग से जुड़ा है। ईडी की जांच में सामने आया कि भगवती प्रसाद वर्मा तत्कालीन परियोजना निदेशक (डीआरडीए) और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, मनरेगा और अतहर परवेज ने अन्य अधिकारियों व निजी आपूर्तिकर्ताओं से मिलकर संयुक्त समिति पंचायत उद्योग, चिनहट, लखनऊ और पंचायत उद्योग, झंझरी, गोंडा जैसी फर्मों से जॉब कार्ड, शिकायत पेटी, रजिस्टर, जनरेटर, टेंट, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी की टंकी, साइनबोर्ड और मुद्रण सामग्री की अत्यधिक दरों पर खरीदारी की। जिससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान हुआ। घोटाले की पुष्टि हुई। इसके बाद 29 नवंबर 2023 को अंतिम कुर्की आदेश के तहत लखीमपुर और कानपुर में स्थित 97.18 लाख रुपये की 9 संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

# पहाड़ों पर बारिश से पूर्वांचल की नदियां उफान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश का प्रभाव पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिखाई दे रहा है। पहाड़ों पर हो रही बारिश से खासकर गोरखपुर में बहने वाली नदियों का रौद्र रूप नजर आ रहा है।

दरअसल, पूर्वी उप्र. के तराई इलाकों में भी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इस कड़ी में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, राप्ती केवल 82 सेंटीमीटर और रोहिन नदी खतरे के निशान से मात्र 4 सेंटीमीटर नीचे बह रही हैं। राप्ती-रोहिन और घाघरा नदी के उफान पर होने के कारण इन नदियों के किनारे बसे गांवों पर बाढ़ का खतरा है।

### पांच दिनों में थमेगा भारी बारिश का सिलसिला

**लखनऊ :** मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों में भारी बारिश का सिलसिला थमेगा। इसके बाद प्रदेशवासियों को पुन: गर्मी और उमस का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच 19 सितंबर को पश्चिमी उप्र. के कुछ इलाकों और पूर्वी राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है।

# वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक की दो संपत्तियां होंगी कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीबीआई अदालत में चल रहा आय से अधिक संपत्ति का मामला

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक के खिलाफ सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई चल रही है। न्यायाधीश ने आय से अधिक संपत्ति मामले में बुधवार को वरिष्ठ पासपोर्ट अधीक्षक की दो संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया। पासपोर्ट अधीक्षक गाजियाबाद में तैनात थे। वर्तमान में मुंबई में तैनात हैं।

सीबीआई ने 24 मार्च को मामला दर्ज किया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि अधिकारी ने 30 जुलाई, 2018 से 30 सितंबर, 2024 तक की जांच अवधि के दौरान 85.06 लाख रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की। जो उनकी ज्ञात आय का लगभग 146.43% है। उनके आवास की तलाशी में लगभग 60 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी, उच्च-मूल्य के खर्चों के रिकॉर्ड और अचल संपत्तियों में निवेश का विवरण मिला। जांच से पता चला कि आरोपी ने जांच अवधि के दौरान राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद में एक आवासीय फ्लैट और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक व्यावसायिक दुकान खरीदी थी।

सीबीआई के आवेदन पर अदालत ने दोनों संपत्तियों की अंतरिम कुर्की का आदेश जारी कर दिया।

# नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य तय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने बूथ कमेटियों व शक्ति केंद्रों को सौंपी जिम्मेदारी, संगठन महामंत्री ने प्रयागराज में कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**अमृत विचार :** भाजपा ने बूथ कमेटियों व शक्ति केंद्रों को नए मतदाता बनाने के साथ मृतक व बाहर रहने वालों का नाम मतदाता सूची से हटाने का लक्ष्य सौंपा है। इसके लिए घर-घर जाकर नए युवा मतदाताओं की पहचान से लेकर उनका फार्म भराने का अभियान चलेगा। भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह इसी अभियान को लेकर गुरुवार को प्रयागराज में थे।

भाजपा का फोकस वर्ष 2022 के विधान सभा चुनाव में कम अंतर से हारी 53 सीटों में 15 ऐसी सीटों पर सबसे अधिक है, जहां एक हजार से कम मतों से जीत-हार हुई थी। हालांकि सभी सीटों पर पांच से सात हजार भाजपा समर्पित नए मतदाता पंजीकृत कराने की रणनीति बनाई गई है। जल्द ही पार्टी इसका अभियान शुरू करेगी। भाजपा इस अभियान के जरिए एक ओर जहां युवाओं और पहली बार वोट डालने वालों तक पहुंच बनाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर उन वर्गों को भी जोड़ने की कोशिश होगी जो अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। भाजपा अपनी युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जरिए कालेजों और विश्वविद्यालयों में विशेष शिविर लगाकर युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने की योजना बनाई है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान की घोषणा होते ही पार्टी इसमें जुट जाएगी। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को प्रयागराज में कहा कि शक्ति केन्द्र की मजबूत संरचना ही निश्चित विजय का फार्मूला है।

# जीएसटी सुधार अभियान शुरू भाजपा नेताओं ने बदली डीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को 'नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म' अभियान की शुरुआत की। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने जीएसटी रिफार्म का स्टिकर लांच कर अपनी व्हाट्सएप डीपी बदली।

अभियान संयोजक, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने बताया कि जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कमी की गई है। इसी क्रम में प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला पंचायतों, नगर निगमों और विकास खंडों में धन्यवाद प्रस्ताव पारित होंगे, प्रत्येक शक्ति केंद्र पर होर्डिंग लगाई जाएंगी। प्रमुख बाजारों में दुकानों पर स्टिकर लगाने, लाभार्थियों के वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर डीपी बदलवाने का कार्यक्रम तय है।



व्हाट्सएप डीपी दिखाते भूपेंद्र चौधरी।

# 16 आईपीएस अफसरों के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जय प्रकाश सिंह को उन्नाव व अशोक कुमार मीना को हरदोई का एसपी बनाया गया

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने गुरुवार को 10 जिलों के कप्तान समेत 16 आईपीएस का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें देवरिया, कुशीनगर और आजमगढ़ जिले के कप्तान पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार, एसपी सुरक्षा जय प्रकाश सिंह को उन्नाव का एसपी बनाया गया। वहां तैनात दीपक भूकर को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन को देवरिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, हरदोई के एसपी नीरज कुमार जादौन को एसएसपी बनाया गया है। वहीं, एसपी सोनभद्र अशोक कुमार मीना को हरदोई भेजा गया है। एसपी रेलवे आगरा अभिषेक वर्मा को सोनभद्र, एसपी प्रतापगढ़ डॉ. अनिल कुमार-2 को एसएसपी आजमगढ़, अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार को कुशीनगर, औरैया के एसपी अभिजीत आर शंकर को अंबेडकरनगर, प्रयागराज कमिश्नरेट के डीसीपी अभिषेक भारती को औरैया का एसपी बनाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के एसएसपी हेमराज मीना, एसपी कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा और एसपी देवरिया विक्रांत वीर को पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया। प्रयागराज 4वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक मनीष कुमार शांडिल्य को प्रयागराज कमिश्नरेट में डीसीपी बनाया गया। एसपी बलिया अनिल कुमार झा को एसपी रेलवे आगरा और पीएसी 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में तैनात सर्वेश कुमार मिश्रा को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज का सेनानायक बनाया गया है।

# बाल श्रम के खिलाफ होगी ठोस कानूनी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाल श्रम उन्मूलन के लिए राज्य कार्य योजना के तहत सरकार बाल श्रम में लगे बच्चों की पहचान करने और उन्हें बचाने के प्रयासों को तेज करेगी और बाल श्रमिकों के नियोक्ताओं के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई शुरू करेगी। कार्यशाला का आयोजन बाल श्रम से सम्बंधित मंडल व जिला स्तर के रुझानों को समझने और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों और कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया था है।

लखनऊ के मुख्य विकास अधिकारी, अजय जैन के नेतृत्व श्रम विभाग द्वारा में यूनिसेफ के सहयोग से मंडलीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को लखनऊ में किया गया। अजय जैन ने जिले में प्रायोजन (स्पान्सर्शिप) योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व विधवा पेंशन जैसी विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बेहतर कवरेज के माध्यम से बाल श्रम के उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के दौरान उत्तर प्रदेश के यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ, सैयद मंसूर कादरी ने स्कूल न जाने वाले बच्चों और प्रवासी बच्चों की मजबूत जानकारी और डेटा प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला में लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, खीरी, उन्नाव, व रायबरेली के शिक्षा, महिला कल्याण, श्रम, पुलिस, कौशल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, ग्रामीण विकास, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाइयों (डीसीपीयू), बाल हेल्पलाइन (सीएचएल) और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (एएचटीयू) के सदस्यों ने भाग लिया।



बाल श्रम उन्मूलन को लेकर आयोजित मंडलीय कार्यशाला में उपस्थित अधिकारी व अन्य। अमृत विचार

- बाल श्रम उन्मूलन पर मंडलीय कार्यशाला आयोजित

सलाह | विधानसभा अध्यक्ष ने लोक लेखा समिति की बैठक को किया संबोधित

# अनुभवी सदस्यों से सीख लें नए सदस्य : महाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गुरुवार को लोक लेखा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि समिति में सभी अनुभवी विधायक शामिल हैं, जिनकी कार्यक्षमता का उपयोग जनता और लोकतंत्र की मजबूती के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सबको जनहित के विषयों पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए। लोक लेखा समिति में जो सदस्य पहली बार शामिल हुए हैं, वे वरिष्ठ और अनुभवी सदस्यों से सीख लेकर समिति की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएं।

विधानसभा अध्यक्ष के मुताबिक, लोकतांत्रिक व्यवस्था संविधान के प्रति जवाबदेही पर आधारित है और सरकार जनता के करों से संचालित होती है। अतः जनप्रतिनिधियों की सीधी जिम्मेदारी है कि करदाता, विशेषकर गरीब जनता के धन का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

महाना ने लोक लेखा समिति की उद्घाटन बैठक के दौरान कहा कि लोक लेखा समिति का महत्व इसलिए और अधिक है, क्योंकि वित्तीय अनुशासन के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं है।

वरिष्ठ विधायक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि विभिन्न विधानसभाओं में जाने पर उप्र. विधानसभा और उसकी गरिमा की चर्चा सर्वत्र देखने को मिलती है। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि जिस प्रकार सतीश महाना ने औद्योगिक विकास मंत्री के रूप में उल्लेखनीय बदलाव किए, उसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने विधानसभा और समितियों की गरिमा को नई दिशा प्रदान की है। लोक लेखा समिति की इस उद्घाटन बैठक में लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे।



लोक लेखा समिति के सदस्यों के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

## जाम से करेंगे सबका स्वागत...




लखनऊ की अयोध्या रोड कमता चौराहे पर ट्रैफिक जाम से लोगों को आए–दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी में बाराबंकी व अयोध्या से बाहरी वाहनों का प्रवेश और ऑटो के चलते लंबा जाम लग जाता है। राहगीरों का कहना है कि पुल की साइड लाइन व चौराहे के बीचों–बीच सड़क पर जाम की वजह से घंटों फंसे रहते हैं। इस कारण कई काम अटक जाते हैं। कार्यालयों के लिए भी देरी हो जाती है। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने में पुलिस भी लापरवाही बरतती है। यातायात पुलिस से अपील है कि इस जाम से मुक्ति दिलाए। **फोटो – शुभंकर चक्रवर्ती।**

# मालेगांव विस्फोट मामला : एनआईए सहित सात बरी लोगों को नोटिस जारी

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई उच्च न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ितों के परिजनों द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए बरी किए सात लोगों को गुरुवार को नोटिस जारी किए। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने अभियोजन पक्ष- राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और महाराष्ट्र सरकार को भी नोटिस जारी किए और अपील पर अगली सुनवाई के लिए छह सप्ताह बाद की तारीख तय की।

उच्च न्यायालय मालेगांव विस्फोट में मारे गए छह लोगों के परिजनों द्वारा आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है। इस अपील में भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और



● मुंबई उच्च न्यायालय ने मारे गए छह लोगों के परिजनों की दायर अपील पर सुनवाई की

लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित मामले के सात आरोपियों को बरी करने के विशेष अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है। पिछले हफ्ते दायर अपील में दावा किया गया था कि दोषपूर्ण जांच या जांच में कुछ खामियां आरोपियों को बरी करने का आधार नहीं हो सकतीं। इसमें यह भी तर्क दिया गया था कि (विस्फोट की) साजिश गुप्त रूप से रची गई थी और इसलिए इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं हो सकता। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि 31 जुलाई को विशेष एनआईए अदालत द्वारा सात आरोपियों को बरी करने का आदेश गलत और कानूनी रूप से अनुचित था और इसलिए इसे रद्द किया जाना चाहिए।

महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई से 200 किमी दूर मालेगांव शहर में मस्जिद के पास 29 सितंबर, 2008 को बाइक पर बंधे उपकरण में विस्फोट हुआ, जिसमें छह लोगों की मौत हुई और 101 घायल हो गए थे। अपील में कहा गया कि निचली अदालत को आपराधिक मुकदमे में डाकिया या मूकदर्शक की भूमिका नहीं निभानी चाहिए। जब अभियोजन पक्ष तथ्य उजागर करने में विफल रहता है, तो निचली अदालत सवाल पूछ सकती है और गवाहों को तलब कर सकती है।

# आवास का आवंटन मनमर्जी से नहीं हो सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की याचिका पर गुरुवार को कहा कि आवास का आवंटन पूरी तरह से अधिकारियों की इच्छा पर आधारित नहीं हो सकता। आप की याचिका में केंद्र को दिल्ली में केजरीवाल को आवास आवंटित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव और संपदा निदेशालय के निदेशक को 25 सितंबर को इस मामले में ऑनलाइन तरीके से पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने पूछा कि क्या इसके लिए कोई प्रक्रिया है? मैं देखना चाहता हूं कि अतीत में इस प्रक्रिया को कैसे लागू किया गया है, प्राथमिकता को कैसे ध्यान में रखा जाता है, आवंटन का क्रम क्या है? मान लीजिए बंगलों की संख्या सीमित है, तो आप कैसे निर्णय लेंगे? न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक पारदर्शी व्यवस्था होनी चाहिए और यह मर्जी पर निर्भर नहीं हो सकती।

# मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं

## भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण मामले में सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के बाद सीजेआई ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने भगवान विष्णु की मूर्ति के पुनर्निर्माण के मामले में अपनी टिप्पणियों की सोशल मीडिया पर हुई आलोचना के मद्देनजर गुरुवार को कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी ने बताया कि मैंने जो टिप्पणियां की थीं, इन्हें सोशल मीडिया पर गलत ढंग से चित्रित किया गया है।

उच्चतम न्यायालय ने यूनेस्को की विश्व विरासतों में शुमार मध्य प्रदेश में स्थित खजुराहो मंदिर के परिसर में मौजूद जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची मूर्ति को पुनः स्थापित करने के अनुरोध से जुड़ी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी थी। सीजेआई ने कहा था कि यह पूरी तरह से प्रचार पाने के लिए दायर याचिका है... जाकर स्वयं भगवान से



● प्रधान न्यायाधीश गवई बोले- मेरी टिप्पणियां सोशल मीडिया पर गलत ढंग से की गईं चित्रित

कुछ करने के लिए कहिए। अगर आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रति गहरी आस्था रखते हैं, तो प्रार्थना करें और थोड़ा ध्यान लगाएं। इस बीच, अगर आप चाहें तो वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा शिवलिंग है, जो खजुराहो में सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है।

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन ने राकेश दलाल नामक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया था, जिसमें छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा कराने का अनुरोध किया गया था। सीजेआई की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर कई आलोचनात्मक पोस्ट सामने आईं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं 10 वर्षों से सीजेआई को जानता हूं। हम न्यूटन का नियम पढ़ते थे - हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। अब सोशल मीडिया के आने के साथ, हमारे पास एक नया नियम है- हर क्रिया की एक गलत और असंगत सोशल मीडिया प्रतिक्रिया होती है।

### हिंदू धर्म का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणियों से बचें


**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने गुरुवार को खजुराहो में भगवान विष्णु की मूर्ति फिर से स्थापित करने की मांग संबंधी याचिका पर सीजेआई गवई की टिप्पणी की यह कहते हुए आलोचना की कि बेहतर रहेगा कि हिंदू धर्म की मान्यताओं का मजाक उड़ाने वाली ऐसी टिप्पणियों से बचा जाए। विहिप के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हमें लगता है कि प्रधान न्यायाधीश की मौखिक टिप्पणी से हिंदू धर्म की मान्यताओं का माखौल उड़ा है। ऐसी टिप्पणियों से बचना बेहतर होगा। अदालतें न्याय के मंदिर हैं जिन पर भारतीय समाज की आस्था और विश्वास है। कुमार ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि यह विश्वास न केवल बरकरार रहे, बल्कि और भी मज़बूत हो। खासकर अदालत के अंदर अपनी टिप्पणियों में संयम बरतना भी हमारा कर्तव्य है। यह जिम्मेदारी वादियों, वकीलों और न्यायाधीशों के लिए समान है।

# विपक्षी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो घुसपैठ होगी: अमित शाह

**डेहरी ऑन सोन (बिहार), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिहार में भाजपा कार्यकर्ताओं से विपक्षी गठबंधन के वोट चोरी संबंधी झूठे विमर्श का पर्दाफाश करने को कहा और लोगों को आगाह किया कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आया तो राज्य घुसपैठियों से भर जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री विधानसभा चुनाव से पहले पटना से 50 किमी दूर कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं कि इसका उद्देश्य बांग्लादेशी घुसपैठियों की रक्षा करना था। आपको राज्य के हर घर में जाए और लोगों को बताए कि यदि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आ गए तो



● शाह ने विस चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

बिहार का हर जिला घुसपैठियों से भर जाएगा। उन्होंने गांधी के वोट चोरी के आरोप को भी झूठा विमर्श करार दिया और कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पहले भी इसी तरह की रणनीति अपनाई थी जब उन्होंने आरोप लगाया था कि हम अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण खत्म करना चाहते हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ।

### राहुल गांधी घुसपैठिए प्रथम की राजनीति के पक्ष में : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ बार–बार लगाए आरोप लोकतंत्र में उनके विश्वास के अभाव को दर्शाते हैं। भाजपा ने उनपर अराजकता फैलाने तथा भारत में नेपाल और बांग्लादेश जैसी अशांति पैदा करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि घुसपैठिए प्रथम की राजनीति गांधी का एजेंडा है। कांग्रेस नेता एससी/एसटी और ओबीसी के हितों की बात कर रहे, लेकिन आयोग द्वारा कराई जा रही मतदाता सूची की समीक्षा का विरोध करके अवैध मतदाताओं को बचाने की उनकी कोशिश इनके हितों को नुकसान पहुंचाएगी।

# भारत नहीं लौटना चाहता चोकसी, प्रत्यर्पण का कर रहा है विरोध : ईडी

**मुंबई।** ईडी ने गुरुवार को यहां एक विशेष अदालत को बताया कि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी में फरार मुख्य आरोपी कारोबारी मेहुल चोकसी भारत नहीं लौटना चाहता है और वह बेल्जियम में प्रत्यर्पण कार्यवाही का विरोध कर रहा है। ईडी ने यह बयान चोकसी के उस अनुरोध का विरोध करते हुए दिया, जिसमें उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित करने की कार्यवाही बंद करने का अनुरोध किया गया था। उसके एफईओ के रूप में घोषित होने से भारतीय एजेंसियों को उसकी संपत्ति जब्त करने की अनुमति मिल जाएगी। यहां तक उसके विदेशों में भी मौजूद संपत्तियों को जब्त करने की अनुमति होगी। ईडी ने तर्क दिया कि आवेदन में एसा कुछ नहीं है जिसे मान लिया जाए और और इसे खारिज कर दिया जाना चाहिए।

# मेडिकल कोर्स में ट्रांसजेंडरों के आरक्षण पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों (मेडिकल कोर्स) में तृतीय लिंगी (ट्रांसजेंडर) प्रत्याशियों के लिए आरक्षण का अनुरोध करने वाली याचिका की सुनवाई गुरुवार को अगले सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह की इस दलील से सहमत नहीं थी कि अखिल भारतीय कोटे और राज्य कोटे के तहत दो-दो सीट तृतीय लिंग के लिए खाली रखी जाएं।

पीठ ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के वकील की दलील पर गौर किया, जिन्होंने कहा कि स्नातोकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग अभी शुरू नहीं हुई है। पीठ ने कहा कि इस तरह के आदेश के लिए तत्काल कोई आवश्यकता नहीं है। सीजेआई ने कहा कि हम हर जगह सीट को अधर में नहीं रख सकते। आप अखिल भारतीय कोटे में दो सीट और राज्य कोटे में दो सीट की बात कह रहे हैं। काउंसलिंग शुरू नहीं हुई है। हम इस मामले को अगले हफ्ते के लिए रखेंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर नए तरह के युद्ध की शुरुआत

**रांची, एजेंसी**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने एक 'नए प्रकार के युद्ध' की शुरुआत की है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि हमले के दौरान हर बार भारत ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध के विपरीत यह युद्ध भूमि, वायु, समुद्र और साइबर क्षेत्र में लड़ा गया।

शीर्ष सैन्य अधिकारी ने यह भी कहा कि ऑपरेशन के दौरान पहला हमला सीमा पार नागरिक हताहतों से बचने के लिए रात एक बजे किया गया। उन्होंने कहा, यह एक नए प्रकार का युद्ध था... अब तक हम जीत को क्षेत्र पर कब्जे, नष्ट किए गए उपकरणों की संख्या या पकड़े गए युद्धबंदियों या मारे गए सैनिकों की संख्या के आधार पर मानते थे... ये युद्ध लड़ने के पारंपरिक तरीकों से जुड़े थे। जनरल चौहान ने कहा, यहां जीत का एक पैमाना हमारे हमले की उच्च तकनीक थी जिसका प्रदर्शन वहां हुआ... रात के समय लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने हर बार पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया। अनिल चौहान ने स्कूली बच्चों के एक समूह से कहा कि मोबाइल स्क्रीन और डिजिटल दुनिया से आगे बढ़ें और उन स्थानों की साहसिक यात्रा पर निकलें, जिनकी गारंटी कोई भी धनराशि नहीं दे सकती।

### देश भाग्यशाली है कि उसे मोदी के रूप में नेता मिला: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश भाग्यशाली है कि उसे ऐसा 'दूरदर्शी नेता' मिला है जिसने न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक विरासत और गहन विचारों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया है, बल्कि पूरी मानवता के लिए अपनी आवाज भी उठाई है। वह राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'माई कंट्री फर्स्ट : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ नरेन्द्र मोदी' की स्क्रीनिंग के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूरा जीवन 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा के इर्द–गिर्द घूमता रहा है।

# अभिनेत्रियों, निर्माताओं को दी धोखाधड़ी की रकम

**मुंबई, एजेंसी।** लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में जांच का सामना कर रहे व्यवसायी राज कुंद्रा ने जांचकर्ताओं के समक्ष दावा किया है कि उन्होंने उस राशि का कुछ हिस्सा बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु और नेहा धूपिया तथा निर्माता एकता कपूर को पेशेवर मेहनताना के रूप में दिया था। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अधिकारी ने बताया कि कुंद्रा (50) ने इस हफ्ते की शुरुआत में मुंबई पुलिस की ईओडब्ल्यू के समक्ष दर्ज कराए गए बयान में धोखाधड़ी से हासिल कुछ रकम बिपाशा, नेहा और एकता को मेहनताना के रूप में देने का दावा किया। ईओडब्ल्यू 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले की जांच कर रहा है, जिसमें राज, उनकी पत्नी एवं बॉलीवुड अदाकारा शिल्पा शेट्टी सहित अन्य लोग आरोपी हैं। राज और शिल्पा अब बंद हो चुके होम शॉपिंग और ऑनलाइन रिटेल मंच बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक थे।




अमृत विचार लखनऊ, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025



**न्यूज ब्रीफ**

### डेयरी संचालक से नकदी व चेन लूटी

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी में एक डेयरी संचालक ने कार व बाइक सवार कुछ लोगों पर मारपीट व लूट का आरोप लगाया है। उसने एक युवक को नामजद करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। काकोरी के बहरू गांव निवासी अमन यादव के मुताबिक, बुधवार रात वह नईबस्ती निवासी दोस्त दीपू के साथ डाले में डेयरी का सामान भरकर दूसरे दुकान में शिफ्ट करने अमौसी जा रहा था। रास्ते में बबुरिया खेड़ा आउटर रिंग रोड अंडर पास के करीब कार व बाइक सवार बदमाशों ने घेर लिया। बदमाशों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। लोहे की रॉड से सिर फोड़ दिया। आरोप है कि बदमाशों ने जेब से 60 हजार 400, सोने की दो तोले की चेन लूट ली और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### किशोर लापता, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार, पीजीआई :** आशियाना इलाके में एक किशोर संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गया। छात्र की मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आशियाना के त्यागी विहार कॉलोनी बंगला बाजार निवासी गीतिका वर्मा के मुताबिक बुधवार सुबह उनका 15 वर्षीय बेटा आदित्य राजन बिना बताए चला गया। मोबाइल फोन बंद है। उन्होंने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

### चालक का सिर फोड़ा आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा इलाके में सवारी बैठाने को लेकर एक ऑटो चालक ने भाइयों के साथ मिलकर दूसरे आटो चालक का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आटो चालक सलामु के मुताबिक बुधवार रात लगभग एक बजे आगरा एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट पर खड़े होकर सवारियों का इंतजार कर रहा था। तभी सवारी बिठाने को लेकर आसिफ से विवाद हो गया। विवाद के बाद आसिफ ने अपने दो भाइयों के साथ मिलकर डंडे से वार कर सिर फोड़ दिया।

### पर्वों पर सक्रिय हो जाते हैं साइबर जालसाज

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** पर्वों को लेकर गुरुवार को कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसीपी रजनीश वर्मा ने कहा कि त्योहारों में साइबर अपराधी अधिक सक्रिय हो जाते हैं। हाल ही में क्षेत्र में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। 11 साल के छात्र ने ऑनलाइन गेमिंग की लत में अपने पिता के बैंक खाते से करीब 13 लाख रुपये खर्च कर दिए। यह घटना अभिभावकों के लिए एक बड़ा सबक है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह बच्चों को मोबाइल और इंटरनेट की लत से बचाएं।

# 17 वर्ष से भूखंड पर कब्जे के लिए दिल्ली से लगा रहे चक्कर

## एलडीए की जनता अदालत में पीड़ित ने की शिकायत, गोमती नगर विस्तार में भूखंड खरीदकर वर्ष 2008 में कराई थी रजिस्ट्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


जनता अदालत में लोगों की समस्या सुनते लविप्रा उपाध्यक्ष प्राथमेश कुमार व अन्य अधिकारी।

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरुवार को लगी जनता अदालत में दिल्ली वेस्ट पटेल नगर से आए चंद्रेश खन्ना ने 17 वर्ष से भूखंड पर कब्जा न मिलने की शिकायत उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार से की। बराबर दिल्ली से एलडीए के चक्कर लगाने की बात कही। लेकिन, मामला सुप्रीम कोर्ट में होने की वजह से समाधान नहीं हो सका।

चंद्रेश ने बताया कि उनकी माता ज्योति ने वर्ष 2003 में गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 में 4/251 भूखंड खरीदा था। इसकी रजिस्ट्री वर्ष 2008 में कराई, लेकिन भूखंड पर कब्जा अब तक नहीं मिला है। कभी उनकी माता तो कभी वह दिल्ली बराबर आ रहे हैं। करीब 25 आवंटी इसी तरह परेशान हैं। इस बार अफसरों ने जमीन विवादित होने की वजह से मामला सुप्रीम कोर्ट में होने की बात कही है। दरअसल, एलडीए ने मुआवजा देकर योजना के लिए जमीन अर्जित करके भूखंड नियोजित करके बेचे थे। जबकि एक व्यक्ति ने जमीन निजी बताकर कोर्ट में वाद दायर किया था।

वहीं, भाजपा के संयोजक संजय केसरवानी ने ऐशबाग स्थित रामनगर कॉलोनी के भूखंडों पर अवैध कब्जे का मुद्दा फिर से उठाया। बताया कि 22 वर्ष से मूल आवंटियों को कब्जा नहीं मिला है। पिछले माह जनता अदालत में मंडलायुक्त ने सर्वे करके कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन कार्रवाई हुई। नागरिक सेवा समिति की अध्यक्ष डॉ. अंजू वार्ष्णेय ने नेहरू इंक्लेव में अवैध पार्किंग, फुटपाथ व सड़क पर अवैध व्यवसाय व आवासीय क्षेत्र में प्लास्टिक फैक्टरी का संचालन बंद कराने की शिकायत की। कुल 38 शिकायतों में नौ का निस्तारण मौके पर हुआ।

### फर्जी रजिस्ट्री की रिपोर्ट दर्ज नहीं


दयाशंकर

अलीगंज निवासी दुर्गा शंकर गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2000 में विश्वास खंड में भूखंड खरीदा था। इसकी वर्ष 2004 में फर्जी तरह से रजिस्ट्री रिस्तेदार ने अपने नाम करा ली। मंडलायुक्त ने छह माह पहले एफआईआर के निर्देश दिए थे। लेकिन, नहीं दर्ज की गई।

### छह से सात लाख का नुकसान


आरके श्रीवास्तव

इंदिरा नगर निवासी आरके श्रीवास्तव ने बताया कि एलडीए से केकेसी स्थित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में डिस्पले का काम लिया था। उन्होंने लोहे से ढांचा आदि कार्य कराए। जोकि स्थल से काटकर कार्यदायी संस्था को दे दिया। इससे उनका छह से सात लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

### घरों में टपकता पानी, शौचालय में छाता लगाकर बैठते


हरपाल सिंह

गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-4 स्थित सहज आवास अपार्टमेंट के आवंटियों ने बिल्डिंग जर्जर बताकर खतरे की आशंका जताई। जनता अदालत में पहुंचे हरपाल सिंह ने बताया कि उनके ब्लॉक में 16 फ्लैट हैं। जिनमें पानी की टंकी वर्षों से टूटी है, इससे दिनभर पानी टपकता है। टंकी नीचे बने शौचालय में छाता लेकर बैठना पड़ता है। सभी घरों में सीलन है। अपार्टमेंट की दीवार गिरा दी गई, नाली क्षतिग्रस्त है। बिजली का खंभा भी गिर गया है। अस्थाई रूप से लगा खंभा तिरछा होने की वजह से कभी भी गिर सकता है। न ही हैंडपंप है न शौचालय है। करीब 110 फ्लैट के अपार्टमेंट में ज्यादातर में कब्जा करके बाहरी लोग रह रहे हैं।

## नानपारा-नेपालगंज रेल लाइन पर स्पीड ट्रायल आज

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ :** नानपारा नेपालगंज रोड स्टेशन के बीच 19.33 किमी नवनिर्मित रेल लाइन का गुरुवार को निरीक्षण हुआ। पूर्वोत्तर परिमंडल के संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना की अगुवाई में पहुंचे अधिकारियों ने रेल लाइन की सुरक्षा जांची। शुक्रवार को इस विद्युतीकृत रेल लाइन पर एक्सप्रेस ट्रेन को चलाकर स्पीड ट्रायल किया जायेगा। जिसके बाद जल्द ही नेपाल सीमा तक भारतीय रेल एक बार फिर पहुंचने लगेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि रेल लाइन के संरक्षा परीक्षण के पहले दिन रेल संरक्षा आयुक्त ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन मास्टर से पैनल रूम में परिचालनिक संरक्षा संबंधी प्रश्न पूछकर उनकी संरक्षा कार्य कुशलता परखी।

# घुमंतू गिरोह ने डाली थी डकैती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सात गिरफ्तार, पुलिस ने चोरी की धारा में दर्ज की एफआईआर

**अमृत विचार :** काकोरी के सकरा गांव निवासी किसान केशन के घर पर घुमंतू गिरोह के डकैतों ने धावा बोल दिया था। इस दौरान किसान के बेटे ने विरोध किया तो हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। इस मामले का खुलासा करते हुए काकोरी पुलिस ने घुमंतू गिरोह के सात डकैतों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि घटना डकैती की नहीं बल्कि चोरी की थी। पुलिस ने चोरी की ही एफआईआर दर्ज की है। इसी गिरोह ने दो मकानों और एक मंदिर में भी घटना को अंजाम दिया था।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक गिरफ्तार बदमाशों में सीतापुर के रामपुर मथुरा के समरदहा का रहने वाला विनोद वर्मा, दहला पासिनपुरवा का इंदल, धनेस पासी, थान गांव मगदापुर का राम खेलावन, अहिबरनपुर का मनोहर उर्फ दिनेश, नरेश और बाराबंकी के फतेहपुर खदरा का विमल है। बदमाशों के पास से तीन टार्च, दो प्लास, एक हथौड़ा, दो आरी, लोहे की राड, दो चाकू बरामद हुआ हैं। गिरोह के चार बदमाश केशन के घर में कूदे थे। पूछताछ में पता चला कि तीन बदमाश घर के बाहर खड़े थे। इसके पूर्व बदमाशों ने वकीम, नीरज और पप्पू के घर वारदात की थी। घटना के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई थीं। पुलिस ने बदमाशों को कठिंगरा अंडरपास के पास से पकड़ा था। खासकर यह गिरोह सर्दी आते ही सक्रिय हो जाता है। पीड़ितों के घर से मोबाइल और कुछ रुपये यह बदमाश ले गए थे। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश राठौर और उनकी टीम ने बदमाशों को पकड़ा है।

### लखनऊ, सीतापुर और बाराबंकी में दर्ज हैं मामले

धनेश पासी के खिलाफ डकैती, लूट, आर्म्स एक्ट, चोरी समेत अन्य धाराओं में 22 मामले दर्ज हैं। यह मुकदमे बाराबंकी, सीतापुर और लखनऊ में दर्ज हैं। मनोहर के खिलाफ दुष्कर्म समेत दो मामले, नरेश के खिलाफ डकैती, लूट के पांच, विनोद पर सात, इंदल पर 12, राम खेलावन पर 12, विमल के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

# विरोध के बीच अर्जित भूमि से ध्वस्त किए मकान

## ग्राम मलेशेमऊ में बुलडोजर के सामने आईं महिलाएं व बच्चे, अफसरों से हुई कहासुनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


विरोध कर रहीं महिलाओं को हटाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोमती नगर विस्तार के अंतर्गत ग्राम मलेशेमऊ में गुरुवार को अर्जित भूमि से अवैध निर्माण ध्वस्त करने पहुंची एलडीए की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। घरों पर बुलडोजर चलता देख महिलाएं व बच्चे आगे आ गए तो कुछ अंदर व छत पर चढ़ गए। अफसरों से कहासुनी हुई। पुलिस बल के सहयोग से अवैध मकान ध्वस्त कर दिए। यह देख महिलाएं खूब रोईं।

एलडीए ने गोमती नगर विस्तार योजना के लिए ग्राम मलेशेमऊ में किसानों को संपूर्ण भुगतान करके जमीन अधिग्रहित की थी। जिस पर आवासीय योजना विकसित की जानी है। अर्जित जमीन पर कब्जा करके आठ परिवारों ने अस्थाई मकान बना लिए। चेतावनी और सूचना के बाद भी जमीन खाली नहीं की। इस पर गुरुवार को जोन-1 की प्रवर्तन टीम पुलिस के साथ बुलडोजर लेकर पहुंची। इससे लोग भड़क गए और कार्रवाई का विरोध करके हंगामा किया। मकानों से सामने महिलाएं व बच्चे खड़े हो गए। जिन्हें पुलिस ने हटाया। आपस में कहासुनी हुई।

बवाल बढ़ता देख विहित प्राधिकारी देवांश त्रिवेदी, नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह और जोनल अधिकारी संगीता राघव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बात की। लोगों ने बिना नोटिस और जानकारी के कार्रवाई करने की बात कही। जिन्हें अफसरों ने समझाकर वहां से हटाया और आठ पक्के मकान, झुग्गी-झोपड़ी, टीनशेड समेत 15 अवैध निर्माण ध्वस्त करके 10,500 वर्ग मीटर जमीन कब्जा मुक्त कराई। जमीन की कीमत 150 करोड़ रुपये बताई। इन सभी के स्थाई मकान गांव में बने हैं। करीब दो माह पहले उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने ड्रोन सर्वे कराया था। जिसमें यह अर्जित जमीन की जानकारी हुई थी।

# पेड़ों की कटाई से जर्जर भवन ढहने का खतरा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मकान खाली कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती
- तीसरी पीढ़ियां जर्जर भवनों में नाम मात्र के किराये पर रह रहीं

**अमृत विचार :** शहर की घनी आबादी वाले कैसरबाग, अमीनाबाद, चौक सहित कई क्षेत्रों में जर्जर भवनों की संख्या अधिक है। तीन पीढ़ियों से इन खस्ताहाल मकानों में परिवार नाम मात्र के किराए पर रह रहे हैं। भवन जर्जर होने के बाद भी किराएदार मकान खाली नहीं करते हैं। इन्हीं मकानों पर जर्जर पेड़ खड़े हैं। इन पेड़ों को मकान खाली कराए बिना नहीं काटा जा सकता है, क्योंकि पेड़ काटते समय जर्जर भवन गिरने की आशंका है। पेड़ों की कटाई और छंटाई के लिए भवनों को मकान खाली कराना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। कई किराएदारों के विवाद न्यायालय में विचाराधीन हैं। मकानों में उगे पेड़ों की कटाई व छंटाई में आड़े नियम भी बाधा बन सकते हैं।

**पेड़ काटने की तुरंत देंगे अनुमति :** क्षेत्रीय वन अधिकारी शितांशु पांडे ने बताया कि हम नगर निगम के साथ मिलकर इस दिशा में काम करेंगे। जहां पेड़ काटने की आवश्यकता होगी वहां तुरंत विभाग द्वारा अनुमति दी जाएगी। कैसरबाग के मछली मंडी में पेड़ गिरने की घटना के बाद वन रक्षक, वन दरोगा और वन निगम की टीम क्षेत्र का सर्वे करके पहले उन पेड़ों की कटाई छंटाई करेगी जहां इससे जनता को कोई समस्या न हो। धीरे-धीरे ऐसे सभी क्षेत्रों का चिन्हीकरण करके कुशल लेबर लगाकर पेड़ की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जाएगा।

### वन विभाग को संसाधन उपलब्ध कराएगा नगर निगम

कैसरबाग के मछली मंडी में मंगलवार को पीपल का पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु और चार लोग घायल हो गए थे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना स्थल का दौरा कर शहर में ऐसे सभी मकानों को चिन्हित करके नगर निगम और वन विभाग को पेड़ों की कटाई व छंटाई के निर्देश दिए थे, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम का कहना है कि मकान के अंदर लगे पेड़ काटने से जर्जर भवन गिरने का खतरा है। नगर निगम वन विभाग के साथ रहेगा और जरूरी संसाधन उपलब्ध कराएगा।

### शारदा नहर में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा के हंसखेड़ा मोड़ के पास गुरुवार शाम शारदा नहर में एक युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त कराने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक, मृत युवक के कपड़ों से प्रधानमंत्री श्रम कार्ड मिला है। उसके जरिए मृतक की पहचान हरदोई के गंगारामपुर निवासी सुनील कुमार (45) के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक नशे में धुत होकर घूमते हुए देखा गया था। आशंका है कि शराब के नशे में नहर में गिर गया होगा और डूबने से उसकी मौत हो गयी।

# बैग घोटाले का आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाढ़ खंड शारदा नहर खीरी में 2011 में 5.74 करोड़ रुपये का हुआ था घोटाला


हर्ष अग्रवाल

**अमृत विचार :** बाढ़ खंड शारदा नहर खीरी में वर्ष 2011 में हुए 5,74,78,250 रुपये के घोटाले के मुख्य आरोपी ठेकेदार हर्ष अग्रवाल को ईओडब्ल्यू ने बुधवार देर शाम को गिरफ्तार किया। वह पिछले 13 वर्ष से फरार चल रहा था।

ईओडब्ल्यू अधिकारी के मुताबिक 2011 में बाढ़ निरोधक कार्यों में प्रयोग किये जाने वाले जीईओ टैक्सटाइल बैग की आपूर्ति का ठेका हुआ था। ठेकेदारों ने विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर जीईओ टैक्सटाइल बैग की आपूर्ति के स्थान पर डुब्लीकेट टैक्सटाइल बैग की आपूर्ति कर करोड़ों रुपये का घोटाला किया। जानकारी होने पर आरोपियों के खिलाफ खीरी सदर कोतवाली में 2012 में एफआईआर दर्ज कराई गई। जो बाद में ईओडब्ल्यू को जांच के लिए सौंपी गई। जांच में ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने पाया कि बाढ़ खंड शारदा नहर लखीमपुर खीरी में केंद्र सरकार द्वारा बाढ़ कटाव निरोधक कार्य के लिए जीईओ टैक्सटाइल बैग की आपूर्ति किये जाने का कार्य दुधवा फूड इंडिया प्रा. लि. के प्रोपराइटर हर्ष अग्रवाल को सौंपा गया। हर्ष जानकीपुरम के सहारा स्टेट मल्हार के रहने वाले हैं। हर्ष व दो अन्य ठेकेदारों द्वारा 5,15,500 डुब्लीकेट जीईओ टैक्सटाइल बैग बाढ़ खंड को आपूर्ति की। वहीं, 5,74,78,250 रुपये शासकीय धन का गबन कर लिया गया। अभियुक्त हर्ष अग्रवाल को इस मामले में जांच में दोषी पाया गया। वह लगातार फरार चल रहा था।

# अधेड़ का शव रखकर सड़क की जाम, हंगामा

संवाददाता, बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बुधवार शाम अवैध कट को पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई थी। गुरुवार को परिजन व ग्रामीणों ने लखनऊ-सीतापुर हाइवे पर शव रखकर हंगामा किया। पीड़ित परिवार ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान परिजन की पुलिस से झड़प भी हुई।

नंदना गांव के करीब बने कट से सड़क पार करते हुये बाबपुरवा गांव के ललित की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी थी। पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार दोपहर परिजन शव लेकर गांव आ रहे थे। गांव के बाहर स्थित सीतापुर लखनऊ हाइवे पर शव रखकर सड़क जाम कर दी थी। पुलिस ने जाम खुलवाने के प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया, जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। सड़क के दोनों रूट पर करीब दो किमी लंबा जाम लग गया। ग्राम प्रधान ने परिजनों को समझाया तब जाकर वे शांत हुए। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिवार में दो बेटे मयंक (10), अहम (6) और बेटी वर्षा (1) है।

**सिटी डायरी**

### गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई


कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर एम. बोबडे।

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज के कासिमपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर गुरुवार को पहुंचे राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर एम. बोबडे ने आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की, साथ ही तीन बच्चों का अन्नप्राशन कराया। आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा तथा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम में उन्होंने गोदभराई के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण की मॉनिटरिंग राज भवन से भी होगी। बताया गया कि जिन गांवों में राज भवन अपनी निगरानी में पहले स्वास्थ्य परीक्षण कराएगा, उनमें कासिमपुर, बिरुहा, मोअज्जम नगर, कबीरपुर, लक्ष्मणपुर, नवाबअली पुरवा और नटखेड़ा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को किट देने का लक्ष्य है, जिसमें चालीस हजार केंद्रों को किट दी जा चुकी है।


स्कूटर इंडिया चौराहे पर पुतला फूंकते पासी समाज के लोग।

### एआईएमआईएम नेता का पुतला फूंका

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बीते दिनों एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली द्वारा महाराजा सुहेलदेव पासी के विरुद्ध की गयी टिप्पणी से नाराज सरोजनी नगर क्षेत्र के पासी समाज के लोगों ने गुरुवार को कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे पर शौकत अली का पुतला फूंका। सुभाष पासी व सुन्दर लाल रावत के नेतृत्व में हुए इस पुतला दहन के दौरान कहा गया कि शौकत अली द्वारा मुस्लिम आक्रांता से सैय्यद सलार मसूद गाजी का महिमामंडन करते हुए महाराजा सुहेलदेव पासी को लुटेरा कहा गया। जिसके कारण पासी समाज में आक्रोश व्याप्त है। शौकत अली के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी व बुलडोजर कार्रवाई की मांग की।



प्रदर्शनी देखते भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता।

### प्रदर्शनी का उद्घाटन

**अमृत विचार, काकोरी :** भाजपा जिला लखनऊ द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पंचायत काकोरी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय काम्प्लेक्स के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन सदस्य विधान परिषद एवं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से कृषि, हर घर जल, महिला सम्मान, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनाने का काम कर रहे हैं।


शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण करती हुईं डॉ. अर्चना।

### स्वस्थ रहने को दिए सुझाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत हॉलिस्टिक हेल्थकेयर संगठन की ओर से जानकीपुरम विस्तार स्थित सेंट्रल एकेडमी में जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें संगठन की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने स्कूल की अध्यापिकाओं एवं अन्य महिला कर्मचारियों को हाई ब्लड प्रेशर, उसके लक्षण, बचाव इत्यादि के बारे में जानकारी दी। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# एक प्लेटफार्म पर दिखेंगे लेखपालों के सभी कार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सरोजनी नगर तहसील में लेखपाल डैशबोर्ड शुरू

**अमृत विचार :** राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने गुरुवार को सरोजनी नगर तहसील में लेखपाल डैशबोर्ड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लेखपालों द्वारा किए जाने वाले समस्त कार्य अब एक ही प्लेटफार्म पर दिखाई देंगे। लेखपाल सिंगल लॉग-इन के माध्यम से समस्त कार्यों का सुचारू निस्तारण कर सकेंगे साथ ही उच्च स्तर से कार्यों की मॉनिटरिंग की जा सकेगी।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के 22,000 से अधिक लेखपाल प्रतिदिन नागरिकों के सबसे निकट रहकर भूमि अभिलेख, प्रमाणपत्र सत्यापन और राजस्व संबंधी कार्यों का दायित्व निभाते हैं। लेखपाल डैशबोर्ड इन सभी कार्यों को ऑनलाइन और अधिक सुव्यवस्थित बनाएगा। इस डैशबोर्ड के माध्यम से भूमि अभिलेख संशोधन, आय, जाति और निवास प्रमाणपत्रों की स्थिति, धारा 34, 80, 89 एवं 98 की कार्यवाही, हल्का मैपिंग और अवकाश स्वीकृति की प्रक्रिया एकल लाग-इन पर उपलब्ध होंगी।

**लापरवाही** ऑपरेशन के बाद भी रिपोर्ट में गाल ब्लैडर सामान्य बताया

# पैथोलॉजी की गलत रिपोर्ट से उठे सवाल

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** एक महिला ने पथरी होने पर अक्टूबर 2023 में दुबग्गा स्थित निजी अस्पताल में ऑपरेशन गाल ब्लैडर समेत पथरी निकलवाई थी। कुछ दिन बाद फिर पेट में दर्द होने पर दोबारा आलमबाग स्थित माही डायग्नोस्टिक सेंटर में जांच कराई, जिसमें गाल ब्लैडर सामान्य स्थिति में मिला। इसके बाद महिला ने लखनऊ के एरा मेडिकल कॉलेज और प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में जांच करवाई। दोनों जांच में पुष्टि हो गई कि ऑपरेशन कर महिला का गाल ब्लैडर निकाला ही नहीं गया था।

परिवार ने संबंधित डायग्नोस्टिक सेंटर के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। माही डायग्नोस्टिक के निदेशक एवं मुख्य रेडियोलॉजिस्ट डॉ. एच के मिश्र से बात करने का प्रयास के बाद भी संपर्क नहीं हो सका है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एन बी सिंह का कहना है कि आधार कार्ड से दोनों जांच रिपोर्ट की पुष्टि की जाएगी, एक ही मरीज की दो रिपोर्ट हैं तो जांच का विषय है। टीम भेजकर विस्तृत जांच करायी जाएगी और अगर वास्तव में गलत रिपोर्ट जारी हुई है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### गुणवत्ता के अभाव में प्रभावित होता है इलाज

विशेषज्ञ चिकित्सकों का कहना है कि गलत रिपोर्ट से न केवल मरीजों का इलाज प्रभावित होता है, बल्कि कई बार इलाज के दौरान लिए जाने वाले गंभीर निर्णयों पर भी असर पड़ सकता है। इस मामले ने एक बार फिर से मेडिकल जांच और डायग्नोस्टिक लैब की गुणवत्ता और जवाबदेही पर बहस छेड़ दी है। मरीजों की जिंदगी से जुड़ी ऐसी लापरवाहियां यदि रोकी न गईं, तो इसके दूरगामी दुष्परिणाम हो सकते हैं।

### शहर में आज



- मनोज पाण्डेय चौराहा स्थित सीएमए भवन में दो दिवसीय जीएसटी कॉन्क्लेव का आयोजन- 10 :00 बजे।
- राज्य संग्रहालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत प्रश्नोत्तरी व स्लोगन प्रतियोगिता तथा पौधारोपण - 10 :00 बजे।
- डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 18 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह- 12 :00 बजे।
- लाल बारादरी स्थित अकादमी की कला वीथिका में राज्य ललित कला अकादमी की ओर से आमंत्रित कला प्रदर्शनी का उद्घाटन- 5 :00 बजे।

# 18 घंटे बाद चार किलोमीटर दूर मिला नाले में बहे बच्चे का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुस्साए परिजन और मोहल्लों के लोगों ने किया हंगामा
- पुलिस ने हर संभव मदद का आश्वासन देकर कराया शांत

**अमृत विचार:** हैदर कैनाल नाले में बुधवार शाम बहे मासूम का शव गुरुवार सुबह करीब चार किमी दूर 1090 चौराहे के पास बने एसटीपी प्लांट के करीब कचरे में शव फंसा मिला। शव मिलने के बाद परिवार व मोहल्लेवालों में आक्रोश और बढ़ गया। नगर निगम और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा लोग हंगामा करने लगे। पुलिस ने हर संभव मदद का आश्वासन देकर किसी तरह शांत कराया। एसीपी हजरतगंज ने कहा कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह डूबना आया है।

बाराबंकी जिले के रूदौली निवासी नन्हे परिवार के साथ रामलीला मैदान के पास झोपड़ी रहकर कूड़ा-कबाड़ बीनने का काम करते हैं। बुधवार को तेज बारिश के बाद उनका बेटा वीर (7)मोहल्ले के बच्चों के साथ खेलने गया था। खेलने समय पैर फिसलने से वह टूटी दीवार और रेलिंग विहीन नाले में गिर गया था। सूचना पर पुलिस ने दमकल, एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से नाले में बहे बच्चे की तलाश शुरू कराई।

एसीपी हजरतगंज विकास जायसवाल ने बताया कि एसओ हुसैनगंज शिव मंगल सिंह, उपनिरीक्षक सुनील मौर्या व टीम के साथ देर रात 3 बजे तक बच्चे की तलाश में लगे थे। पुलिस की दो टीमें जाल लगाकर हैदर कैनाल नाले के किनारे बैठी थी। एसडीआरएफ की टीम गोमती नदी में तलाश कर रही थी। गुरुवार सुबह पुलिस ने प्राइवेट गोताखोरों की मदद से तलाश शुरु की। सुबह करीब 11 बजे गोताखोरों को एसटीपी से 100 मीटर पहले बच्चे का हाथ दिखाई दिया। गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला।

### ग्रिल हटवा बनवाई दीवार, कुछ हिस्सा छोड़ा

- स्थानीय लोगों ने नगर निगम का लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि पहले नाले किनारे लोहे की ग्रिल लगी थी। घटिया लोहा होने के चलते कई जगह से टूटने और जंग लगने के कारण उसे हटवा दिया गया था। उसके बाद ईंट की दीवार बनाई गई थी। कुछ हिस्सा बीच का टूटा ही पड़ा रहा था। उसी हिस्से से वीर नाले में गिरा था। नन्हे ने बताया कि नगर निगम की लापरवाही के कारण उसके बच्चे की जान गई है। अगर सुरक्षा रेलिंग समय रहते दोबारा लगाई जाती या दीवार का निर्माण पूरा किया जाता, तो यह हादसा न होता।

### गुस्सा भांपकर तैनात की गई पीएसी

- एसीपी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया। शाम करीब साढ़े चार बजे वीर का शव घर पहुंचा। माहौल को देखते हुए पहले से वहां पीएसी तैनात कर दी गई थी। पुलिस की मौजूदगी में देर शाम तेलीबाग स्थित श्मशान घाट पर वीर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



सर्वोदय नगर पंतनगर के बीच कुकरैल नदी में गिरी कार को देखते लोग।

### कुकरैल नदी में गिरी बैंक कैशियर की कार, भर्ती

- गोमतीनगर के विनय खंड निवासी आयुष सिंह जानकीपुरम स्थित यश बैंक में कैशियर हैं। गुरुवार सुबह कार से बैंक जा रहे थे। सर्वोदयनगर बंधा रोड पर कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए 30 फीट ऊंचाई से कुकरैल नदी में जा गिरी। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें कार से निकाल कर राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटनास्थल के पास तीव्र मोड़ है। इसकी वजह से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस स्थल पर पूर्व में भी ऐसे कई हादसे हो चुके हैं। लोगों ने इस मोड़ के पास ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

## 15 दिन की नोटिस दिए बिना नहीं तोड़ सकेंगे अवैध कब्जे

**अमृत विचार, लखनऊः** नगर निगम की जमीनों पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई इस समय ठप है। सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन का असर नगर निगम के संपत्ति विभाग पर पड़ा है। अवैध कब्जेदार को 15 दिन की नोटिस दिए बिना ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लग गई है। इसके अलावा अवैध कब्जेदारों द्वारा मकान की पक्की छत डाल दिए जाने पर पीपी एक्ट के तहत कार्रवाई हो जाने के बाद ही ध्वस्तीकरण किया जाएगा। नगर निगम में संपत्ति विभाग का प्रभारी अधिकारी पीसीएस अधिकारी रामेश्वर प्रसाद को बनाया गया है। वह अभी संपत्ति विभाग की कार्यप्रणाली समझ रहे हैं।

### सिटी ब्रीफ

#### डायरिया की रोकथाम को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डायरिया की रोकथाम के लिए गुरुवार को सआदतगंज वार्ड के करीब 50 सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और एचसीएल फाउंडेशन के स्वच्छ उदय प्रोजेक्ट के अंतर्गत वार्ड के नगर निगम कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टुडियागंज की अधीक्षक डॉ. गीतांजलि सिंह ने की। इस मौके पर वार्ड सभासद शिव कुमार यादव भी उपस्थित रहे। डॉ. गीतांजलि सिंह ने डायरिया से बचाव के जरूरी उपाय बताए।

#### रेरा ने पोर्टल पर किया प्रमोटर एनरोलमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और मजबूती की दिशा में प्रमोटर एनरोलमेंट के लिए व्यापक यूजर मैनुअल अपने वेब पोर्टल पर जारी किया है। नए मैनुअल में चित्रों सहित 10 आसान चरण में प्रमोटरों के लिए नामांकन प्रक्रिया सरल और त्रुटिरहित रहेगी। इससे गलतियों या विलंब की संभावना कम रहेगी। नई व्यवस्था से न केवल प्रमोटरों को एनरोलमेंट पूरा करने में आसानी होगी, बल्कि प्राधिकरण को भी आवेदन के समय परियोजना पंजीकरण की समीक्षा और अनुमोदन में सुविधा मिलेगी। क्षमता निर्माण, गुणवत्ता सुधार और प्राधिकरण की नियामक प्रणाली पर भरोसा बढ़ाने में अहम भूमिका रहेगी।

#### शौचालयों में मिली गंदगी, लगाई फटकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण में महापौर सुषमा खर्कवाल को गंदगी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव मिला। जिस पर उनका पारा चढ़ गया, उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। हजरतगंज के दया निधि पार्क में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहद खराब थी। शौचालय परिसर में सफाई का कोई सामान उपलब्ध नहीं था और दुर्गंध फैली थी। जीपीओ स्थित सार्वजनिक शौचालय के निरीक्षण में महापौर को महिला शौचालय में लगी सेनेटरी पैड डिस्ट्रॉय मशीन लंबे समय से खराब पड़ी मिली। सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने वाली मशीन थी खाली थी।

# मुआवजा कानून से उपभोक्ताओं को अंधेरे में रखे है बिजली विभाग

## तीन महीने पहले लागू किए गए कानून का विभाग नहीं कर रहा प्रचार-प्रसार

नीरज अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंडर ग्राउंड केबल फुंकने पर बिजली न मिले, वोल्टेज लो हो, मीटर रीडिंग ठीक न हो या आवेदन करने के बाद निर्धारित समय पर मीटर न लगे तो उपभोक्ता बिजली विभाग से मुआवजे के हकदार हैं। पॉवर कॉरपोरेशन ने ये नियम तीन महीने पहले ही लागू किया है। किंतु प्रचार-प्रसार न होने उपभोक्ताओं को अभी तक नियम की जानकारी नही नहीं है। तीन महीने में एक भी उपभोक्ता ने मुआवजे के लिए दावा नहीं किया है।

पावर कॉरपोरेशन ने मुआवजे का नियम लागू करने समय इससे उपभोक्ता हितों की रक्षा होने का दावा किया था। किंतु इस नियम से उपभोक्ताओं को परिचित ही नहीं कराया गया है। विभाग बिजली बिल बढ़ोत्तरी, उपभोक्ता पर लागू होने वाले दंडात्मक नियम और बिजली बिल वसूली का प्रचार प्रसार तो अखबारों में विज्ञापनों, बैनर होर्डिंग के जरिए करता है।

सब स्टेशनों पर भी सूचनाएं पेंट से लिखवा दी जाती हैं, किंतु उपभोक्ता के हित के इए नए कानून का तीन महीने में कहीं कोई प्रचार प्रसार नहीं किया गया। इससे उपभोक्ता नए कानून से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि एक भी जागरूक उपभोक्ता ने किसी भी तरह के मुआवजे के लिए क्लेम नहीं किया है, जबकि इन तीन महीने में राजधानी में लगभग रोज पूरा-पूरा दिन बिजली गुल रही। मीटर में गड़बड़ी और लो वोल्टेज की शिकायतों के साथ सैकड़ों उपभोक्ता प्रतिदिन उपकेंद्र पर देखे जा सकते हैं। दरअसल बिजली विभाग नियम की जानकारी देने में भी उपभोक्ताओं को अंधेरे में ही रखना चाहता है।

### किस समस्या पर कितना मिलेगा मुआवजा

- वोल्टेज लो आने पर 250 रुपये प्रतिदिन
- फर्जी अवशेषों को आगे बढ़ाने पर 100 प्रति चक्र
- श्रेणी परिवर्तन में देरी होने पर 50 रुपये प्रतिदिन
- अस्थायी कनेक्शन निर्गमन पर 100 रुपये प्रतिदिन
- मीटर रीडिंग में गड़बड़ी होने पर 200 रुपये प्रतिदिन
- अंडरग्राउंड केबिल ब्रेकडाउन पर 100 रुपये प्रतिदिन
- सबस्टेशन की स्थापना में देरी होने पर 500 रुपये प्रतिदिन
- तय समय पर नया कनेक्शन न मिलने पर 50 रुपये प्रतिदिन
- डिफेक्टिव मीटर या सामान्य फ्यूज ऑफ पर 50 रुपये प्रतिदिन
- ग्रामीण क्षेत्रों खराब ट्रांसफार्मर न बदलने पर 150 रुपये प्रतिदिन
- समस्या पर काल सेंटर से प्रतिक्रिया न आने पर 50 रुपये प्रतिदिन
- ओवरहेड लाइन के साथ केबिल ब्रेकडाउन होने पर 100 रुपये प्रतिदिन
- नया कनेक्शन अतिरिक्त भार के लिए नेटवर्क विस्तार के साथ 250 रुपये प्रतिदिन



### नए कानून का प्रचार करे पावर कॉरपोरेशन

- राज्य उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि कानून तो बन गया है लेकिन प्रचार नहीं किया गया। जागरूकता के अभाव में उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में नया कानून कागजों तक सीमित होकर रह गया है। विभाग को इस कानून की जानकारी गांव-गांव, मोहल्लों में प्रचारित करनी चाहिए, जिससे उपभोक्ता अधिकारों को जान सकें और उसका लाभ उठा सकें।

### मुआवजे की अधिकतम सीमा भी तय

- पॉवर कॉरपोरेशन की ओर से नियमों के तहत मुआवजे की अधिकतम सीमा भी तय की गई है। जिसमें 1 किलोवाट के फिक्स्ड चार्ज पर उपभोक्ता अगर हर वर्ष 1200 रु देता है, तो उसे एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 360 रुपये का ही मुआवजा मिलेगा।

### उपभोक्ताओं के लिए ट्रिपिंग बड़ी समस्या

- ऊर्जामंत्री से लेकर कॉरपोरेशन अध्यक्ष और एमडी मध्यांचल के निर्देशों के बाद भी बिजली की ट्रिपिंग की समस्या नहीं रुक पा रही है। सबसे अधिक लेसा के ट्रांस गोमती और सिस गोमती क्षेत्र के लोग प्रभावित हैं। बीते सप्ताह में कोई भी ऐसा उपकेंद्र नहीं रहा, जहां प्रतिदिन 10 से 12 बार ट्रिपिंग न हुई हो। चिनहट, गोमतीनगर, नादरगंज का गहरू, चौक, चारबाग, सरोजनीनगर, राजाजीपुरम, पारा, काकोरी जैसे इलाकों में स्थिति काफी खराब है। यहां दिन में 7-8 बार बिजली कटौती आम बात है।

### जानकारी होते तो जरूर करते क्लेम

- महानगर सेक्टर-ए निवासी उपभोक्ता मयंक ने कहा कि मुआवजा कानून की उन्हें जानकारी नहीं है। कई बार बिजली उपकेंद्र और कार्यालयों में जा चुके हैं। कहीं ऐसी जानकारी पढ़ने को नहीं मिली, न ही शहर में कहीं कोई इसकी जानकारी देने वाला पोस्टर, पंफलेट ही देखा है। इसी तरह अलीगंज के बड़ा चांदगंज निवासी आनंद कुमार ने बताया कि अपनी समस्या लेकर कई बार बिजली विभाग के कार्यालयों में गया। कहीं किसी अधिकारी या कर्मचारी ने मुआवजा कानून के बारे में नहीं बताया। मेरे इलाके में अक्सर वोल्टेज लो रहता है, अगर जानकारी होती तो अब तक क्लेम जरूर करता। सीतापुर रोड केशव नगर निवासी मिथिलेश शंकर ने कहा कि पिछले दिनों पूरा पूरा दिन बिजली गुल रही। बिजली न होने से पानी की समस्या से भी जूझे। बिजली गुल होने पर उपकेंद्र और विभाग के नंबर पर फोन किया, लेकिन किसी ने भी मुआवजा कानून के बारे में नहीं बताया। अगर जानकारी होती तो बिजली गुल होने पर क्लेम करता है। विभाग को उपभोक्ता हितैषी कानून का प्रचार करना चाहिए।

### आज बिजली संकट का सामना करेंगे दो लाख उपभोक्ता

- शहर के कई क्षेत्रों में शुक्रवार को लेसा की ओर से मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इससे करीब दो लाख उपभोक्ताओं को घंटों बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। अलीगंज के आईटीआई उपकेंद्र के विष्णुपुरी फीडर से जुड़े मेहंदी टोला, विष्णुपुरी कॉलोनी, चर्च रोड़, बाबाजी संगत व आसपास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक, न्यू कैंपस उपकेंद्र के आईएम फीडर से जुड़े आईआईएम रोड, मधुपुरम, रायपुर, महर्षि नगर, बालाजी एन्क्लेव, इशानिका टाउनी, इशानिका ग्रीन, दिनकरपुर जहलुआ, विजयपुर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति ठप रहेगी। एचआईजी फीडर से जुड़े सेक्टर- सी, डी और शिवाला पुरवा में एक बजे से 3 बजे तक, मामा क्रासिंग इलाके के सेक्टर-एल, एम में सुबह 6 से दोपहर 3 बजे तक और सेक्टर-एच में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। आनंद विहार, शिवाजीपुरम, पथरकट्टा, सेक्टर-11, अशोक नगर, धनिया महरी पुल, शक्ति चौराहा, अशरफ नगर, मुराव टोला, एफ ब्लॉक, ई ब्लॉक का कुछ एरिया, थाना तालकटोरा किशोर विहार गेट नंबर-1 के आसपास सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी।

### हादसे को दावत



दो दिन हुई तेज बारिश में आरआर बंधे के पास सड़क और फुटपाथ की मिट्टी बहने से बड़ा गड्ढा हो गया है। संबंधित विभाग के लोगों ने सड़क के बहे हिस्से में किसी तरह को कोई संकेतक नहीं लगाया है। इससे बड़ा हादसा होने की आशंका है। अमृत विचार

## विक्रमशिला एक्सप्रेस समेत सात ट्रेन निरस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे प्रशासन ने सात एक्सप्रेस ट्रेनों को चार दिनों के लिए निरस्त कर दिया है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया है कि दुर्गापुर स्टेशन यार्ड का रीमॉडलिंग कार्य होना है। इसे 21 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसी वजह से 18 सितंबर को ट्रेन संख्या 12325 कोलकाता-नंगल डैम एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12334 विभूति एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12333 विभूति एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 12358 दुर्गियाना एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 13167 विक्रमशिला एक्सप्रेस को निरस्त किया गया है। ट्रेन संख्या 12334 विभूति एक्सप्रेस 19, 20 और 21 सितंबर को भी निरस्त रहेगी।

इसके अलावा ट्रेन संख्या 12333 विभूति एक्सप्रेस 19 और 20 सितंबर को नहीं चलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 12326 नंगल डैम -कोलकाता एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 13168 विक्रमशिला एक्सप्रेस को भी 20 सितंबर को नहीं चलाने का फैसला लिया गया है। यानी यह ट्रेन भी निरस्त रहेगी।

## एसजीपीजीआई के न्यूरोसर्जरी विभाग को देश में दूसरा स्थान

संवाददाता पीजीआई

- एडुरैंक की ग्लोबल रैंकिंग में एशिया में नौवें और विश्व में 65वें स्थान पर

**अमृत विचार:** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के न्यूरोसर्जरी विभाग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। एजुकेशन क्वालिटी का आकलन करने वाली अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एडुरैंक की 2025 की वैश्विक रैंकिंग में विभाग को भारत में दूसरा, एशिया में नौवां और विश्व में 65वां स्थान प्राप्त हुआ है। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का न्यूरोसर्जरी विभाग देश में पहले पायदान पर और विश्व स्तर पर 11वें स्थान पर रहा है। एजेंसी ने 183 देशों के 14,131 मेडिकल विश्वविद्यालयों और संस्थानों के स्तर का मूल्यांकन कर यह सूची जारी की।

पीजीआई के न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ के के दास ने कहा कि यह उपलब्धि मरीजों को उच्चस्तरीय इलाज, बेहतर शिक्षा और रिसर्च कार्यों के कारण मिली है। उन्होंने बताया कि विभाग में स्कल बेस सर्जरी, क्रेनियोवर्टेब्रल जंक्शन, एंडोस्कोपिक न्यूरोसर्जरी और न्यूरो-ऑन्कोलॉजी जैसी जटिल सर्जरी नियमित रूप से की जाती हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर भी मिला सम्मान

- डॉ दास ने कहा कि पीजीआई का न्यूरोसर्जरी विभाग लंबे समय से प्रदेश का अग्रणी विभाग रहा है। हाल ही में संस्थान के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की सेवाओं को न्यूरोट्रॉमा सोसाइटी ऑफ इंडिया ने मान्यता दी है और इसे इस वर्ष देश में सर्वश्रेष्ठ का पुरस्कार भी मिला।

### नई सुविधाओं की तैयारी

- डॉ दास ने बताया कि संस्थान में शीघ्र ही गामा नाइफ रेडियो सर्जरी की सुविधा शुरू होने जा रही है, जिससे जटिल मस्तिष्क रोगों का इलाज और आसान होगा। इस उपलब्धि को प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के लिए भी गर्व का विषय माना जा रहा है।

### सतर्कता

एआई कैमरों से होती है शहर के सभी 12 मेट्रो स्टेशनों की निगरानी

# पांच मिनट भी स्टेशन पर फालतू खड़े रहे तो पकड़ लेंगे कैमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ में बने 21 मेट्रो स्टेशनों की सुरक्षा उच्चस्तरीय है। जिसकी प्रमुख वजह यहां लगे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता ) कैमरे हैं। कई बार इन क्लोज्ड सर्किट (सीसी कैमरा) कैमरों की वजह से संदिग्धों की पहचान हुई है। इतना ही नहीं स्टेशन पर लावारिस पड़े बैग भी मिले हैं। जिन्हें बाद में उनके मालिकों को सौंप दिया गया है।

एआई आधारित कैमरों की खास बात यह है कि जैसे ही कोई व्यक्ति पांच मिनट से ज्यादा स्टेशन पर रुकता है, तो उस स्टेशन पर लगे यह कैमरे उसे संदिग्ध मान लेते हैं और बीप-बीप की आवाज निकालने लगते हैं और यह आवाज स्टेशन पर बनाए गए इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम पर बैठे अधिकारियों और कर्मचारियों को सुनाई पड़ती।

वह तत्काल सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट कर देते हैं। जिससे सुरक्षाकर्मी संदिग्ध से पूछताछ करते हैं और जरूरत के अनुसार कार्रवाई करते हैं। हर पांच मिनट पर मेट्रो आती और जाती है, ऐसे में यदि कोई व्यक्ति स्टेशन पर मौजूद है और कहीं जा नहीं रहा है तो वह नजर में आ जाता है।

प्रत्येक स्टेशन पर करीब 65 कैमरे लगे हुए हैं। इसके अलावा मेट्रो में करीब 24 कैमरे लगे हुए हैं। इन स्टेशन पर लगे कैमरों की निगरानी उस स्टेशन से तो होती ही है। इसके अलावा एक अलग से कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां पर बड़ी स्क्रीन से लगातार निगरानी की जाती है।

### पकड़ा गया चेन स्नैचर

- विभागीय जिम्मेदारों ने कहा है कि करीब तीन महीने पहले एक युवक इंदिरा नगर स्थित भूतनाथ मार्केट पर जा रही एक महिला का चैन खींच कर भागा और सीधा मेट्रो स्टेशन में घुस गया और मेट्रो में बैठकर निकल गया। महिला भी आरोपित युवक के पीछे-पीछे भूतनाथ स्थित मेट्रो स्टेशन के अंदर आई और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी, साथ ही युवक की पहचान भी बताई। इतना सुनने भर की देर थी कि मेट्रो के सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। जिसके बाद सीसी कैमरों की मदद से महज 15 मिनट के अंदर आरोपित युवक की पहचान हो गई और उसे अगले मेट्रो स्टेशन पर रोक लिया गया। बाद में पुलिस को उसे सौंप दिया गया था।

### नाराज किशोर को घर भेजा

- एक किशोर अपने घर से नाराज होकर कहीं जाने के लिए निकला था। वह मेट्रो से सफर कर रहा था, एक स्टेशन पर रुक कर वह इधर-उधर टहलता रहा। इस दौरान वहां लगे एआई कैमरे आवाज करने लगे, सुरक्षाकर्मियों ने जाकर किशोर से जानकारी ली। पता चला कि घर से नाराज होकर यहां चला आया। परिजनों को बुलाकर उसे सौंप दिया गया।

### नए कॉरिडोर का निर्माण फरवरी से

- चारबाग से बसंतकुंज के बीच लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का निर्माण कार्य साल 2026 के फरवरी महीने से शुरू हो जाएगा। डीडीसी ( ड्राइंग-डिजाइन कंसलटेंट) के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है, 19 सितंबर को इसका टेंडर खुलेगा। इसके बाद निर्धारित कंपनी इसका खाका खींचेगी। फिर निर्माण के लिए टेंडर होगा। इस कॉरिडोर के निर्माण के लिए 8 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के निर्माण की इजाजत दी थी। 12 अगस्त को केंद्रीय कैबिनेट ने भी इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी।

# भवन का नक्शा पास कराना हुआ आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आवेदक के व्हाट्सएप पर आ जाएगी एनओसी
- तहसील -जलकल की एनओसी एलडीए कर लेगा ट्रैस

**अमृत विचार :** शहर में आवासीय व व्यावसायिक भवन बनाने के लिए मानचित्र पास कराना और भी आसान हो गया है। आवेदक को विभिन्न विभागों की न एनओसी लेनी होगी न ही कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ेंगे। जिन विभागों की एनओसी जरूरी होगी वो एलडीए ट्रेस करके सीधे व्हाट्सएप पर भेजेगा।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने एनओसी के लिए डिजिटल व्यवस्था लागू कर दी है। बताया कि पुरानी व्यवस्था में भवनों का मानचित्र स्वीकृत कराने के लिए नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, सीलिंग, अर्जन, लैंड यूज की एनओसी प्राधिकरण के अनुभागों से जारी होती है। इसके अलावा संबंधित तहसील व जलकल विभाग की एनओसी की जरूरत पड़ती है। आवेदक को विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने पड़ते थे।

इस प्रक्रिया में तीन से चार महीने लगते थे। अब नई व्यवस्था में मानचित्र के आवेदन प्राप्त होने पर बिना भागदौड़ के प्राधिकरण द्वारा इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) के माध्यम से एनओसी निर्गत की जाएगी। संबंधित अनुभाग जैसे ही ईआरपी पर एनओसी स्वीकृत करेगा वह आवेदक के व्हाट्सएप पर सीधे जाएगी। इसी तरह एलडीए अपने स्तर से ही तहसील और जलकल विभाग की एनओसी ट्रैक कर लेगा। आवेदक को भी संबंधित विभाग की एनओसी व्हाट्सएप पर प्राप्त होगी।

### घर बैठे जाने लैंड यूज

- अगर आप लखनऊ में जमीन खरीद रहे हैं और उसका भू-उपयोग जानना चाहते हैं तो घर बैठे लैंड यूज की पूरी जानकारी मिल जाएगी। एलडीए ने इसकी प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। इसके लिए आवेदक को ldalucknow.in पर विजिट करके सिटिजन सर्विस पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उसके स्वामित्व सम्बंधी दस्तावेज, खसरा डिटेल व लोकेशन देनी होगी।

## सिटी ब्रीफ

### सिविल में वार्ड ब्वॉय को युवकों ने पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतंगज स्थित सिविल अस्पताल में बुधवार को ओपीडी में तैनात वार्ड ब्वॉय को कुछ युवकों ने पीट दिया। जिससे वार्ड ब्वॉय अर्जुन सिंह (23) को गंभीर चोटें आई हैं। उसका चेहरा सूज गया, आंखों के चारों तरफ काला धब्बा पड़ गया है। छाती, हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों में गहरी चोट लगी है। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद है। अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने किसी तरह वार्ड ब्वॉय को आकर बचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी की हत्या करने वाला गया जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा के दसौली गांव में गर्भवती पत्नी नीलम (23) की हत्या और मां फूलमती पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी अंकुर उर्फ अंकुल को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। वहीं, ट्रामा में भर्ती हमले में घायल फूलमती की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### नर्सिंग होम से लौट रही गर्भवती से छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** सआदतगंज इलाके में पति के साथ नर्सिंग होम से लौट रही गर्भवती महिला से बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने साथियों संग पीड़िता के पति की बेल्ट से पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। इंस्पेक्टर संतोष आर्य ने बताया कि महिला के पति ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। जबकि आरोपी फैजल ने बाइक टकराने के विवाद में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में जांच की जा रही है।

### आत्मदाह के इरादे से आए दो लोगों को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जौनपुर के मुगराबाद शाहपुर थाने में सुनवाई न होने से परेशान महिला समेत दो पीड़ितों ने राजधानी के लामार्ट चौराहे के टैंगो थ्री बैरियर के पास आत्मदाह का प्रयास किया। पुलिस व आत्मदाह निरोधी दस्ते ने दोनों को पकड़ लिया। उपनिरीक्षक आदित्य सिंह और बलराम की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ दोनों को आत्मदाह के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गौतमपल्ली पुलिस ने संबंधित थाने से संपर्क कर मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव में टैंपो ड्राइवर करीब 15 माह पहले संदिग्ध हालात में लापता हो गया। पिता ने छह लोगों पर बेटे का अपहरण कर एक लाख की फिरौती मांगने का आरोप लगाया। कोर्ट के आदेश पर मड़ियांव पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुधवार को सहयोगी चालक सिराज, टैंपो मालिक मदारी, गुड्डू, कल्लू, राज और पूजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सहपाठी ने छात्र से 1.69 लाख रुपये ऐंठे

**अमृत विचार, लखनऊ :** आठवीं के छात्र को युवक ने ब्लैकमेल कर 1.69 लाख रुपये और आईफोन व आई पैड ऐंठ लिए। कार में बंधक बनाकर पीटा। मुंह खोलने पर गोली मारने की धमकी दी। मां की तहरीर पर मड़ियांव पुलिस ने आरोपी मां-बेटे समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फैजुल्लागंज निवासी व्यवसायी दंपति का 14 वर्ष का बेटा निजी स्कूल में आठवीं में पढ़ता है। मोहल्ले के सिजान खान ने एक माह तक छात्र से परिवार की जानकारी ली फिर खाते में कुछ रुपये मांगे। रुपये न देने पर कहा कि कपड़े फाड़कर तुम्हारे घर लड़कियों को भेज दूंगा। वह बोलेंगी कि तुमने गलत काम किया है। तुम्हारे खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। सिजान स्कूल व कोचिंग के पास छात्र को जबरन कार में हजरतगंज ले जाकर मारता-पीटता। मां रूही तबस्सुम को वीडियो कॉल कर दिखाता तो वह भी बेटे का साथ देती। डरा-धमकाकर छात्र से 1,68,800 रुपये चाचा रिजवान के खाते में ट्रांसफर कराए और नकद भी वसूले। छात्र का आईफोन और आईपैड छीनकर डुप्लीकेट बिल बनवाकर बेच दिया। बेटे को गुमसुम देख मां ने पूछा तब उसने आपबीती बताई। मां की तहरीर पर पुलिस ने सिजान खान, उसकी मां रूही तबस्सुम और चाचा रिजवान खान के खिलाफ बंधक बनाकर मारपीट, रंगदारी व धमकी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# विजिलेंस करेगी सहकारी गृह निर्माण समिति भूखंड घोटाले की जांच

- हाईकोर्ट ने जिम्मेदारी सौंप एक सप्ताह में प्रारंभिक रिपोर्ट की तलब

कार्यालय संवाददात, लखनऊ।

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार के मकदूमपुर और खरगापुर में हुए भूखंड घोटाले की जांच पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सख्ती दिखाई है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने बुधवार को जारी आदेश में कहा कि बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी समिति में हुए बड़े घोटाले किए हैं। यह घोटाला लाखों का नहीं , करोड़ों रुपये का है। गैरकानूनी तरीके से संपत्तियां बेची गई, इसके रुपये भी जमा नहीं किए गए। कोर्ट ने इस मामले की जांच विजिलेंस को सौंपा है। साथ कहा कि एक सप्ताह के अंदर प्रारंभिक रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें।

बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति के चुनाव 19 मार्च 2023 को हुए, जिसमें याचिकाकर्ता पक्ष विजयी रहा। जीत के बावजूद उन्हें पुराने पदाधिकारियों ने में प्रमुख रूप से प्रतिवादी संख्या 9 - प्रवीन सिंह उर्फ प्रवीन सिंह बाफिला और प्रतिवादी संख्या 10 - लखन सिंह बलियानी शामिल हैं। कोर्ट के रिकॉर्ड से पता चला कि लखन सिंह बलियानी ने 11 अप्रैल 2023 को 1.31 करोड़ में एक रजिस्ट्री कर दी, जबकि वह निर्वाचित नहीं हुए थे और समिति के खाते में उस रजिस्ट्री की एक भी पाई जमा नहीं की गई। इतना ही नहीं, उन्होंने 100 से अधिक रजिस्ट्रियां कीं, और समिति के खाते में एक भी पैसा नहीं जमा किया।

### कागजों में ही सिमटा रजिस्ट्री निरस्त करने का आदेश

- कोर्ट ने पाया कि प्रवीन सिंह और लखन सिंह ने विकास शुल्क के नाम पर 8.34 करोड़ वसूल लिए, लेकिन इसका कोई ऑडिट नहीं हुआ और न ही कोई रसीद या लेन-देन अभिलेख है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सात सदस्यीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट (27 अगस्त 2024) में दोनों प्रतिवादियों को धोखाधड़ी और निधियों के गबन का दोषी माना था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे पहले 2 मई 2025 को सहायक निबंधक ने सभी अवैध रजिस्ट्रियों को निरस्त करने का आदेश दिया था, लेकिन वह आदेश भी कागजों तक ही सीमित रहा। कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों से पता चला कि प्रवीन सिंह पर पहले से 5 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज बनाने और गिरोहबंदी अधिनियम की धाराएं भी शामिल हैं। कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता से जवाब मांगते हुए कहा कि जब इतने गंभीर आरोप और साक्ष्य मौजूद हैं, तब भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई, ना ही गबन की गई राशि की वसूली के प्रयास हुए। साफ है कि जांच सही से नहीं की गई है।

### युवक का मोबाइल फोन लूट लिया

**अमृत विचार, लखनऊः** बताया कि वह 102 एंबुलेंस सेवा में काम करते हैं। आठ सितंबर को देर रात वह ड्यूटी कर अयोध्या जाने के लिए चारबाग जा रहे थे। वह चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे खड़े थे। तभी एक फोन आ गया। उन्होंने बात करने के लिए जेब से मोबाइल निकाला। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल फोन लूट लिया।

# केजीएमयू के चार रेजीडेंट समेत सात डॉक्टरों से ठगे 30 लाख रुपये

## आरोपी डॉक्टर दंपति भी केजीएमयू में कार्यरत, दंपति व एक अन्य डॉक्टर पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः केजीएमयू के चार रेजीडेंट डॉक्टरों समेत प्रदेश के सात चिकित्सकों से करीब 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। ठगी केजीएमयू में तैनात डॉक्टर दंपति ने कंपनी में निवेश के नाम पर की। इतना ही नहीं पीड़ितों पर और डॉक्टरों को जोड़ने का दबाव भी डाला और मना करने पर धमकाया। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने भविष्य बर्बाद करने की धमकी दी। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के आदेश पर चौक पुलिस ने गुरुवार को डॉक्टर दंपति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जूनियर रेजीडेंट डॉ. मोहम्मद आमिर हुसैन ने बताया कि 2024 में फिजियोलॉजी विभाग में जूनियर रेसीडेंट डा. साक्षी वर्मा ने केजीएमयू एनाटमी विभाग के सीनियर रेजीडेंट के पति डॉ. अजय कुमार वर्मा से कराई। डॉक्टर दंपति ने विभूतिखंड साइबर टॉवर स्थित अपनी कंपनी ग्रीन बाई वेदा के कुछ पेपर दिखाकर निवेश के लिए प्रेरित किया। उनकी मुलाकात पूर्व में केजीएमयू से जुड़े डॉ.. गौरव सिंह से भी कराई। डॉ. हुसैन ने 7 लाख रुपये का निवेश कर दिए। इसके बाद दंपति ने होटल बुलाकर कंपनी के नियम-कानून की शर्त बताकर पेपरों पर साइन करवाए। फिर और लोगों को निवेश के लिए जोड़ने का दबाव बनाया। मना करने पर धमकाया। डरे-सहमे डॉ. हुसैन ने साथी डॉ. मोहम्मद फिरोज खान को जोड़कर 7 लाख निवेश कराए। इसके एवज में उनके खाते में कमीशन भेजा गया।

दंपति ने डॉ. आशुतोष सिंह से 6.06 लाख का निवेश करवाया। पीड़ित मोहम्मद आमिर हुसैन के नाम से फर्जी मेल आईडी बनाकर कंपनी के पोर्टल पर उनका अकाउंट बना दिया। पीड़ितों के परिवार का आधार कार्ड व पैन कार्ड लेकर नॉमिनी बनाने का झांसा दिया। डा. हुसैन ने कंपनी छोड़ने और रुपये वापस मांगे तो उन्हें फर्जी मामले में फंसाकर कैरियर खराब करने की धमकी दी गई।

पीड़ित ने बताया कि दंपति ने वाराणसी के रहने वाले डॉ. आशीष कुमार से 3 लाख, डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी से 3 लाख, डॉ. अनुपमा वर्मा और डॉ. राघवेंद्र सिंह से 2.20 लाख रुपये निवेश कराए। पीड़ित डॉक्टरों ने मामले की शिकायत डीसीपी पश्चिम से की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर चौक पुलिस ने डा. साक्षी वर्मा, डा. अजय कुमार वर्मा, डा. गौरव सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।पीड़ित डॉ. मोहम्मद आमिर हुसैन ने धोखाधड़ी की शिकायत केजीएमयू प्रशासन से की गई। इसपर आरोपी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने आमिर के खिलाफ ही अमेठी साइबर सेल में शिकायत की। जिसपर पीड़ित का बैंक खाता फ्रीज हो गया। पीड़ित ने वहां जाकर आपबीती बतायी। उसके बाद डीसीपी से शिकायत की।

### तीन युवकों के खाते से उड़ाए 1.35 लाख

- साइबर ठग ने तीन युवकों के खातों से 1.35 लाख रुपये उड़ा लिए। मड़ियांव के शेरवानी नगर निवासी सैयद नजमुल हसन का बचत खाता इंडियन बैंक केजीएमयू शाखा में है। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को साइबर जालसाज ने उनके खाते से दो बार में 17 हजार रुपये गायब कर दिए। मैसेज देख पीड़ित ने बैंक में जानकारी की तो पता चला कि किसी अबूजर फरहत के खाते में रुपये गए हैं। पीड़ित ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विश्वास खंड-2 निवासी महेंद्र गोपाल गुरहा ने बताया कि 8 सितंबर को साइबर जालसाज ने खाते से दो बार में 60 हजार रुपये पार कर दिए। उधर, आलमबाग के जयप्रकाश नगर निवासी आयुष गुप्ता ने बताया कि साइबर ठग ने उनके मोबिक्विक ई-वॉलेट से 58 हजार रुपये निकाल लिए। साइबर सेल में शिकायत के बाद पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### 4.11 करोड़ बकाया हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

- **अमृत विचार, सरोजनीनगर :** दवा कारोबारी ने दिल्ली के दवा कंपनी मालिकों पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी की शिकायत पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर से शिकायत की। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रांसपोर्ट नगर निवासी अनिल कुमार दुबे लाइफ केयर रेमेडीज फर्म के मालिक हैं। वे वर्ष 2016 से इंटेक्स फार्मा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के उत्पादों की लखनऊ व आसपास के 15 जिलों में थोक बिक्री कर रहे थे। मौखिक समझौते के तहत कंपनी ने उन्हें क्षेत्रीय वितरक बनाया था और तय हुआ था कि कम्पनी अब लखनऊ जिले में लाइफ केयर रेमेडीज के अलावा सीधे किसी फुटकर विक्रेता को माल सप्लाई नहीं करेगी।इसी दौरान अयोध्या में कंपनी का एक इंजेक्शन मानक के विपरीत पाए जाने पर प्रतिबंधित हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसके पास लगभग चार करोड़ रुपये का स्टॉक जमा है, जिसका भुगतान वह पहले ही कर चुके हैं। इसके अलावा कंपनी पर करीब 11 लाख रुपये की प्रमोशन और भ्रमण संबंधी राशि भी बकाया है।



हजरतगंज में अशोक मार्ग पर इंडियन बैंक के आवासीय गेट पर मिले लावारिस बैग के पास खड़े पुलिसकर्मी।

# यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक से ट्रांसफर कराए 1.03 लाख रुपये

- इंस्टा पर संपर्क कर बुलाया और चाकू के बल पर लूट लिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक को इंस्टाग्राम पर संपर्क कर गिरोह ने मिलने बुलाया। खुर्रमनगर के सीमैप जंगल में चाकू के बल पर बंधक बनाकर 1.03 लाख रुपये और मोबाइल का डेटा ट्रांसफर करा लिया। पीड़ित ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई है।

विभूतिखंड निवासी नीरज सिंह यूपीएससी की तैयारी करने के साथ ऑनलाइन क्लास चलाते हैं। जिसके माध्यम से वे इंजीनियरिंग और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों को गाइड करते हैं। कुछ दिन पहले उनके इंस्टाग्राम पर मैसेज आया। एक युवक ने प्रतियोगी परीक्षा के सिलसिले में मिलने की इच्छा जताई। उसे 20 अगस्त को खुर्रमनगर इलाके में बुलाया।

युवक नीरज को सीमैप के पास जंगल में ले गया। वहां उसके तीन-चार साथी मौजूद थे। उन्होंने चाकू के बल पर नीरज को बंधक बनाकर 1.03 लाख रुपये के अलावा मोबाइल का व्यक्तिगत डेटा, फोटो और वीडियो ट्रांसफर कर लिया। शिकायत करने पर डेटा वायरल करने की धमकी दी। युवक ने खुद को पुलिसकर्मियों का बेटा बताया। इंदिरानगर थाने में कार्रवाई न होने पर नीरज ने ने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद उनके 90 हजार रुपये ब्लॉक करा दिए गए।

### तहरीर बदलने का बनाया दबाव

- पीड़ित की शिकायत पर डीसीपी शशांक सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए, लेकिन थाने में कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिस ने तहरीर में संपर्क करने वाले का नाम लिखने को कहा, अन्य का नहीं। एक आरोपी की मां को पीड़ित के घर का पता भी बताया। जिसके बाद आरोपी की मां उनके घर पहुंच गई।

### बीबीएयू बवाल में दो रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, आशियानाः** बीबीएयू में विश्वकर्मा पूजा के दिन बुधवार को हुए बवाल पर पुलिस ने अब सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। पुलिस ने बुधवार देर रात एक गुट के घायल छात्रों व बीबीएयू के कुलसचिव की तहरीर दो रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार ने तहरीर में आरोप लगाया गया कि 17 सितंबर की सुबह करीब 11:30 बजे दो छात्र गुटों के बीच विवाद हो गया था। छात्रों ने कैंपस में मारपीट और तोड़फोड़ की। प्रशासन ने अज्ञात छात्रों पर रिपोर्ट दर्ज करा छात्रों की सूची जांच के बाद देने की बात कही है। छात्रों ने अंचित तिवारी, प्रखर राज शुक्ला, युवराज सिंह, शिवम यादव, सौरभ गौर, क्षितिज प्रताप सिंह, कृष्णा श्रीवास्तव के खिलाफ तहरीर दी है।

# छह माह से चल रही थी बैंक मैनेजर की जांच

अमृत विचार Follow UP

- गिरोह के सदस्यों की संपत्तियों की डिटेल जुटा रही एसटीएफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** फर्जी दस्तावेज पर लोन कराने वाले गिरोह के मास्टर माइंड यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक के खिलाफ छह माह से विभागीय जांच चल रही थी। आरोप के बाद उसे जानकीपुरम शाखा से हटाकर विकासनगर शाखा में लोन प्रबंधक की जिम्मेदारी दे दी गई। गिरफ्तारी के समय गिरोह के सदस्यों के पास नावेद के नाम से छह फर्जी आधार कार्ड मिले थे। एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक बैंक मैनेजर समेत गिरोह के सभी सदस्यों के संपत्तियों की डिटेल जुटा रही है।

एसटीएफ ने रविवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर गौरव सिंह, ठाकुरगंज के हुसैनबाद निवासी नावेद हसन, राजाजीपुरम निवासी अखिलेश तिवारी और उन्नाव के हसनगंज स्थित नंदौली निवासी इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार किया था। ये सभी लोग आम जनता से उनके दस्तावेज लेकर अपने हस्ताक्षर और फोटो लगाकर मुद्रा लोन, कार लोन समेत अन्य तरह के लोन लेकर बैंक को चूना लगा रहे थे।

बैंक मैनेजर गौरव सिंह की संपत्ति की जानकारी जुटा रही है। इसके अलावा गिरोह के अन्य सदस्यों की भी संपत्तियों की जांच की जा रही है। इस जानकारी के आधार पर संपत्ति कुर्क करके पीड़ितों को उनका पैसा दिलवाया जा सकेगा। इसके अलावा, एसटीएफ ने अलग-अलग विभागों को भी पत्र लिखा है।

जांच में सामने आया कि तीन वर्ष में गौरव सिंह ने 50 से अधिक बड़े लोन पास कराये। इसमें मुद्रा लोन, कार लोन समेत अन्य लोन शामिल थे। यही नहीं, उससे पहले कई वर्षों में इतनी जल्दी इतने लोन पास नहीं हुए थे। सवाल यह उठता है कि गौरव ने इतनी जल्दी लोन कैसे करवा दिए और इस पर किसी उच्चाधिकारी ने ध्यान तक नहीं दिया।

### नावेद ने छह आधार कार्ड पर कराया था लोन

- एसटीएफ की जांच में सामने आया कि ठग नावेद के पास से फर्जी दस्तावेज मिले, जिनमें छह आधार कार्ड बरामद हुए हैं। ये सभी आधार कार्ड नावेद हसन, नवाद इलियास, नावेद सिद्दिकी, नावेद और नावेद सईद समेत अन्य नामों से हैं। इन सभी आधार कार्ड को जांच के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है, ताकि यह पता चल सके कि असली कौन सा है। एसटीएफ ने बताया कि बैंक मैनेजर गौरव सिंह की करतूत छह महीने पहले ही विभाग को पता चल गई थी, जिसके कारण उन्हें जानकीपुरम ब्रांच से मैनेजर पद से हटाकर विकासनगर भेजा गया था। अब सवाल यह उठता है कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उनके हटने के बाद भी लोन कैसे स्वीकृत होते रहे? उनसे संपर्क में आने वाले लोगों की जांच क्यों नहीं करवाई गई? साथ ही उनके पास किए गए लोन की जांच क्यों नहीं हुई? एसटीएफ बैंक के सीनियर अधिकारियों को पत्र लिखकर इन सवालों के जवाब जानने का प्रयास करेगी। एसटीएफ इस मामले में आगे की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

लापरवाही

काकोरी अमेठिया सलेमपुर की थोक मंडियों में मनमाने तरीके से किया जा रहा कारोबार

# थोक पटाखा कारोबारियों ने ताक पर रख दिए नियम

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** कम वजन के पटाखे बेचने का छोटा लाइसेंस लिया और ज्यादा भार का व्यापार करना शुरू कर दिया। कारोबारियों ने पटाखा जमा करने और दुकान चलाने के मानक तक ताक पर रख दिए हैं। न दुकानों के आकार की परवाह है और न ही मानकों के अनुसार वजन की।

बात काकोरी अमेठिया सलेमपुर की थोक पटाखा मंडी की है। जहां कारोबारियों ने मनमाने तरीके से पटाखों का व्यापार शुरू कर दिया है। वह भी तब जब मात्र बीस दिन पहले ही राजधानी के बेहटा में अवैध पटाखे के कारोबार में हुए विस्फोट से चार लोगों ने जान गंवाई थी। इसके बाद भी कारोबारियों और जिम्मेदारों ने सबक नहीं लिया है। लखनऊ का सबसे बड़ा थोक पटाखा बाजार अमेठिया सलेमपुर में है। इसमें लगभग 59 लाइसेंसी है। कुछ दुकानदारों को छोड़कर सभी दुकानदार अपनी सीमा को पार करते हुए बड़े-बड़े शोरूम बना रखे हैं।

कमिश्नर के लाइसेंस पर जिसकी पटाखा जमा करने का वजन 450 से 600 किग्रा. होती है उस पर ही यह कारोबारी बड़ा काम करते हैं। पटाखा कारोबार लाइसेंस के लिए अलग-अलग वजन, स्टॉक जमा करने और दुकानों के लिए साइज तक निर्धारित हैं। लेकिन यहां इनका अनुपालन नहीं होता है। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बब्लू कुमार ने बताया कि गुडंबा घटना के बाद फायर वर्क्स डीलर एसोसिएशन के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए गए हैं।

राजधानी के छोटे-बड़े 101 पटाखा व्यवसायी लाइसेंस धारकों को यूपी कॉप एप पर चरित्र सत्यापन कराने को कहा गया है। इनमें पश्चिम जोन में 59, दक्षिणी जोन में 24, उत्तरी जोन में 15 व पूर्वी जोन में 3 लाइसेंस धारक हैं। दुकानों व भंडारण गृह अलग होंगे। इसके बाहर लाइसेंस की प्रतिलिपि भी चस्पा करने के निर्देश दिए गए थे।

संबंधित एसीपी व सीएफओ द्वारा लगातार जांच की जा रही है। अगर लाइसेंस से अधिक का माल मिलने की शिकायत मिलेगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### तीन तरह के लाइसेंस होते हैं जारी

- पहली तरह का लाइसेंस- कमिश्नरेट स्तर से जारी होता है। इसमें 450 से 600 किग्रा. तक के वजन का पटाखा रखने की अनुमति होती है। गोदाम भी पटाखा बेचे जाने वाली दुकानों से दूर होना चाहिए।
- दूसरी तरह का लाइसेंस आगरा के चीफ कंट्रोलर की ओर से जारी होता है। इसमें कारोबारी को 1,500 किग्रा. पटाखा बेचने की अनुमति होती है। साथ ही करीब 5,000 किग्रा. पटाखा जमा करने के लिए दुकान से दूर तमाम सख्त नियमों के साथ गोदाम में सुरक्षित रखे जाने की सहमति होती है। सबसे जरूरी बात यह है कि इस वजन के व्यापार के लिए दुकानों का साइज 180 से 200 स्क्वायर फीट होना चाहिए। बड़ी दुकान कतई नहीं होनी चाहिए।
- तीसरे प्रकार का लाइसेंस नागपुर से जारी होता है। इन्हें व्यापारिक आम भाषा में मैंगजीन के रूप में जाना जाता है। इसके वजन की कैपासिटी 50,000 किग्रा. से शुरू होकर दो लाख किग्रा. तक होती है। इसके लिए तमाम सख्त गाइड लाइनें हैं।

### साइज से बड़ी दुकान गोदाम साथ-साथ

- कम वजन रखने वाला यानी 450 से 600 किग्रा. तक वजन का लाइसेंस ले लिया। मानक ताक पर रखकर साइज से दो से ढाई गुनी बड़ी दुकान बनवाई और इस छोटे लाइसेंस की आड़ में करीब तीन गुना माल जमा कर लिया। नियम इतने सख्त हैं कि दुकान के बराबर या इसके आसपास गोदाम नहीं होना चाहिए लेकिन इस मंडी में इस नियम का भी खुलेआम उल्लंघन होता मिलेगा। ज्यादातर दुकानों के बगल में ही गोदाम भी मिलेंगे। जब जिम्मेदार पहुंचते हैं तो पटाखा व्यापारी लाइसेंस दिखा कर सब कुछ सही होने का हवाला देते हैं। वजह यह रहती है कि पुलिस के जिम्मेदार न दुकानों के साइज की जांच करते हैं और न ही आसपास बने गोदाम के माल के वजन की चेकिंग।

अमृत विचार
अवध बाज़ार

GSTIN:09CUOPT8181M1ZE
THE SOLAR POWER
We Deals: Residential & Commercial Solar System
On-Grid & Off Grid Consultation, Installation
SS-2 SEC D 1 1679 B LDA OPP
LAW COLLEGE ROAD ASHIYANA LUCKNOW 226012
Loan available at just 7% interest
Ankur tiwari
CONTACT : +917705009011
PM MUFT BIJLI YOJNA

HotelEKAS
Wedding | Engagement | Anniversary | Rooms | Conference | Restaurant | Kitty Party | Birthday Party Rooftop Opening Soon
Capacity of Banquet starting form 50 to 800 Pax
279/48, Behind Charbagh Bus Station Mawaiya Scheme 81, Kanpur Road, Pan Dariba Lucknow - 226005
0522-4115460, +91-9936024555,

शराब की लत से परेशान है?
स्मैक, गाँजा, चरस, DRUGS वाईटनर, कैप्सूल, भांग, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू से नशे के उपचार के लिए मिलें।
दुबले-पतले लड़के/ लड़कियाँ/बच्चे
जो मोटे नहीं होते ज्यादा खाये आयुर्वेदिक औषधि द्वारा खाया पिया पचा कर 15 दिनों में फर्क महसूस करें। सेहत व वजन बढायें।
विबग्योर क्लीनिक
लेखराज मार्केट-1, इन्दिरा नगर, लखनऊ- 9935056088 9415011172

GSTIN:09CFBPB7686B1ZJ
Dot Energy Enterprises
We Deals: Residential & Commercial Solar System
On-Grid & Off Grid Consultation, Installation
Add : 367/21, Fatuhabad, Sahadatganj, Near Samrahi chowki Lucknow, Uttar Pradesh
Mob: 8948021107
PM MUFT BIJLI YOJNA

आमंत्रण
रत्नराशि ज्वैलर्स
Ratanrashi Jewellers
सोना, चाँदी व हीरे के ज़ेवरात एवं राशि रत्न
नीलगिरि चौराहा, फैजाबाद रोड, इन्दिरा नगर लखनऊ
फोन: 0522 2355399, + 91 9415142856, 7007633030

Residential/ Investment Plots available
CIVILIAN GREEN
CIVILIAN'S DREAM
CIVILEA GREEN CITY
Kanpur Road, Lucknow
Mob: 9616826300
OFFICE :- CIVILEA CONSTRUCTION
Near Kaiserbagh Kotwali Lucknow

CurePoint Homeopathic Clinic
क्योर प्वाइंट होम्योपैथिक क्लीनिक
डॉ. आकांक्षा पाण्डेय
BSc, B.H.M.S.
विशेषता :- स्त्री, बाल्य व चर्म रोग
प्रतिदिन
मो. 9044270667
डॉ. रूपेश कुमार पाण्डेय
B.H.M.S. , MD(Hom.)
विशेषता :- जटिल, असाध्य रोग
रविवार अवकाश
मो.9580301000
पता : भारत पेट्रोलियम पम्प के सामने, SBI बुद्धेश्वर के पीछे, बुद्धेश्वर चौराहा, लखनऊ

## सिटी ब्रीफ

### पितृपक्ष का समापन 21 को

अमृत विचार, लखनऊ : भाद्रपद माह की पूर्णिमा से शुरू हुआ पितृ पक्ष 21 सितंबर रविवार को अमावस्या के दिन तर्पण और पिंडदान के साथ समापन होगा। इस दिन पितृविसर्जनी अमावस्या या सर्वपितृ अमावस्या का श्राद्ध किया जाएगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान माना जाता है कि पूर्वज पृथ्वी पर अपने परिजनों से मिलने आते हैं। उन्हें प्रसन्न करने के लिए तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध किए जाते हैं, जिससे उनकी आत्मा को शांति मिलती है और परिजनों को पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है। जिन पूर्वजों की पुण्यतिथि ज्ञात नहीं होती, उनके लिए पितृविसर्जनी अमावस्या के दिन तर्पण और श्राद्ध किया जाता है। यह दिन समस्त पितरों के विसर्जन का दिन होता है और इस दिन श्राद्ध करना विशेष पुण्यदायी माना जाता है।

### अभियान चला स्वदेशी का समर्थन किया

अमृत विचार, लखनऊ : राजाजीपुरम क्षेत्र में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने हस्ताक्षर कर स्वदेशी के समर्थन का संकल्प लिया। व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने व्यापारियों से स्वदेशी अपनाने के लिए संकल्प करवाया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपना कर ही हम अमेरिका के राष्ट्रपति को जवाब दे सकते हैं। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, आकाश गौतम, सरदार हरमिंदर सिंह, रमेश शुक्ला, महिला उपाध्यक्ष कंचन श्रीवास्तव, विकास सक्सेना, शुभम मौर्य, आदित्य कमल सक्सेना, संजय निधि अग्रवाल, शुभम गुप्ता, राजेश गुप्ता, पवन यादव, प्रमोद जैन, रंजय शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### शतरंज प्रतियोगिता में कोमल ने मारी बाजी

अमृत विचार, लखनऊ : नवयुग कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को आयोजित अंतर-संकाय शतरंज प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल कुकरेजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय की खेलकूद समिति की देखरेख में किया गया था। बीए द्वितीय वर्ष की प्रियंका राव को दूसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रही, वहीं बीए प्रथम वर्ष की मान्या गुप्ता ने तीसरा स्थान पाने में सफल रही। बीए प्रथम वर्ष की ही निधि सिंह को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर डॉ. भावना और ज्योति वर्मा भी मुख्य रुप से मौजूद रहीं।

### एनबीआरआई में मना हिंदी पखवाड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : सीएसआईआर– राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में हिंदी पखवाड़ा समारोह का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ स्थित सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा संस्थान के पुस्तकालय द्वारा आयोजित हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी का उदघाटन किया गया एवं हिंदी प्रोत्साहन पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। मुख्य समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. अजित शासनी ने अपने स्वागत संबोधन में मुख्य अतिथि एवं उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए राजभाषा के अधिकतम उपयोग के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की राजभाषा समिति के उपाध्यक्ष डॉ. एस के ओझा के द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

### इंटरनल हैकथॉन का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आज स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 के लिए इंटरनल हैकथॉन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 33 टीमों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 210 छात्र-छात्राएं थीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शान-ए-फ़ातिमा (सहायक आचार्य, सीएसई विभाग) ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सायमा अलीम, डॉ. अमन मिश्रा एवं स्वयं डॉ. शान-ए-फ़ातिमा शामिल रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों के आइडिया प्रपोज़ल्स और प्रोटोटाइप्स का मूल्यांकन किया। प्रतिभागियों ने 33 नवाचारी विचारों पर कार्य करते हुए विभिन्न सामाजिक एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमें राष्ट्रीय स्तर के ग्रैंड फिनाले में प्रतिनिधित्व करेंगी।

# नौटंकी शैली में हुआ वन चले... राम रघुराई का मंचन

## सांस्कृतिक संस्था बुद्धम थियेटर सोसायटी की और से कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



रायउमानाथ बली प्रेक्षागृह में बुद्धम थियेटर सोसाइटी की प्रस्तुति वन चले राम रघुराई का दृश्य। अमृत विचार

अमृत विचार : सांस्कृतिक संस्था बुद्धम थियेटर सोसायटी की और से मर्यादा पुरुषोत्तम राघवेंद्र सरकार की महिमा का गुणगान जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नौटंकी शैली पर आधारित प्रस्तुति वन चले... राम रघुराई का मंचन किया गया। यह आयोजन कैसरबाग स्थित राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में किया गया।

इस प्रस्तुति की परिकल्पना, लेखन, निर्देशन व संगीत अमित दीक्षित रामजी ने किया। इस संगीतमय नौटंकी नाट्य प्रस्तुति में राम के आदर्श व चरित्र का पूर्ण चित्रण है। इस पूर्ण कथा के सूत्रधार नारद जी हैं। वो उनकी समस्त कथा का मर्म व सार बताते हैं। पहली बार रामायण के प्रसंग में मंच पर नारद जी का आना और सूत्रधार के रूप में समाज को राम की लीला व उनके सुकुत्यों का वर्णन कर उनके मर्यादित चरित्र पर आधारित प्रस्तुति वन चले... श्रीराम रघुराई का मंचन बड़े मार्मिक व रोचक ढंग से सम्पन्न हुआ।

कथा के अनुसार राम अपने तीनों भाइयों व अपनी-अपनी धर्मपत्नियों सहित जनकपुर से अयोध्या वापस आते हैं और जन-भावनाओं की इच्छानुसार उनका फिर से जयमाल होता है। दशरथ जी वानप्रस्थ ग्रहण करने एवं राम को राजा बनाने का निर्णय लेते हैं लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा न होकर घटनाक्रम वेदनापूर्ण हो जाता है।

- लेखन, निर्देशन व संगीत अमित दीक्षित रामजी ने किया

राजा दशरथ द्वारा कैकयी को दिये गये वरदान के कारण राम को वनवास व भरत को राजा घोषित किये जाने का निर्णय दशरथ द्वारा लिया जाता है। ऐसे अत्यंत मार्मिक वातावरण में राम अपने पिता के वचनों को पूरा करने के लिए वन जाने का निर्णय लेते हैं, जिसमें उनके भाई लक्ष्मण व सीता भी उनके साथ वनवास के लिए चल पड़ते हैं। अयोध्या अत्यंत वेदना से भर उठती है, लेकिन राम के अडिग निर्णय के आगे सभी विवश हो जाते हैं।

भरत ननिहाल से लौटते हैं और पिता की मृत्यु व राम वन-गमन का समाचार सुनते हैं तो सारा वातावरण वेदनापूर्ण हो उठता है। उनके द्वारा राम की अयोध्या पुर्नवापसी व सम्बंधित सभी घटनाएं अत्यंत मार्मिक बन पड़ी हैं। अंत मे राम व भरत के मार्मिक संवादों के बाद भरत राम की खड़ाऊं लेकर लौट आते हैं और उसे राज गद्दी पर रखकर उनको नंदीग्राम में अपना जीवन वनवासी की तरह व्यतीत करते हैं। भाई के प्रति भाई का स्नेह समस्त संसार के लिए प्रेरणा है।

लगभग 50 कलाकारों की भव्य नौटंकी प्रस्तुति ने अपने आप में एक अनूठी मिसाल कायम की। इस प्रस्तुति में नैतिक सिंह, अवंतिका शर्मा, निशांत पांडे, सत्यान्श, शुभ्रेश शर्मा, सुरेश श्रीवास्तव, कीर्तिका श्रीवास्तव, कंचन शर्मा, लता बाजपेयी, शिखा श्रीवास्तव, अभिषेक पाल, उद्धव सिंह, वैष्णवी श्रीवास्तव, कीर्ति चौरसिया, पंकज सत्यार्थी, अभिषेक शर्मा, अतुल यादव, रिनी मौर्य, अन्शिका सिंह, ज्योति गुप्ता, अमित सिंह और विशाल आदि ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।

# सृजनात्मक लेखन का मुख्य आधार हैं शब्द और अर्थ

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हिंदी प्रकोष्ठ ने हिंदी पखवाड़ा उत्सव के अंतर्गत कार्यशाला और सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश भर्ती बोर्ड के पुलिस उप महानिरीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध प्रकाश, संयोजक डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव और डॉ. शिव शंकर यादव उपस्थित रहे। सत्यार्थ अनिरुद्ध प्रकाश ने सृजनात्मक लेखन पर कहा कि सृजनात्मक लेखन का मुख्य आधार शब्द और अर्थ होते हैं। शब्द केवल ध्वनि मात्र नहीं, बल्कि संवेदना और विचारों के संवाहक होते हैं।

इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से एमटीएस कर्मचारियों के लिए सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समन्वयक के.बी.एल. श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अंत में डॉ. शिव शंकर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सुंदरकाण्ड के पाठ से पितृ प्रसन्न होते हैं : सपना गोयल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका और संस्थापिका, श्री परमान्द हरि हर मन्दिर, लखनऊ सपना गोयल के मार्गदर्शन में गुरुवार को पितृ पक्ष के अवसर पर भक्तों को संदेश दिया गया कि पितृपक्ष में सुंदरकाण्ड के पाठ से न केवल पितृ प्रसन्न होते हैं बल्कि आशीर्वाद भी देते हैं। हनुमान जी की कृपा से समस्त संकट दूर ही नहीं होते बल्कि सम्पूर्ण जीवन ही सुंदर बन जाता है। इस क्रम में आगामी शनिवार 20 सितम्बर को अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि परिसर में 12वां सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।



सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने गुरुवार को सनातन सेवा कार्य कर रहीं महिलाओं को संदेश दिया कि हिंदू संस्कृति में श्राद्ध केवल एक अनुष्ठान नहीं बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही श्रद्धा, कृतज्ञता और पारिवारिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। श्राद्ध का वास्तविक उद्देश्य अपने पितरों का स्मरण करना, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और उनके आशीर्वाद से परिवार को सुख-समृद्धि की ओर अग्रसर करना है।

इसी क्रम में जब श्राद्ध काल में सुंदरकांड का पाठ किया जाता है, तो यह न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि आध्यात्मिक और पारिवारिक दृष्टि से भी अत्यंत फलदायी सिद्ध होता है। रामचरितमानस के 5वें कांड को सुंदरकांड इसलिए कहा गया है क्योंकि इसमें हनुमानजी की भक्ति, पराक्रम और बुद्धिमत्ता का सुंदर चित्रण किया गया है।

# सत्य साईं बाबा की जन्मशती महोत्सव पर राजधानी पहुंची प्रेम प्रवाहिनी रथयात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रशांति निलयम, आंध्र प्रदेश से निकली प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का राजधानी के आशियाना स्थित शहनाई लॉन में ढोल-नगाड़ों, शंख ध्वनि और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत हुआ हुआ। भक्तों द्वारा अपने घरों से लाए गए 108 प्रकार के व्यंजनों का साईं बाबा को भोग लगाया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन संध्या, बाल विकास पर आधारित बच्चों का कार्यक्रम और सुमन मिश्रा द्वारा निर्देशित मनमोहक कठपुतली शो छेपी नाडू चेस तारा शामिल रहा। बच्चों द्वारा प्रस्तुत डांस ड्रामा चारों युगों में अवतार लीला ने दर्शकों का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमिताभ सरन, डॉ. सुधा राव,



सिर पर कलश रखकर रथ का स्वागत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

- सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का लखनऊ में भव्य स्वागत

संजय तिवारी, देवेंद्र गर्ग, सुनील गुप्ता, अजय कपूर, गोविंद मेहरोत्रा, डॉ. राकेश गुप्ता, विनोद बाजपेई, रविन्द्र खत्री, सुनील यादव, अंकित श्रीवास्तव, कविता भटनागर, छाया गर्ग, डॉ. मृदुला श्रीवास्तव, नीरू मेहरोत्रा, वीना गुप्ता, मनीषा बाजपेई, सुजैन खत्री और गीता रानी गुप्ता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही थी। लखनऊ से यात्रा का प्रस्थान 23 सितम्बर को होगा।

# फिक्की फ्लो ने अमनदीप ख्याल के सहयोग से सजाई यादगार शाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने गुरुवार को गोमती नगर के एक होटल में एक यादगार साहित्यिक और सांस्कृतिक संध्या ज़िंदगी मेरे ख्याल से का आयोजन किया। जिसे प्रसिद्ध कवि कलाकार और कहानीकार अमनदीप ख्याल ने प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम ने कहानी कहने और कविता के मंचन की अलग विधा को मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कथाकार अमनदीप ने फ्लो सदस्यों और उपस्थित मेहमानों की भावनाओं, विचारों और रोज़मर्रा की ज़िंदगी की खूबसूरती को एक भावपूर्ण यात्रा के रूप में अनुभव कराया। सरलता और गहराई का मिश्रण करते हुए अमनदीप के मनमोहक वर्णन ने दर्शकों को भावविभोर, प्रेरित और मंत्रमुग्ध कर दिया।

फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की



प्रस्तुति देते अमनदीप ख्याल।

अध्यक्ष वंदिता अग्रवाल ने बताया कि हमारे सदस्यों के लिए यह कार्यक्रम समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक अनुभव प्रदान करने वाला रहा। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयास रहता है कि कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने सदस्यों को मनोरंजन, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्यों, महिलाओं के सशक्तिकरण और व्यवसाय के प्रति प्रेरित करें। कार्यक्रम में इवेंट चेयर निवेदिता सिंह, सिमरन साहनी, वनिता यादव, स्मृति गर्ग और शमा गुप्ता मौजूद रहीं।

# प्राचीन ज्ञान प्रणाली को डिजिटल परिवेश में शामिल करने का सुझाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में गुरुवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। इस सम्मेलन में भारत के अलावा बांग्लादेश, श्रीलंका और जापान से विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी शामिल हो रहे हैं। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने इसका उदघाटन किया।

विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय संगीत सम्मेलन में दीप प्रज्ज्वलन के बाद नृत्य विभाग के विद्यार्थियों अशमी घोष, चानया मुंदो, जाह्नवी पाठक और रिदम श्रीवास्तव ने पं. राम मोहन के निर्देशन में सरस्वती वंदना पर कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन और नाद नर्तन के निर्देशक प्रो. रवि शर्मा ने डॉ. योगेश कुमार को प्रथम विदुषी कृष्ण बिष्ट एंडोवमेंट अवॉर्ड-2025 से सम्मानित किया।



डॉ. योगेश को सितार देकर सम्मानित करतीं कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन।

- भातखंडे संस्कृति विवि में गुरुवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू
- बांग्लादेश, श्रीलंका और जापान से विषय विशेषज्ञ और शोधार्थी शामिल

उन्हें एक स्वरित सितार भेंट की गई।

सम्मेलन के पहले दिन परंपरा और आधुनिकता के संगम को विभिन्न शोध पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विशेषज्ञों ने प्राचीन ज्ञान प्रणाली को डिजिटल परिवेश में शामिल करने का सुझाव दिया। शोध पत्रों के निष्कर्ष से यह स्पष्ट हुआ कि डिजिटल प्रवृत्तियों को अपनाते हुए भी घरानेदार कलाकार लुप्त नहीं होंगे।

यह सम्मेलन विभिन्न विषयों पर चर्चा और विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है, जो भारतीय संस्कृति और कला के क्षेत्र में नए दृष्टिकोण और अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

# मेजर ऐश्वर्या वीजी को मिली कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी

अमृत विचार, लखनऊ : छावनी स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स-253 का सफल समापन किया गया। आठ सप्ताह के पाठ्यक्रम युवा सशस्त्र बलों के चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा अधिकारियों को गहन युद्ध चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 34 महिला अधिकारियों सहित 118 अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान कोर्स समापन परेड कराई गई। इसकी समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट एवं एएमसी अभिलेख प्रमुख तथा कर्नल कमांडेंट एएमसी लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने की। मेजर ऐश्वर्या वीजी, कमान अस्पताल, उत्तरी कमान उधमपुर को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड अधिकारी चुना गया और उन्हें कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी प्रदान किया गया। फील्ड इवेंट में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के लिए 319 फील्ड अस्पताल के सुमित यादव को मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह, अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया।

## ‘सुहाना सफ़र’ उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में हुआ आयोजन

# साहित्यकारों ने किया बिम्ब स्मारिका का विमोचन



बिम्ब स्मारिका का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी की प्रतिष्ठित साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था बिम्ब कला केन्द्र के 45 वर्ष पूर्ण होने पर उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में गुरुवार को यात्रा का उत्सव सुहाना सफ़र शीर्षक से आयोजित किया गया।

दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले सत्र में बिम्ब स्मारिका का विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार एवं उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, सेवानिवृत्त आईएस अधिकारी जीबी पटनायक, फिल्म, टीवी व रंगमंच अभिनेता डॉ.अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ व्यंग्यकार सूर्यकुमार पांडेय, संस्था के संस्थापक राजेश अरोरा शलभ, अध्यक्ष श्याम कुमार मिश्र व लखनऊ दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र ने किया।

संस्था के संस्थापक राजेश अरोरा शलभ ने बताया कि बिम्ब कला केन्द्र ने अब तक 175 से अधिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। इस अवसर पर गोपाल चतुर्वेदी की स्मृति में उनकी रचना जय देश-भारत-भारती पर शशांक व शिष्या वल्लरी ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित के रूप में पद्मश्री विद्या बिन्दु सिंह, दूरदर्शन के पूर्व अपर महानिदेशक डॉ. एसके ग्रोवर, शास्त्रीय गायिका सुनीता झिंगरन, केवल कुमार, गुलशन भारती, अर्चना सतीश, गोपाल सिन्हा, पद्मा गिडवानी, डॉ. पूर्णिमा पांडेय उपस्थित रहीं।

## सिटी डायरी



प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते व्यापारी मो. सूफियान।

### मोहम्मद सूफियान को मिला शिरोमणि सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद के व्यापारी व झंडेवाला पार्क रोड के अध्यक्ष मोहम्मद सूफियान को गुरुवार को व्यापारी शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें लॉकडाउन के दौरान तथा पिछले चार वर्षों में व्यापारी समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस अवसर पर युवराज सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



शपथ समारोह के मौके पर उपस्थित व्यापारी।

### मां चंद्रिका देवी मंदिर इकाई का गठन

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के विस्तार के अंतर्गत गुरुवार को मां चंद्रिका देवी मंदिर क्षेत्र के व्यापारियों की इकाई का गठन व शपथ समारोह आयोजित किया गया। सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें अंशुमान बाजपेयी अध्यक्ष, हरिद्वार सिंह प्रभारी, मनोज सिंह संरक्षक, राणा प्रताप सिंह महासचिव, जय नारायण बाजपेयी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महेंद्र कश्यप कोषाध्यक्ष, और शिवा सिंह संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। अन्य पदाधिकारियों में अनुज बाजपेयी संगठन मंत्री, ललित निषाद संयुक्त मंत्री, सोम प्रकाश बाजपेयी, शुभम सैनी सह सचिव, रवि सिंह मंत्री, सर्वेश साहू मीडिया प्रभारी, शैलेन्द्र बाजपेयी विधानसभा प्रभारी बनाए गए।



जानकारी देते अपरिमेय श्याम दास और अचिंत्य रूपिणी।

### श्रीमद्भागवत के माध्यम से जानें कैसे दूर हो जिन्दगी का तनाव

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मन्दिर (इस्कान) के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास और इस्कान गर्ल्स फोरम की निदेशक अचिंत्य रूपिणी ने गुरुवार को शहीद पथ स्थित आर्यावर्त कालेज में विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के माध्यम से यह बताया कि भागदौड़ भरी जिन्दगी में तनाव से कैसे उबरें। विद्यार्थियों को बताया गया कि वह आध्यात्मिक और भौतिक जीवन को कैसे प्रबंधित करें। साथ ही छात्रों को चिंता, अति-चिंतन एवं तनाव प्रबंधन के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।




प्रेस वार्ता को संबोधित करते गोपाल राय, साथ में अन्य।

### लव जिहाद के खिलाफ उठाई आवाज

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने देशभर में लव जिहाद को लेकर बड़ा बयान देते हुए आरोप लगाया कि भारत में लव जिहाद का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय है। उन्होंने सरकार से लव जिहाद पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून की मांग की। एक पीड़िता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि मोहम्मद सलमान ने प्रेमजाल में फंसाकर 10 वर्षों तक यौन शोषण किया।

## सिटी ब्रीफ

### स्पेलिंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा रुद्रांशी सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। रुद्रांशी ने विज इण्टरनेशनल स्पेल बी कम्पटीशन के नेशनल मेगा फाइनल राउण्ड में आल इण्डिया 7वीं रैंक अर्जित किया है। इस उपलब्धि हेतु रुद्रांशी को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीएमएस संस्थापिका निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने छात्रा की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्वच्छता अनुभाग की ओर से मानव श्रृंखला बनाकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य तौर पर प्रभारी सेनीटेशन डॉ. रविशंकर वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सफाई सेवकों ने मिलकर मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का महत्व सभी के बीच प्रसारित किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अध्यापकों को भी स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### गिरमिटियालॉजी पर शुरू हुई वेबसाईट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा जगत में पहली बार गिरमिटियालॉजी वेबसाईट का आरंभ लखनऊ विश्वविद्यालय में महामना मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। एनईपी- 2020 में सन्निहित गूढ़ विषयों को समाहित करते हुए गिरमिटियालॉजी एवं भारतीय संस्कृति पर आयोजित इस कार्यशाला में प्रतिभागी एवं प्रवक्ता के रूप में विश्व के अनेक देशों के प्रतिनिधियों ने सहभाग किया। सहसंयोजक डॉ. भारती राय ने विषय प्रवेश किया एवं विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार नाथ उपाध्याय के द्वारा प्रस्तावना रखी गई। एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. कमल कुमार ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।

### नव प्रवेशित छात्रों के लिए कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान ने विश्वकर्मा सभागार में नव प्रवेशित एमबीए छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया। प्रो. विनीता काचर ने कुलपति प्रो. मनुका खन्ना और प्रोफेसर मुकेश चंसोरिया का मोमेंटो देकर स्वागत और अभिनंदन किया। ओएसडी विनीता काचर ने नव प्रवेशित एमबीए छात्रों को संबोधित किया और प्रबंधन विज्ञान संस्थान और एनईपी एमबीए कार्यक्रम, बुनियादी ढांचे, सुविधाओं और प्रबंधन के सार के बारे में जानकारी दी। लक्ष्मी नारायण प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल के निदेशक प्रो. मुकेश चौरसिया ने मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### बीबीएयू व तकमील-उत-तिब के बीच एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय और राजकीय तकमील-उत-तिब विद्यालय एवं अस्पताल के बीच औपचारिक बैठक के दौरान आपसी सहयोग हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बीबीएयू के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल, डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू, राजकीय तकमील-उत-तिब विद्यालय एवं अस्पताल के प्रधानाचार्य डॉ. अब्दुल क़ावी फारूकी, बीबीएयू कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र, बीबीएयू के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष मिश्रा और डॉ. मणिराम सिंह उपस्थित रहे।

### स्कूल नेशनल गेम्स के लिए सुनीता का चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी की उभरती वेटलिफ्टर सुनीता वर्मा ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम की प्रशिक्षु सुनीता का चयन आगामी स्कूल नेशनल गेम्स के लिए किया गया है, जो इस वर्ष नवंबर में अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में आयोजित की जाएगी। सुनीता वर्मा ने जल्दी ही जौनपुर के राजा हरपाल सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल वेटलिफिटंग चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते हुए 58 किलोग्राम भार वर्ग में 132 किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक को अपने नाम किया।

# रैगिंग के विरोध में छात्रों ने किया जोरदार प्रदर्शन

## हंगामे के बाद छात्रों को समझाने पहुंचे विश्वविद्यालय के कुलानुशासक, छात्रों ने लगाया पक्षपात का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय में वरिष्ठ छात्र द्वारा रैगिंग करने के खिलाफ छात्र धरने पर बैठ गए। इस दौरान छात्रों ने जमकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और रैगिंग के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विश्वविद्यालय के गेट संख्या एक पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुडे छात्रों ने राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी अमन दुबे के खिलाफ प्रदर्शन किया। छात्रों ने इस मामले में कुलानुशासक पर भेदभाव करने का आरोप लगाया और कहा कि कुलानुशासक एकतरफा कार्रवाई कर रहे हैं।

आक्रोशित छात्रों ने शोधार्थी पर रैगिंग का आरोप लगाते हुए उसकी शिकायत यूजीसी के एंटी रैगिंग पोर्टल पर की थी। छात्रों का कहना है कि इस मामले में शिकायत कुलानुशासक कार्यालय में भी की गई। जिसके बाद बीते दिनों शोधार्थी और शिकायतकर्ता की आपस में मारपीट हुई। जिस पर शोधार्थी ने शिकायतकर्ता समेत कई अन्य छात्रों पर मुकदमा दर्ज करा दिया। इससे आक्रोशित छात्रों ने शोधार्थी के निलंबन और निष्कासन की मांग उठाकर विरोध जताया। आंदोलन के अंत में छात्रों के सामने प्रशासन को झुकना पड़ा।


लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में धरना देते छात्र। अमृत विचार

- शोधार्थी पर जूनियर की रैगिंग का आरोप, निष्कासन की मांग

### मांग पर अड़े रहे छात्र

कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी की अगुवाई में प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने धरनारत छात्रों को मनाने की भरपूर कोशिश की। लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे। छात्रों का कहना है कि रैगिंग के खिलाफ गलत मामला दर्ज किया गया है और कुलानुशासक ने पक्षपात किया है।

### अलगाव का माहौल बनाने पर हो कार्रवाई

छात्रनेता जतिन शुक्ला और ऋषेंद्र प्रताप सिंह ने मांग किया कि परिसर में अराजकता फैलाने और अलगाववाद पनपाने वालों कार्रवाई किया जाए। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि जो भी छात्र जिनका किसी भी अराजकता में हाथ नहीं था जांचकर नाम वापस लिए जाएं। परिसर का माहौल क्यों खराब है इसकी जांच की जाए। प्रशासन द्वारा सभी मांगों के मान लिए जाने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।


धरना दे रहे छात्रों को समझाते कुलानुशासक डॉ. राकेश द्विवेदी। अमृत विचार

# हुड़दंगी छात्रों पर बीबीएयू करेगा कठोर कार्रवाई

- विश्वकर्मा पूजन दिवस पर छात्रों में हुई थी मारपीट
- कुलपति ने बैठक बुलाकर जांच कमेटी बनाई
- विश्वविद्यालय कार्यक्रमों की जारी करेगा एसओपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विश्वकर्मा पूजन को लेकर हंगामा और मारपीट करने वाले छात्रों पर विश्वविद्यालय प्रशासन सख्त हो गया है। ऐसे छात्रों की सीसीटीवी फुटेज आदि से पहचान कर उनपर कठोर कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। हिंसा में लिप्त छात्रों ने विश्वविद्यालय की छवि को बट्टा लगाया है जिसे लेकर कुलपति ने सख्ती दिखाते हुए बैठक आयोजित की जिसमें संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सभी ने उक्त घटना की कड़ी निंदा की और छात्रों पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लिया जायेगा और कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जल्द ही विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के लिये मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करेगा। कुलपति ने विश्वकर्मा पूजन के दौरान उपद्रव करने वालों की जांच के लिए जांच समिति का गठन किया गया है। समिति 7 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और जो भी दोषी पाए जायेंगे उन पर सख्त कार्रवाई होगी।

**किसी को नहीं बख्शेंगे**

विश्वविद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और मारपीट की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार सिंह ने थाना आशियाना में मुकदमा दर्ज करवा दिया। तहरीर में कहा गया है कि तोड़फोड़ और मारपीट में कई छात्र शामिल हैं, जिनमें कुछ की पहचान की जा चुकी है, जबकि कई अज्ञात छात्र भी घटना में संलिप्त थे। कुलसचिव ने साफ कहा कि जांच के बाद दोषी छात्रों की सूची पुलिस को सौंपी जाएगी और किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### यह है मामला

विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग फैकल्टी में विश्वकर्मा पूजन पर कुछ छात्र पूजन और उत्सव करना चाहते थे। जिसका विरोध करने छात्रों का दूसरा गुट पहुंच गया। दोनों गुटों में बहस और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जिसके बाद मारपीट और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई। इस दौरान 2 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। नाराज छात्रों ने प्रशासनिक भवन के बाहर धरना शुरू कर दिया। छात्रों की मांग थी कि कुलपति खुद आकर उनकी शिकायत सुनें और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें।

# टीईटी मुद्दे पर प्रदेश सरकार से मजबूत पैरवी की मांग


भाजपा नेता को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित आदेश के क्रम में शिक्षक कोई कोर कसर छोड़ने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे के आह्वान पर जिलों में ज्ञापन कार्यक्रम जारी है। ज्ञापन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार से सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पैरवी करने व प्रधानमंत्री भारत सरकार से शिक्षक हित में उचित ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।

इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष विजय मौर्य को 3 अगस्त 2017 को शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 में संसद में हुए संशोधन के पुनरीक्षण हेतु प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को ''शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009'' से पूर्व सेवारत शिक्षकों पर समाप्त करने की मांग की गई है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री बृजेश कुमार मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष हरि शंकर राठौर, ब्लॉक गोसाईगंज वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## मंत्री राकेश सचान ने किया एग्रीफूड का उद्घाटन

**अमृत विचार , लखनऊ :** एमिटी विश्वविद्यालय परिसर में "एग्रीफूड 2025 कृषि एवं खाद्य विकास में प्रगति, सुधार और नवाचार" का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने किया। यह आयोजन एमिटी खाद्य एवं कृषि फाउंडेशन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एक जनपद एक उत्पाद) विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया।

## सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवयुग कन्या महाविद्यालय में प्राचीन भारतीय इतिहास के प्राची क्लब द्वारा लोक कला संग्रहालय लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय मृण्मूर्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि आफताब हुसैन अधीक्षण पुरातत्ववेत्ता विशिष्ट अतिथि डा. विनय कुमार सिंह, निदेशक, राज्य संग्रहालय लखनऊ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय एवं कार्यशाला समन्वयक प्रो. संगीता शुक्ला, अध्यक्ष प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग उपस्थित रहे।

# एकेटीयू में चला सफाई अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में गुरुवार को सेवा पखवाड़ा के तहत परिसर में साफ-सफाई के साथ ही पौधरोपण किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान कार्यालयों में भी सफाई की गयी। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि सफाई हमारी दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने पौधरोपण किया। कार्यवाहक कुलसचिव एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, उपकुलसचिव डॉ. डीपी सिंह, एसो. डीन डॉ. मनोज कुमार, सहा. कुलसचिव सुनील पाण्डेय, सहा. कुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव, सहा. कुलसचिव शिवम गुप्ता, सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह, स्टाफ आफिसर अमित मलिक मौजूद रहे।

# फॉल्कंस और टेक्ट्रो ने दर्ज की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के इकाना इंटरनेशनल फुटबॉल स्टेडियम में गुरुवार को जिला फुटबॉल लीग के अंतिम चरण के मुकाबलों की जोरदार शुरुआत हुई। दिनभर खेले गए दो अहम मुकाबलों में लखनऊ फॉल्कंस और टेक्ट्रो क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। पहले मुकाबले में लखनऊ फॉल्कंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ फॉल्कंस रिजर्व को 5-0 से करारी शिकस्त दी। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें आक्रामक रुख अपनाए रहीं, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। दूसरे हाफ में लखनऊ फॉल्कंस ने अपनी रणनीति को बदलकर खेल की दिशा को बदल दिया।

टीम के स्टार खिलाड़ी शिवनाथ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 53वें, 56वें और 64वें मिनट में लगातार तीन गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। इसके बाद 74वें मिनट में यहेनाइज और 80वें मिनट में जसबरन ने एक-एक गोल कर स्कोर को 5-0 तक पहुंचाया। फॉल्कंस रिजर्व के खिलाड़ी दूसरे हाफ में थके और असंगठित नजर आए, जिसका फॉल्कंस ने भरपूर लाभ उठाया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में टेक्ट्रो क्लब ने यूपी पुलिस को 2-0 से हराया। मुकाबले की शुरुआत से ही टेक्ट्रो ने नियंत्रण बनाए रखा और 13वें मिनट में उत्कर्ष ने साथी खिलाड़ी के पास पर गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। यूपी पुलिस ने गोल की भरपाई के लिए आक्रामक रणनीति अपनाई लेकिन टेक्ट्रो की डिफेंस ने उनके हर प्रयास को नाकाम कर दिया। 71वें मिनट में हिमांशु थापा ने बेहतरीन गोल कर टेक्ट्रो की बढ़त को 2-0 कर दिया। इसके बाद कोई और गोल नहीं हो सका और टेक्ट्रो ने मुकाबला जीतकर तीन अंक हासिल किए।

**आगामी मुकाबले :** शुक्रवार को दिलकुशा ग्राउंड पर दो अहम मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में लखनऊ सिटी क्लब की टक्कर स्पोर्ट्स कॉलेज से होगी। वहीं, दिन के दूसरे मुकाबले में एक्स स्टूडेंट मेंस यूनाइटेड क्लब का सामना यूपी पुलिस से होगा।


लखनऊ फॉल्कंस क्लब और रिजर्व के खिलाड़ी जीत के लिए संघर्ष करते हुए। अमृत विचार

- जिला फुटबॉल लीग में शिवनाथ की बनी हैट्रिक

## लविवि में नशा विरोधी संगोष्ठी का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में नशा विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर अग्रवाल ने सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का विजन-2047 युवाओं पर केन्द्रित है। इसलिए विकसित भारत के विज़न को मूर्तरूप देने हेतु सभी को विशेषकर युवाओं को पूर्ण मनोयोग से योगदान देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बृजेश शुक्ला, उपाध्यक्ष, उ०प्र० राज्य मद्यनिषेध परिषद द्वारा नशे की बुराइयों पर अपने विचार व्यक्त किये। एल वेंकटेश्वर लू, अपर मुख्य सचिव द्वारा मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं उनके सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के साथ-साथ इसके बचाव के तरीकों पर बताया गया। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया।

## सिटी डायरी


योगासन का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं।

### आदित्य और वैष्णवी ने योग में जीते स्वर्ण पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड स्थित मोहिबुल्लापुर क्षेत्र के बाल निकुंज इंटर कॉलेज में गुरुवार को आयोजित जनपदीय विद्यालयीय योगासन प्रतियोगिता में जिले के सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में बाल निकुंज इंटर कॉलेज के आदित्य पाल और वैष्णवी सिंह ने अंडर-17 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक और बालिका वर्ग के स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का उद्घाटन आईटीबीपी लखनऊ के दूरसंचार सेनानी मनोज सचान ने किया। उद्घाटन के बाद विविध आयु वर्गों में ट्रेडिशनल और आर्टिस्टिक योग स्पर्धाओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बीस-बीस प्रतिभागियों को पहला, दूसरा और तीसरे स्थान के लिए सम्मानित किया गया।


खुनखुन जी महाविद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान छात्राएं व प्राचार्या।

### खुनखुन जी में ब्यूटीशियन कोर्स शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** खुनखुन जी कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के लिए कम्प्यूटर और ब्यूटीशियन का निशुल्क कोर्स शुरू किया गया है। कौशल विकास के तहत छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कोर्स मे 30-30 छात्राएं पंजीकृत की गयी हैं। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया ने छात्राओं को संबोधित कर उक्त कोर्सों की जानकारी व आवश्यकता के बारे में बताते हुए कहा कि महाविद्यालय का प्रयास रहता है कि स्नातक उपाधि के साथ छात्राएं ऐसी कुशलता लेकर निकले कि वह स्वयं अपने पैरों पर खड़े हो सके और अन्य महिलाओं को भी रोजगार प्रदान करें। दोनो कोर्स के आयोजन में डॉ. स्नेहलता शिवहरे और डॉ. अपर्णा टंडन और प्रीति सिंधी ने सहयोग दिया।



सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान मानसी सिंह।

### फाइनल में पहुंची मानसी सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में चल रहे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश की स्टार खिलाड़ी और शीर्ष वरीय मानसी सिंह ने दमदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में छठवीं वरीय गुजरात की श्रेया लेले को हराकर मानसी ने यूपी के लिए पदक सुनिश्चित करने के साथ खिताब जीतने के करीब आ गई हैं। महिला एकल सेमीफाइनल में मानसी ने श्रेया को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में मात दी। मैच में मानसी के तेज स्मैश और बेहतरीन कोर्ट कवरेज ने श्रेया को खासा परेशान किया।


सूक्ष्म जीवों पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति व अन्य वक्ता।

### अंतरराष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस मनाया गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस 2025 को माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। आयोजन का उद्देश्य मानव जीवन, पर्यावरण और औद्योगिक प्रक्रियाओं में सूक्ष्मजीवों के महत्त्वपूर्ण किंतु प्राय: अनदेखे योगदानों को रेखांकित करना था। स्वागत भाषण में डॉ. वंदिता ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन किया।

क्रिकेट प्रतियोगिता | ऑस्ट्रेलिया ए के साथ अनौपचारिक टेस्ट मुकाबला

# ध्रुव जुरेल के शतक से भारत ए ने मैच में की जोरदार वापसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बारिश के कारण दिन का खेल 73 ओवर का खेल ही हो पाया
- भारत ए के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी होकर रन बटोरे

**अमृत विचार:** इकाना स्टेडियम में भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच चल रहे पहले अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन गुरुवार को भारतीय बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच में जोरदार वापसी की। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव चंद्र जुरेल के नाबाद 113 रन और देवदत्त पडिक्कल के नाबाद 86 रन की बदौलत मेजबान टीम ने चार दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 403 रन बना लिए।

बारिश के कारण दिन का खेल 73 ओवर का खेल ही हो पाया। जिसमें भारत ए के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी होकर रन बटोरे। भारत ए के लिए ध्रुव जुरेल ने जिम्मेदारी भरी पारी खेलते हुए 115 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वहीं, देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे छोर पर टिककर बल्लेबाजी करते हुए 178 गेंदों पर 13 चौके और एक छक्का जड़ते हुए 86 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 181 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इससे पहले, साई सुदर्शन ने 73 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके लगाए और टीम को 213 के स्कोर तक पहुंचाया। नारायण जगदीशन ने भी शानदार 64 रन बनाए, लेकिन वह बार्टलेट की गेंद पर विकेटकीपर फिलिप को कैच थमा बैठे। भारत ए के कप्तान श्रेयस अय्यर एक बार फिर उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और मात्र 8 रन बनाकर रॉकीचॉली की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट करार दे दिए गए। ऑस्ट्रेलिया ए के गेंदबाज पूरे दिन संघर्ष करते नजर आए। लियाम स्कॉट, बार्टलेट, कूपर कॉनली और रॉकीचॉली को एक-एक विकेट मिला।


ध्रुव जुरेल

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व मंत्री जंग बहादुर के केस में गवाह तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए कोर्ट के जज राकेश ने पूर्व मंत्री जंग बहादुर के खिलाफ चल रहे हत्या के मुकदमे में अमेठी के जामो थाना क्षेत्र के लालगंज निवासी अभियोजन गवाह जगदम्बा सिंह को तलब कर सुनवाई के लिए 7 अक्टूबर की तारीख नियत की है। जामों थाना क्षेत्र के गौरा पूरे मतऊ निवासी शिव कुमार ने अपने भाई राजकुमार यादव की हत्या के आरोप में 17 अप्रैल 2001 को मुकदमा दर्ज कराया था।

### पूर्व विधायक के केस में हेड कांस्टेबल तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एनआईटी कस्बे में बिना अनुमति जनसभा करने के मामले में आरोपी पूर्व विधायक अनूप संडा पर दर्ज केस में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने गुरुवार को अभियोजन गवाह हेड कांस्टेबल विजय कुमार को तलब कर सुनवाई के लिए 6 अक्टूबर की तारीख नियत की है। 20 फरवरी 2022 की घटना में दरोगा मुकेश कुमार ने केएनआईटी के पास प्रशासन की बिना अनुमति के जनसभा करने के आरोप में अनूप संडा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज कराया था।

### खेलते समय बाल्टी में गिरकर बच्चे की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मठवा गांव में अपनी मां के साथ नाना के घर आया 10 माह का मासूम खेलते समय पानी भरी बाल्टी में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोल्हुई निवासी फिदा मोहम्मद का 10 माह का पुत्र नाना के घर ग्राम मठवा गया था। बुधवार दोपहर खेलते समय बच्चा आंगन में रखी पानी से भरी बाल्टी में गिर गया। परिजन तुरंत उसे निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की पुष्टि ग्राम प्रधान अख्तर ने की है।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने व्यवस्थाओं की पोल खोल खुद उठाया कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, बाहर से दवा लिखने वाले डाक्टरों को हटाने के निर्देश
- सीएमओ और सीएमएस को दी व्यवस्थाएं सुधारने की चेतावनी

**अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को रफी अहमद किदवई स्मारक जिला चिकित्सालय का औचक दौरा कर अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत देखी। जिला अस्पताल में यह उनका पांचवीं बार निरीक्षण था। इस दौरान एक बार फिर लचर व्यवस्था और सफाई की पोल खुल गई। उन्होंने ट्रामा सेंटर के गेट के सामने पड़ा कूड़ा खुद उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल के हर वार्ड में जाकर भर्ती मरीजों से बातचीत की और चिकित्सा सेवाओं की हकीकत जानी।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी और अव्यवस्था देखकर उन्होंने नाराजगी जतायी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में जलभराव, अव्यवस्थित सामान, शौचारलय की गंदगी और नलों से मिलने वाले पीने के पानी की गुणवत्ता का भी मुआयना किया। उन्होंने स्वयं नल से पानी पीकर स्वच्छता की जांच की। गंदगी मिलने पर सीएमओ को कार्यदाई संस्था के सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने मरीजों से जब बाहर की दुकानों से दवाइयां लिखने की शिकायतें सुनीं तो उन्होंने ऐसे डॉक्टरों को तत्काल हटाने के निर्देश


ट्रामा सेंटर के गेट से गंदगी उठाते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।


अस्पताल परिसर के नल से पानी पीते डिप्टी सीएम।

दिए। साथ ही, उन्होंने सीएमओ और सीएमएस को सख्त लहजे में व्यवस्था सुधारने के आदेश दिए। ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम मोदी के जन्मदिन से महात्मा गांधी की जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उसी क्रम में उन्होंने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया है। जनता को बेहतर इलाज, साफ-सुथरा माहौल और ईमानदार सेवाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि एक्सरे टेक्नीशियन सहित पूर्ववर्ती सरकारों में हुई भर्तियों की जांच कराएंगे। टेक्नीशियन भर्ती में फर्जीवाड़ा करने वालों को चिह्नित कर लिया गया है। जांच चल रही है।

### राहुल को सोने नहीं दे रही सत्ता की भूख : पाठक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाये गए आरोपों का भी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने करारा जवाब दिया। उन्होंने राहुल गांधी को पूरी तरह डिरेल बताया और कहा कि सत्ता की भूख उन्हें सोने नहीं दे रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। जब चुनाव जीतते हैं तो चुनाव आयोग की तारीफ करते हैं और जब हारते हैं तो वही संस्थाएं उन्हें गलत नजर आने लगती हैं। ब्रजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी के पास सिर्फ कोरी बातें हैं, कोई ठोस प्रमाण नहीं है।

### महाराष्ट्र के 3200 दर्शनार्थियों के जत्थे का किया गया स्वागत

**अयोध्या, अमृत विचार:** अयोध्या व काशी विश्वनाथ दर्शन यात्रा पर निकले महाराष्ट्र के 3200 दर्शनार्थियों का अयोध्या में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पूर्व जिला अध्यक्ष जिला परिषद, सदस्य जिला परिषद पुणे, सरपंच बाधोली पुणे राम भाऊ दाभडे, पूर्व सरपंच जिला परिषद पुणे संदीप सातवा, रत्नदीप सोशल फाउंडेशन की अध्यक्ष रत्न माला, पूर्व सरपंच बाधोली पुणे महेंद्र भाडले लगभग 3200 राम भक्त के साथ ट्रेन से अयोध्या पहुंचे। श्री जन्मभूमि, हनुमानगढ़ी, कनक भवन सहित अयोध्या में मंदिरों का दर्शन पूजन किया। मणिराम दास छावनी में सबके ठहरने की व्यवस्था थी। मणिराम दास छावनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाह सुनीलजी साहू सहित अन्य ने सभी का स्वागत किया।

# नाव पलटने से लखनऊ के तीन युवकों की मौत

## तेज बहाव के चलते सरयू नदी में डूब गए, शव बरामद

**कैसरगंज (बहराइच), अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जयसिंहपुर व निम्दीपुर के बीच बुधवार की रात सरयू नदी में नाव पलटने से तीन युवकों की डूबने से मौत हो गयी। तीनों के शव गुरुवार की सुबह बरामद हुए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के भेज दिया है। मृतकों में तीनों युवक लखनऊ के निवासी थे। जयसिंहपुर निवासी अजय कुमार निषाद (28) पुत्र महादेव की पत्नी की बुधवार को तेरहवीं थी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिश्तेदार लखनऊ के राजाजीपुरम हैदर


अजय, अंकुश व गोपी (फाइल फोटो)

- तेरहवीं में शामिल होने गए थे तीनों, तेज बहाव में बह गए नदी में

कैनाल निवासी गोपी निषाद (18) पुत्र बड़कऊ व अंकुर निषाद (20) पुत्र दीपू निषाद आए थे। कार्यक्रम के पश्चात गोपी, अंकुश व अजय कुमार निषाद नौका विहार के लिए गांव के निकट ही सरयू नदी में नाव से नहाने लगे और तेज बहाव के चलते नदी में डूब गए।

घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय थाने में दी। गंडारा चौकी प्रभारी पंकज सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंचे लेकिन अंधेरे के कारण युवकों का कुछ पता नहीं चल सका। सीओ कैसरगंज रवि खोखर ने बताया कि सरयू नदी में नाव पलटने से तीन युवक डूब गए थे। गुरुवार की सुबह फील्ड यूनिट, गोताखोरों की मदद से पुलिस द्वारा तीनों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

### 58 लाख की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** दूसरे की जमीन का फर्जी तरीके से बेचने के नाम पर 58 लाख की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। कस्बा निवासी शत्रोहन लाल से आरोपियों ने दूसरे की जमीन दिखाकर फर्जी अभिलेख के सहारे विक्रय करने के नाम धोखाधड़ी कर 58 लाख रुपए ले लिए थे। जिसमें पीड़ित ने दो अप्रैल को स्थानीय थाने में तीन महिला सहित 13 लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी की गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें पुलिस द्वारा पूर्व में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था तथा गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। विवेचना के दौरान एक और आरोपी का नाम प्रकाश में आने के बाद आरोपी राधाकांत तिवारी उर्फ नेतई निवासी ग्राम भगवानदीन पुरवा को गिरफ्तार किया गया है।

# सपा नेता राजा मानसिंह की पत्नी व साला फिर गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव, मसौधा द्वितीय के जिला पंचायत सदस्य राजा मानसिंह की पत्नी नीतू सिंह व साले अजय सिंह उर्फ विपिन को थाना पूराकलंदर पुलिस ने गुरुवार को फिर गिरफ्तार किया है। जमीन खरीद फरोख्त के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने सपा नेता, पत्नी व साले समेत आठ लोगों को छह अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। पत्नी व साले को छह सितंबर को जमानत मिली थी। इस मामले में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पहले ही बीट प्रभारी रहे दो आरक्षियों को निलंबित किया था। इसके बाद जांच के लिए एसआईटी का भी गठन किया गया था। पत्नी


राजा मान सिंह

व साले को जमानत मिलने के बाद पहले थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह फिर सीओ अयोध्या के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया। वहीं, जमानत पर छूटने के बाद सपा नेता के पत्नी व साले पर थाना पूराकलंदर पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज किए थे। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि थाने के उप निरीक्षक व कार्यवाहक थाना प्रभारी कृष्णचंद यादव व उनकी टीम ने दोनों को गुरुवार की सुबह 11 बजे सरियावां चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### राजा मानसिंह समेत 8 लोग हुए थे गिरफ्तार

जमीन व अन्य प्रॉपर्टी के नाम पर लोगों से रुपये ऐंठने व नकली नोटों का कारोबार करने वाले सपा नेता राजा मानसिंह, उसकी पत्नी व साले समेत आठ लोगों को थाना पूराकलंदर पुलिस ने छह अगस्त को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ पूर्व में लूट, डकैती, रंगदारी मांगने व जाली नोट से संबंधित 14 मुकदमे दर्ज थे।

इनके पास से एक कार व 41 हजार 500 रुपये बरामद हुए। दोनों का चालान कर दिया गया है।

# ओबीसी उत्थान के लिए प्लान तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित यूपी @2047' विजन में ओबीसी वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस खाका तैयार किया है। प्रदेश की 52% आबादी वाले इस समुदाय के उत्थान के बिना समृद्ध यूपी का सपना अधूरा है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अनुसार, बीते आठ वर्षों में 2.07 करोड़ छात्रों को 13,535 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति दी गई, जो पूर्ववर्ती सरकार के मुकाबले चार गुना अधिक है। सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक 7 करोड़ छात्रों को 80,000 करोड़ रुपये का लाभ मिले। गरीब बेटियों के लिए शादी अनुदान योजना ने भी उम्मीद जगाई है। अब तक 6.10 लाख बेटियों को 1,221 करोड़ रुपये का लाभ मिला, जबकि पिछली सरकार में यह आंकड़ा आधा था। अनुदान राशि 20,000 रुपये से बढ़ाकर 60,000 रुपये करने की तैयारी है। 2047 तक 24 लाख बेटियों को 14,400 करोड़ रुपये का फायदा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। तकनीकी प्रशिक्षण से रोजगार के नए अवसर भी खुल रहे हैं। अब तक 1.39 लाख युवाओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया, जिससे हजारों को नौकरी मिली। लक्ष्य है कि 2047 तक 11 लाख युवाओं को प्रशिक्षण देकर डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ा जाए। छात्रावासों के नए निर्माण व अनुरक्षण से ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को सहूलियत मिलेगी।

### विजिलेंस अधिकारी बन लेखपाल को दी धमकी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़ तहसील में तैनात एक लेखपाल को एंटी करप्शन मुख्यालय का विजिलेंस अधिकारी बताते हुए फोन पर धमकी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंसारा परगना सिद्धौर के लेखपाल प्रेम प्रकाश मिश्रा ने पुलिस को बताया कि 14 सितंबर की शाम पर कॉल करने वाले ने अपना नाम अनवर विजिलेंस, एण्टी करप्शन ऑफिस लखनऊ बताया और कहा कि उनके खिलाफ एक शिकायत आई है। जब लेखपाल ने मामले की सच्चाई और ग्रामसभा भूमि पर अतिक्रमण का विवरण बताया तो फोनकर्ता ने कथित तौर पर धमकी भरे लहजे में बात की।

# महादेव मंदिर में चला स्वच्छता अभियान

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम मंडल-1 के सआदतगंज वार्ड में बूथ संख्या 312 नागेश्वर महादेव मंदिर नवीन नगर सआदतगंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही सेवा के तहत बूथों पर भी सफाई अभियान चला। इस अवसर पर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), नगर निगम के मुख्य सचेतक/पार्षद शिवकुमार यादव (गुड्डू), पूर्व मंडल उपाध्यक्ष नोटेश किशोर दीक्षित, मंडल मंत्री अजय तिवारी, बूथ अध्यक्ष मिथिलेश सिंह (त्रिलोकी), बूथ अध्यक्ष दिलीप गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




**अवध लॉ कॉलेज**
असेनी रोड, बाराबंकी-225003
में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत
**आवश्यकता है**
स्नातक स्तर पर विधि संकाय
(विधि त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु)
**विधि प्रवक्ता पद-08**
(योग्यता - नेट / पीएचडी)
**प्रवक्ता - मनोविज्ञान-02, अंग्रेजी-02, समाजशास्त्र-01 अर्थशास्त्र-01, इतिहास-01 राजनीतिशास्त्र-01**
(योग्यता - नेट / पीएचडी)
**कार्यालय हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर - 01**
**योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी., बीसीआई एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार**
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिवसों के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक अथवा महाविद्यालय की दी गई ई-मेल आई.डी. पर भेजें।
lawcollege.avadh25@gmail.com
9839010135, 9839210135



**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र सूचना**
संदर्भ :- निविदा सूचना सं: 106-सिग-टेन्डर-25-2025-26 दिनांक: 09.09.2025 के लिये शुद्धिपत्र। उपरोक्त सन्दर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में निम्नलिखित परिवर्तन पढे जाय।
1. IREPS पर कार्य का नाम "इंटरलॉकिंग ऑफ़ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ़ ऐ० डी० इस० टी० /एस० एल० एन० ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न।" के स्थान पर 'इंटरलॉकिंग ऑफ़ लेवल क्रासिंग गेट्स इन दा सेक्शन ऑफ़ ऐ० डी० इस० टी० /एस० एल० एन० ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थर्न रेलवेज।"पढ़ा जाए।
2. अनुसूची मद सं0 24 में कंसाइनी इन्स्पेक्शन के स्थान पर राइट्स इन्स्पेक्शन पढ़ा जाए।
अन्य शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी। नं0: 106-सिग-टेन्डर-25-2025-26 शुद्धिपत्र दिनांक: 15.09.2025 2875/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# ध्वस्त मकान की खोदाई में मिले 75 चांदी के सिक्के

**महादेवा कॉरिडोर निर्माण**

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा में कॉरिडोर निर्माण के दौरान मकानों के ध्वस्तीकरण के बाद खोदाई के दौरान 75 चांदी के सिक्के मिले। बंटवारा करते समय मजदूर आपस में भिड़ गए। पुलिस ने सिक्के पुरातत्व विभाग को भेज दिए। गुरुवार को जय नारायण गुप्ता के मकान को गिराने के दौरान सिक्के मिले। मजदूरों ने बताया कि खोदाई के दौरान जैसे ही सिक्के निकले, उन पर कब्जे को लेकर मजदूर भिड़ गए। चौकी इंचार्ज महादेवा अभिनन्दन पांडेय पहुंचे


मकान से मिले चांदी के सिक्के।

और मौके से 75 चांदी के सिक्के बरामद किए। मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार ने पहले ही करीब 20 सिक्के अपने पास रख लिए हैं। नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी और प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय भी चौकी पर पहुंचे। अधिकारियों ने बरामद सिक्कों को पुरातत्व विभाग को भेजने की बात कही।

# फर्जी गेमिंग ऐप गिरोह : इनामी हाफिज अली अब भी फरार

**गोंडा, अमृत विचार :** कन्नौज पुलिस ने 27 अगस्त को जीटी रोड पर की गई बड़ी कार्रवाई में फर्जी गेमिंग ऐप गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मुख्य आरोपी आयुष शुक्ला ने खुलासा किया कि ठगी से हासिल 2.36 करोड़ रुपये की रकम हाफिज अली के रिश्तेदार अतीकुर्रहमान के कॉर्पोरेट खाते में भेजी गई थी। यह खाता हाफिज अली और उसके परिवार के सदस्य मिलकर संचालित करते थे। पुलिस जांच के बाद हाफिज के भाई कायम अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि हाफिज अली अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कन्नौज पुलिस के साथ यूपी एसटीएफ भी सक्रिय है।


हाफिज अली।

बीते 20 दिनों से लगातार छापेमारी की जा रही है, लेकिन खनन माफिया तक पुलिस की पहुंच नहीं हो पा रही। नवाबगंज निवासी हाफिज अली अवैध बालू खनन के कारोबार में लंबे समय से सक्रिय रहा है। वर्ष 2017 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने तरबगंज तहसील के कल्याणपुर गांव में हुए अवैध खनन प्रकरण में हाफिज समेत 32 लोगों पर 212 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय जुर्माना लगाया था। रिपोर्ट के अनुसार, 2011 से 2017 के बीच 23.88 लाख घन मीटर से अधिक अवैध खनन किया गया, जिससे 93 करोड़ से अधिक का राजस्व नुकसान हुआ। तत्कालीन जिलाधिकारी की रिपोर्ट पर अवैध खनन करने वालों से 500 रुपये प्रति घन मीटर के हिसाब से 119 करोड़ से अधिक की वसूली की सिफारिश की गई थी।

### एडीजे कोर्ट से अखिलेश दुबे की जमानत याचिका खारिज

**कानपुर, अमृत विचार।** अधिवक्ता अखिलेश दुबे की जमानत याचिका एडीजे-चार की कोर्ट ने खारिज कर दी है। विवेचना में किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए झूठा आरोप लगाने से जुड़ी आईपीसी की धारा 195 व 211 में जमानत याचिका दाखिल हुई थी। अभियोजन ने तर्क दिया कि मुकदमे में बढ़ाई गईं धाराएं गंभीर प्रकृति की हैं और गैरजमानती हैं। अधिवक्ता संदीप शुक्ला ने कोतवाली में अखिलेश दुबे और पप्पू स्मार्ट समेत 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें रंगदारी वसूलने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। बताया गया है कि रंजिश मानकर सिंडिकेट के लोगों ने अखिलेश दुबे के साथ मिलकर पॉक्सो एक्ट के दो झूठे मामले में उन्हें फंसा दिया और 10 लाख रुपये रंगदारी भी मांगी। संदीप शुक्ला ने एक लाख रुपये दिए, लेकिन आरोपी नहीं माने।


**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**
मो0-9696715133


**बयान** उपमुख्यमंत्री ने कहा- जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं राहुल गांधी, सपा के खिसकते जनाधार से अखिलेश चिंतित

# बिहार में पूर्ण बहुमत से बनेगी एनडीए की सरकार : केशव मौर्य

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। विपक्ष के पास किसी तरह का मुद्दा नहीं है। जनता ने इनको पूरी तरह से नकार दिया है। वोट चोरी के मुद्दे पर उन्होंने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह आए दिन कोई न कोई बम फोड़ने की घोषणा करके जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं लेकिन अंततः होता कुछ नहीं है।

जनपद भ्रमण पर आए उप मुख्यमंत्री मौर्य कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में पत्रकारों


हैलीपेड पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य का स्वागत करते पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी।

से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान गोरखपुर में गौ तस्करों द्वारा मारे गये युवक के बाद पुलिस के एनकाउंटर पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किए गये ट्वीट पर कहा कि प्रदेश में जो भी अपराधी अपराध करेगा पुलिस उससे सख्ती से पेश आएगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सोचते हैं कि वह ट्विटर के माध्यम से सरकार को बदनाम कर लेंगे तो ऐसा नहीं होगा। जनता भी जानती है कि सपा गुंडों की पार्टी है। अपना जनाधार खिसकता देखकर वह बौखला गये हैं। 2027 में इनका कोई नामलेवा भी नहीं रहेगा, भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री का पुलिस लाइन में बनाये गये हैलीपेड पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। यहां पर जिपं अध्यक्ष मंजू सिंह, सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, बलहा की सरोज सोनकर, नानपारा के रामनिवास वर्मा, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल आदि मौजूद थे।

### सपा की थी गुंडों की सरकार, होते रहते थे दंगे : ओपी राजभर



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के प्रभारी व पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, नगर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सुभाषपा जिलाध्यक्ष विनीत सिंह, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की मौजूदगी में तिकोनिया पार्क में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी में 26 चित्रों के माध्यम से प्रधानमंत्री के बाल्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के सफर को दिखाया गया है। प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा सपा सरकार गुंडों की सरकार थी। इनकी सरकार में दंगे व कर्फ्यू लगते थे, उससे निजात मिली है। कहा आज प्रदेश की कानून व्यवस्था चाक चौबंद है। सड़क, रेलवे व एअर कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ चौतरफा विकास हो रहा है। गांव में भी सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, आवास, स्वास्थ्य आदि हर तरह की सुविधा सरकार मुहैया करा रही है। डिजिटल लाइब्रेरी, ओपन जिम, उत्सव भवन गांव में पहुंच रहे हैं।


**सूचना**
मेरी एल आईसी पॉलिसी संख्या 276 779 767 में मेरा घरेलू नाम राहुल पुत्र रामबाबू दर्ज है। जबकि मेरे आधार और अन्य अभिलेखों में सही नाम सोनु (Sonu) पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम पूरे सुजान का पुरवा पोस्ट बरदर जिला रायबरेली दर्ज है।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल अंक पत्र प्रमाण पत्र वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1948343 तथा इंटरमीडिएट अंक पत्र प्रमाण पत्र वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1606089 वास्तव में खो गया है। **शिवम सिंह पुत्र रामनरेश उर्फ महेंद्र सिंह निवासी अतरौली माफी राजापुर चित्रकूट**

**बेदखली सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र महताब आलम द्वारा मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ना दी जा रही है। मोहल्ले के लोगों से भी विवाद करता है। महताब आलम द्वारा किए गए किसी भी कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। चाल चलन ठीक न होने के कारण मैं इसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हुं। आज से मेरा व परिवार के लोगों से इसका कोई लेना देना नहीं है। **मोहम्मद अनीस पुत्र अब्दुल जलील निवासी बसहिया जगत थाना जरवलरोड तहसील कैसरगंज बहराइच।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रत्नेश यादव पुत्र स्व0 राधेलाल यादव निवासी ग्राम पुरसेनी, परगना व तहसील मोहनलालगंज, जिला लखनऊ,** मैने वर्ष 2005 में हाईस्कूल, वर्ष 2008 में इण्टरमीडिएट एवं वर्ष 2011 में बी0ए0 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसकी तीनों मार्कशीटें वास्तव में खो गयी है

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धर्मेन्द्र कुमार सिंह रघुवंशी, जोकि वर्तमान में 10 वीं वाहिनी पी0ए0सी0 बाराबंकी में सहायक सेनानायक के पद पर कार्यरत हूँ। मेरे सेवाभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार सिंह अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम धर्मेन्द्र कुमार सिंह रघुवंशी है। यही नाम मेरे अन्य सभी अभिलेखों यथा आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में भी दर्ज है। और इसी नाम से ही मैं जाना और पहचाना जाता हूं।भविष्य में भी हमे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **धर्मेन्द्र कुमार सिंह रघुवंशी पुत्र श्याम बहादुर सिंह, निवासी ग्राम बुधवार, बबुरी ज़िला चन्दौली उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **मनोज कुमार पुत्र स्व0 रामबाबू निवासी ग्राम मदनपुर तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर,** लिपकीय त्रुटिवश मेरी पुत्री माही साचन के हाईस्कूल अंकतालिका मे (Male) पिता का नाम मनोज कुमार सचान, माता का नाम नीता सचान अंकित है। जिसमें (Male) के स्थान पर Female पिता मनोज कुमार सचान के स्थान पर मनोज कुमार, माता नीता सचान के स्थान पर नीता संशोधित करने की कृपा करे। माही सचान, कक्षा -10, Roll no 8433937

अमृत विचार
शुक्रवार, 19 सितंबर 2025



अतीत पर ध्यान मत दो। भविष्य के बारे में मत सोचो। अपने मन को वर्तमान पर केंद्रित करो।
–महात्मा बुद्ध



# सांसों पर मंडराता खतरा

वायु प्रदूषण आज केवल पर्यावरणीय संकट नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन के लिए भी गंभीर चुनौती बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, जिसमें सीक्यूएम, केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों से तीन सप्ताह के भीतर वायु प्रदूषण से निपटने की ठोस योजना पेश करने को कहा गया है, इस समस्या की तात्कालिकता को रेखांकित करता है। राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र हर वर्ष सर्दियों में धुंध, स्मॉग और जहरीली हवा के कारण विश्व स्तर पर शर्मिंदगी झेलते हैं। यह विडंबना है कि वैज्ञानिक तकनीक और प्रशासनिक साधनों की उपलब्धता के बावजूद समस्या हर साल जस की तस बनी रहती है। दरअसल, वायु प्रदूषण का संकट केवल वाहनों के धुएं, औद्योगिक उत्सर्जन या निर्माण कार्यों की धूल से पैदा नहीं होता। इसका बड़ा कारण खेतों में पराली जलाना भी है, जिससे हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में दिल्ली-एनसीआर का वायुमंडल दमघोंटू हो जाता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि केवल किसानों की गिरफ्तारी या दंड से समस्या का समाधान नहीं होगा। राज्य सरकारों को किसानों के लिए व्यवहारिक विकल्प और वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने होंगे, ताकि वे पराली जलाने के बजाय अन्य उपाय अपनाएं। साथ ही, कचरा प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था भी आवश्यक है।

न्यायालय ने इस मुद्दे को केवल तकनीकी या प्रशासनिक दृष्टिकोण से नहीं देखा, बल्कि नागरिकों के जीवन के मौलिक अधिकार से जोड़ा है। स्वच्छ हवा में सांस लेना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। जब प्रदूषण के कारण बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं, तब यह केवल पर्यावरणीय प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि जनस्वास्थ्य संकट बन जाता है। आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से श्वसन संबंधी रोग, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। वर्तमान परिदृश्य में केंद्र और राज्य सरकारों की संयुक्त कार्ययोजना आवश्यक है। अक्सर देखा गया है कि जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल दी जाती है और परिणामस्वरूप समस्या यथावत रहती है। यदि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद ली जाए, तो निगरानी और क्रियान्वयन अधिक प्रभावी हो सकता है। इसके अलावा, न्यायालय द्वारा तीन सप्ताह की समय-सीमा एक अवसर है कि सभी संबंधित एजेंसियां मिलकर ठोस, व्यावहारिक और समयबद्ध कार्य योजना प्रस्तुत करें।

लंबे समय के लिए हमें शहरी नियोजन और परिवहन व्यवस्था को भी प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिकोण से देखना होगा। सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना और औद्योगिक क्षेत्रों को सख्त मानकों के अधीन लाना समय की मांग है। साथ ही, वृक्षारोपण और हरित पट्टी के विकास को केवल औपचारिकता न मानकर गंभीरता से लेना होगा। आज स्थिति यह है कि अदालत को बार-बार सरकारों को चेतावनी देनी पड़ रही है। यह प्रशासनिक तंत्र की असफलता को दर्शाता है। यदि हम समय रहते कठोर और ठोस कदम नहीं उठाएंगे, तो यह संकट हमारे भविष्य को ही नहीं, वर्तमान को भी असुरक्षित बना देगा।

## प्रसंगवश

# रिश्तों के नौ चरणों में छिपी है जीवन जीने की कला

'शांति संघर्ष की अनुपस्थिति नहीं है, यह शांतिपूर्ण माध्यमों से संघर्ष को संभालने की क्षमता है।'- रोनाल्ड रीगन

बदलते समय के साथ रिश्तों और शांति की अवधारणा विकसित हुई है, जहां हर व्यक्ति अपनी शांति की अवधारणा को एक ऐसे तरीके से परिभाषित करता है, जो पहले अज्ञात था। 'शांति और सद्भाव' का पर्यायवाची अक्सर 'संघर्षों की अनुपस्थिति या अलगाव का आसान तरीका' माना जाता है। हमारे पूर्वजों ने ठीक ही कहा था कि किसी भी रिश्ते की नींव बनाने में सदियां लगती हैं, लेकिन इसे नष्ट करने में केवल कुछ सेकंड लगते हैं। गलतफहमी, अल्टर-इगो, अस्वीकार्य व्यवहार, घरेलू हिंसा, निर्दयी प्रतिकार या कोई अस्वीकार्य कार्य संबंधों में पहले कदम की सीढ़ी के तहत आता है, जहां वर्तमान पीढ़ी इसे 'हम इसे और नहीं चला सकते' के रूप में टैग करती है।



गार्गी जुयाल
लेखिका

पुराने दिन बहुत सुनहरे थे, जहां परिवार एकजुट थे। सभी साथ मिलकर रहते थे। उन दिनों न सिर्फ रिश्तों की अहमियत थी, बल्कि इन्हें संजोया भी जाता था और विवाह को भी खूब महत्व दिया जाता था। विवाह के अनुष्ठानों में ली गई हर कसम शुद्ध और सदा के लिए थी, जहां व्यक्तियों के बीच मतभेदों को स्वीकार किया जाता था और उन पर काम किया जाता था। पृथ्वी के क्षेत्रों की तरह रिश्तों के भी क्षेत्र हैं। यानी रिश्ते के चरणः

1. आकर्षण-मोह का चरण
2. उत्तेजना-बेचैनी का चरण
3. विश्वास निर्माण-नींव का चरण
4. वास्तविकता का चरण
5. रिश्तों में गहराई का चरण
6. प्रतिबद्धता का चरण
7. परोपकारी-सहभागीदारी का चरण
8. आत्म-विकास का चरण
9. अंतिम चरण

प्रेम के इन नौ चरणों को जीवन को समझने के लिए आरोही क्रम में रखा गया है, जहां लोग मिलते हैं और एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। एक-दूसरे से मिलने या संवाद करने की उत्तेजना विकसित करते हैं। अगले दिन या आगामी घटनाओं के लिए विश्वास और आस्था बनाते हैं, लेकिन समय के साथ जब दोनों भागीदार अपने सच्चे स्वरूप, अपने सच्चे गुण, अपने व्यवहारिक पैटर्न और जीवन कैसे संचालित करते हैं, इसका हर एक विवरण प्रकट करते हैं तो अक्सर हार मान लेते हैं।

दूसरी ओर पुराने दिनों में इसे एक-दूसरे को वास्तव में जानने के चरण के रूप में माना जाता था, जहां कोई सीमा या प्रभाव बनाने के कार्य नहीं थे। इसके बाद गहरा करने का चरण आता था, जिसमें जीवन के सभी मापदंडों सहित एक-दूसरे को सर्वोत्तम तरीके से जानने की सहमति शामिल थी। फिर प्रतिबद्धता का चरण आया, जहां व्यक्तियों ने आपसी, स्वेच्छा से और पूरे दिल से आने वाली किसी भी स्थिति में जीवन भर एक साथ बिताने का वादा किया, जिससे सह-भागीदारी चरण का उदय हुआ। सभी जिम्मेदारियों और कार्यों को साझा करना और इससे पहले कि हम इसे एक आदर्श रिश्ता या एक-दूसरे के लिए बने हुए कहें, सबसे महत्वपूर्ण चरण आता है, जहां दोनों भागीदार अपने आत्म-विकास के लिए एक-दूसरे की सहायता करते हैं। इन चरणों से गुजरने और इसे एक सुस्थापित रिश्ता मानने में वर्षों लगते हैं, जहां अगर दंपत्ति एक साथ काम करने का संकल्प लेते हैं, तो वे हर बाधा का सामना करने के लिए प्रतिरक्षित होते हैं। रिश्तों को संरक्षित करना आवश्यक है।

# कतर हमले के बाद हर ओर से घिर रहा है इजराइल






नवीन गुप्ता
बरेली

कतर की राजधानी दोहा में हमास नेताओं पर हमले कर इजराइल मित्र देशों से भी घिर गया है। स्थिति यह है कि अमेरिका ने बीच-बचाव कर मामले को संभालने की कोशिश तो की है, लेकिन इस्लामिक राष्ट्रों की नाराजगी कम होती नहीं दिख रही है। यह स्थिति न सिर्फ तनाव को और बढ़ा रही है, बल्कि युद्ध का नया मोर्चा खुलने की आशंका भी जताई जा रही है। पांच से अधिक मोर्चों पर संघर्ष कर रहे इजराइल के विरुद्ध एक दो नहीं बल्कि 60 से अधिक मुस्लिम देशों ने मोर्चा खोल दिया है। नौ सितंबर को कतर में हुए हमले के बाद कतर की राजधानी दोहा में अरब लीग और मुस्लिम इस्लमिक सहयोग संगठन की आपातकालीन मीटिंग में इजराइल के हमले की न सिर्फ निंदा की गई, बल्कि कड़े कदम उठाने की मांग भी उठी। इस बैठक में शामिल हुए 60 मुस्लिम देशों में इजराइल के मुद्दे पर किसी तरह का कोई मतभेद नहीं दिखा बल्कि एक स्वर में इजराइल पर कार्रवाई करने की मांग उठाते रहे। साथ ही फिलिस्तीन पर इजराइल द्वारा किए जा रहे हमले रोकने की मांग भी उठी और फिलिस्तीन वासियों के विरुद्ध कार्रवाई रोकने के लिए हर जरूरी कानूनी और प्रभावी कदम उठाने का भी निर्णय लिया गया।

अब तो यह आशंका भी जताई जा रही है कि कुछ इस्लामिक देश इजराइल के साथ अपने राजनयिक और आर्थिक संबंध भी तोड़ सकते हैं, क्योंकि इस बैठक में मुस्लिम देशों ने राजनयिक और आर्थिक संबंधों की समीक्षा की घोषणा की है। मामला तो यहां तक बढ़ गया है कि अब ये देश संयुक्त राष्ट्र में इजराइल की सदस्यता निलंबित करने के लिए एकजुट होकर मांग उठाने को तैयार हैं। साथ ही संयुक्त सेना बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन, सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास आदि ने एक स्वर में इजराइल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का एलान किया। इससे अब लगता है कि अमेरिका भी इन देशों को इजराइल के विरुद्ध कार्रवाई न करने के लिए मना नहीं पाएगा। कतर ही हमास नेताओं और इजराइल के वार्ताकारों के बीच समझौता वार्ता करा रहा था, लेकिन अब यह वार्ता पूरी तरह से पटरी से उतर गई है, क्योंकि इजराइल ने कतर में बैठे हमास नेताओं को ही निशाना बना दिया, हालांकि बड़े नेताओं को कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन कतर व अन्य इस्लामिक देशों से इजराइल के रिश्ते जरूर खराब हो गए।

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी ने बैठक में स्पष्ट कहा कि इजराइल ने हमास के वार्ताकारों को निशाना बनाकर गाजा युद्ध विराम वार्ता को विफल करने की भरपूर कोशिश की है। ईरान को भी भय है कि इजराइल कभी भी उस पर हमले कर सकता है। ईरान के राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा कि अगर मुस्लिम और अरब देश एक नहीं हुए तो कल उनकी भी बारी आ सकती है। उनका यह बयान दर्शाता है कि उन्हें इस बात का भय है कि इजराइल कभी भी ईरान या अन्य मुस्लिम राष्ट्र पर हमला कर सकता है। तुर्की और इजराइल दोनों ही अमेरिका के खास मित्र राष्ट्र हैं, लेकिन तुर्की और इजराइल के बीच तनाव किसी से छुपा नहीं है। तुर्की राष्ट्रपति एर्दोगन ने तो इजरायल पर आतंकवादी मानसिकता अपनाने का आरोप भी लगाया है। जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने अन्य मुस्लिम राष्ट्रों पर भी इजराइल के हमले की आशंका जताई है व एकजुटता की अपील की है।

इसी माह होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में इजराइल के विरुद्ध इन राष्ट्रों की एकजुटता देखने को मिल सकती है। सभी एकजुट होकर इजराइल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग कर सकते हैं। इजराइल को मान्यता देने वाले संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन और मोरक्को जैसे देशों पर इजराइल पर दबाव बनाने के लिए कहा जा रहा है। उधर, फ्रांस ने भी इजराइल के विरुद्ध कड़ा रुख अख्तियार किया है और फिलिस्तीन के प्रति अपने समर्थन को दोहराया है। खुद राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि फ्रांस संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान फिलिस्तीन को राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। आस्ट्रेलिया भी फ्रांस के साथ खड़ा है और इजराइल के विरुद्ध उसका रुख सख्त हो गया है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में मान्यता की बात कही है। कनाडा और यूनाइटेड किंगडम पहले ही भी मान्यता का एलान कर चुके हैं।

फिलिस्तीन के प्रति बढ़ते समर्थन से न सिर्फ इजराइल परेशान है, बल्कि अमेरिका भी। अमेरिका की कोशिश है कि किसी तरह से फ्रांस, आस्ट्रेलिया, कनाडा आदि देशों को फिलिस्तीन का समर्थन करने से रोका जाए, हालांकि इन देशों की नाराजगी इतनी बढ़ गई है कि वे अब अमेरिका की भी नहीं सुन रहे हैं। इजराइल के प्रति बढ़ती नाराजगी को रक्षा विशेषज्ञ और आर्थिक विशेषज्ञ अच्छा नहीं मानते हैं। इन सबके बीच इस्लामिक राष्ट्रों द्वारा संयुक्त सेना बनाने की घोषणा न सिर्फ इजराइल के लिए चिंता का विषय है, बल्कि अमेरिका के लिए भी। अमेरिका ने कई अरब देशों में अपने सैन्य बेस बना रखे हैं, जो उसे हटाने पड़ सकते हैं।

सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच एक अहम सैन्य समझौता हुआ है। यह समझौता दोनों देशों ने नाटो की तर्ज पर किया है। समझौते में कहा गया है कि इनमें से किसी भी देश पर हमला दोनों देशों पर माना जाएगा। यह समझौता न सिर्फ इजराइल की टेंशन बढ़ाने वाला है, बल्कि भारत की टेंशन भी इससे बढ़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार कह रहे हैं कि भारत में होने वाला कोई भी आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा। भारत फिर ऑपरेशन सिंदूर को सक्रिय कर देगा। सऊदी अरब और भारत के बीच गहरे रिश्ते हैं। ऐसे में पाकिस्तान से युद्ध होता है, तो हमारे रिश्ते सऊदी से भी खराब हो सकते हैं।

> पांच से अधिक मोर्चों पर संघर्ष कर रहे इजराइल के विरुद्ध एक दो नहीं बल्कि 60 से ज्यादा मुस्लिम देशों ने भी मोर्चा खोल दिया है।

## आमने सामने



मेरे पास 101 प्रतिशत सबूत हैं कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं। वोटर लिस्ट से नामों को डिलीट सेंट्रलाइज्ड तरीके से किया गया और नामों को डिलीट करने के लिए व्यक्ति का नहीं बल्कि सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया गया। **–राहुल गांधी**
नेता प्रतिपक्ष

जब राहुल गांधी से अपने आरोपों को साबित करने के लिए कहा जाता है तो वे पीछे हट जाते हैं और शपथ पत्र देने से भी मुकर जाते हैं। बार-बार आरोप लगाना, फिर माफी मांगना और कोर्ट से फटकार खाना, यही राहुल गांधी का राजनीतिक स्टाइल बन गया है। **–अनुराग ठाकुर**
नेता भाजपा



# घुसपैठिए: समस्या, सियासत और समाधान



डॉ. ओपी त्रिपाठी
लेखक

क्या बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई और घुसपैठ रोकने की राह आसान है? देश के अन्य राज्यों में घुसपैठियों पर हो रही कार्रवाई को बांग्लाभाषियों के खिलाफ उत्पीड़न बताकर जिस तरह की राजनीति हो रही है, यह भी एक गंभीर मुद्दा है। 2016 में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद को बताया था कि भारत में लगभग दो करोड़ बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं। 2004 में तत्कालीन यूपीए सरकार के गृह राज्यमंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल ने खुलासा किया था कि देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में कुल एक करोड़ 20 लाख 53,950 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी मौजूद हैं।

ये आंकड़े सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों के थे, जबकि कुछ अन्य देशों से भी अवैध तरीके से लोग भारत में घुसते रहे हैं। अब 2025 में ये तमाम आंकड़े काफी बढ़ चुके होंगे! बुनियादी आंकड़ा दो करोड़ भी मान लेते हैं, तो उस अनुपात में घुसपैठियों को देश के बाहर खदेड़ा क्यों नहीं जा रहा है? केंद्र सरकार के सामने बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई की राह में कई रोड़े हैं, जिन्हें हटाकर ही इस गंभीर समस्या से निपटना संभव हो सकेगा, जिस तरह से सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी बदली जा रही है, वह बंगाल में सामाजिक संकट पैदा कर रहा है। इस समय पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की ओर से भाषा आंदोलन चलाया जा रहा है। यह आंदोलन कथित तौर पर भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों को उत्पीड़ित किए जाने के खिलाफ है। गौरतलब है कि दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र व ओडिशा जैसे राज्यों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उसमें पकड़े गए बंगाल के कुछ प्रवासी श्रमिक भी थे, जिन्हें बांग्लादेश भेज दिया गया था। उसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल के बांग्लाभाषियों का उत्पीड़न व अपमान बताकर बंगाली अस्मिता का कार्ड खेलना शुरू कर दिया है।

इन परिस्थितियों में बंगाल में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई कैसे शुरू हो सकेगी? अभी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की बात शुरू हुई ही है, तो तृणमूल समेत कांग्रेस व वामपंथी दल विरोध में खड़े हो गए हैं। घुसपैठियों से निपटने के साथ-साथ केंद्र सरकार को बंगाल में घुसपैठ रोकने के लिए भी पुख्ता प्रबंध करने होंगे। असम और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होने हैं। बिहार में तो दो माह में ही चुनाव संपन्न हो जाएंगे। लिहाजा घुसपैठियों के खिलाफ हुंकारें समझ में आती हैं।

बेशक देश के सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकी संतुलन कई जगह बिगड़ चुका है। कथित तौर पर असम में 50 लाख से अधिक और बंगाल में 57 लाख से अधिक बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के कारण ये समीकरण बदल रहे हैं। नतीजतन सांप्रदायिक दंगों के हालात भी बनते जा रहे हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा में जो हिंदू-विरोधी उत्पात मचाए गए, हिंसक प्रहार किए गए, घर उजाड़ दिए गए, उस परिदृश्य पर कलकत्ता उच्च न्यायालय का फैसला पढ़ा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी इस जनसांख्यिकी परिवर्तन को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील खतरा मानते हैं। हमारे युवाओं के हिस्से के संसाधन और रोजगार छिन रहे हैं। महिलाओं की इज्जत के साथ छल-कपट, खिलवाड़ किए जा रहे हैं। यकीनन यह विकराल राष्ट्रीय समस्या लगती है। बंगाल से सटी बांग्लादेश की 569 किमी सीमा ऐसी है, जहां फेंसिंग (बाड़) नहीं लग सकी है। बंगाल में बांग्लादेश से लगी कितनी सीमा पर फेंसिंग नहीं हुई है? इसकी वजह क्या है? पिछले तीन वर्षों में कितने घुसपैठिए पकड़े गए हैं? इन सवालों पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जवाब दिया था कि बंगाल से लगती बांग्लादेश की सीमा की कुल लंबाई 2216 किमी है, जिसमें से 1648 किमी पर फेंसिंग हो चुकी है। बाकी 569 किमी में फेंसिंग नहीं हुई है। इसमें भी 112 किमी सीमा ऐसी है, जहां पर नदी-नाले व जंगल हैं। वहां बाड़ लगाना संभव नहीं है।

अब तक पूरी तरह से बांग्लादेश सीमा पर फेंसिंग क्यों नहीं हो सकी है? इसकी मुख्य वजह केंद्र की ओर से राज्य सरकार द्वारा समय पर जमीन का बंदोबस्त नहीं करना बताया जा रहा है। अब जमीन मिलने की बात कही जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, बांग्लादेश से 2023 में 1,547, 2024 में 1,694 और 2025 में अब तक 723 लोग घुसपैठ करते पकड़े गए हैं। ये आंकड़े बता रहे हैं कि घुसपैठ कितनी बड़ी समस्या है। ऐसी ही स्थिति रही तो बंगाल में मौजूद घुसपैठियों पर कार्रवाई करना कितना मुश्किल है, यह समझा जा सकता है।

वामपंथी दलों पर घुसपैठियों का वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप खुद ममता बनर्जी सड़क से लेकर संसद तक में लगाती रही हैं, लेकिन 2011 में सत्ता में आने के बाद अब उन पर ही इन घुसपैठियों को प्रश्रय देने का आरोप लग रहा है। जिस तरह से ममता संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), संशोधित वक्फ कानून और अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से जोड़कर मुखर हो रही हैं, यह काफी कुछ बता रहा है।

> बंग्लादेशी घुसपैठिए देश और क्षेत्र विशेष की डेमोग्राफी के लिए घातक हैं। इस पर सियासत तो हो रही है, लेकिन अहम यह है कि इसका शीघ्र समाधान निकाला जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# मार्क ट्वेन की प्रेम कथा

प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक मार्क ट्वेन ने जब ओलिविया लैंगडन से विवाह किया तो उन्होंने एक मित्र से कहा, "अगर मुझे पता होता कि वैवाहिक जीवन इतना सुखद हो सकता है, तो मैं यह तीस 30 पहले ही कर लेता, दांत उगाने में समय बर्बाद करने के बजाय।"

उस समय ट्वेन 32 वर्ष के थे। ट्वेन- जिनका असली नाम सैम्युअल क्लेमेन्स था, एक साधारण परिवार से आते थे और बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआत एक प्रिंटर के शागिर्द के रूप में की, फिर स्टीमबोट पायलट बने। चांदी की खदानों में किस्मत आजमाई (और बुरी तरह असफल रहे), लेकिन अंततः असली पहचान एक लेखक के रूप में पाई। उनकी तीखी बुद्धि और अद्भुत कहानी कहने की कला ने उन्हें पूरे अमेरिका में प्रसिद्ध कर दिया।



संजीव मिश्रा
ब्लॉगर

इसी दौरान वे प्रेम में पड़े। पहले ओलिविया से नहीं, बल्कि उनकी तस्वीर से। एक मित्र ने उन्हें एक लॉकेट में ओलिविया की तस्वीर दिखाई और बाद में उनसे मिलवाने का न्योता दिया। मिलने के दो हफ्तों के भीतर ही ट्वेन ने प्रस्ताव रख दिया। ओलिविया को वे पसंद आए, लेकिन उन्होंने हिचकिचाते हुए मना कर दिया। वे उनसे दस साल बड़े थे। उनकी समृद्ध और सुसंस्कृत सोसायटी के अनुरूप नहीं थी और उनके पास एक पैसा भी नहीं था। ओलिविया उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करती थीं, लेकिन उन्होंने प्रस्ताव ठुकरा दिया।

ट्वेन हार मानने वाले नहीं थे, उन्होंने दोबारा प्रस्ताव रखा। इस बार ओलिविया ने उनके धार्मिक विश्वास की कमी का हवाला दिया। ट्वेन ने अपनी सिग्नेचर हास्य और सच्चाई से उत्तर दिया, "अगर यही जरूरी है तो मैं अच्छा ईसाई बन जाऊंगा।" हालांकि ओलिविया ने फिर मना कर दिया, लेकिन तब तक वे भी उनसे प्रेम करने लगी थीं। ट्वेन, यह मानकर कि अब कोई संभावना नहीं है, वहां से चले गए। रेलवे स्टेशन की ओर जाते समय उनकी गाड़ी पलट गई। मौका भांपकर ट्वेन ने अपनी चोटों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया और उन्हें ओलिविया के घर ले जाया गया। जब ओलिविया उनकी देखभाल में लगीं, तब उन्होंने अंतिम बार प्रस्ताव रखा। इस बार, ओलिविया ने 'हां' कह दी।

ट्वेन ने धार्मिक पत्नी को खुश करने की पूरी कोशिश की। वे हर रात उनके लिए बाइबिल पढ़ते व भोजन से पहले प्रार्थना करते। यह जानते हुए कि पत्नी को उनकी कुछ कहानियां पसंद नहीं थीं, उन्होंने उन्हें कभी प्रकाशित नहीं किया और 15,000 से अधिक पन्नों का अप्रकाशित साहित्य इकट्ठा कर लिया। ओलिविया उनकी पहली संपादक व सबसे कठोर आलोचक बनीं। –फेसबुक वाल से



## सामयिकी

# परीक्षा में उलझ गई नई शिक्षा नीति

नई शिक्षा नीति को लेकर जिस व्यापक बदलाव की आशा की जा रही थी, वह केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय की परीक्षा में कमजोर साबित हुई है। नीति में प्रस्तावित ढांचा, मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, मल्टीपल एंट्री और एग्जिट प्रणाली, डिजिटल विश्वविद्यालय और शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय मानक आदि अधिकांशतः या तो कागजो तक सीमित रह गए हैं या उनके क्रियान्वयन में गंभीर असमानताएं सामने आई हैं। कई राज्य इसे केंद्र सरकार की ओर से थोपी गई नीति मानते हैं, वहीं कुछ ने इसे पूर्णतः खारिज भी कर दिया है।

नई शिक्षा नीति की घोषणा 2020 में हुई और 2021-22 से इसे लागू करने के प्रयास शुरू हुए, पर अब 2025 में भी स्थिति यह है कि देश के अधिकांश विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में यह आधे-अधूरे रूप में ही अपनाई गई है। 5+3+3+4 ढांचे की बात करें तो यह अभी तक केवल दस्तावेजों में है। अधिकांश स्कूल अभी भी 10+2 प्रणाली के अनुसार ही काम कर रहे हैं। नई पाठ्यचर्या की घोषणा के बावजूद, नई किताबें और प्रशिक्षण संसाधन राज्यों तक समय पर नहीं पहुंच सके हैं।



धीरेंद्र सिंह
लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे लागू करने को लेकर प्रारंभिक रूप से सक्रियता दिखाई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2021 में इसे 'भविष्य को बदलने वाली शिक्षा क्रांति' बताया था। परंतु चार वर्षों के बाद 2025 तक, इसकी जमीनी स्थिति मिश्रित और आंशिक रूप में ही दिखाई दे रही है। स्कूल शिक्षा में 5+3+3+4 ढांचा केवल प्रारंभिक स्तर तक लागू हुआ है, कक्षा 1-2 के लिए बाल वाटिका और फाउंडेशनल स्टेज शुरू की गई है। मगर, अधिकांश शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम और ढांचे की समझ अभी तक अधूरी है। नई किताबें और प्रशिक्षण सामग्री अधिकतर विद्यालयों तक समय पर नहीं पहुंची हैं। मातृभाषा में शिक्षा का प्रावधान केवल सीमित क्षेत्रों में लागू हुआ है। शहरी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक है, जबकि ग्रामीण स्कूलों में पर्याप्त हिंदी सामग्री और प्रशिक्षित शिक्षक नहीं हैं। उच्च शिक्षा में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम कुछ विश्वविद्यालयों में लागू हुआ है, लेकिन मल्टीपल एंट्री-एग्जिट और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) का प्रयोग सीमित है। डिजिटल संसाधनों और प्रशिक्षण की कमी से छात्र और शिक्षक भ्रमित हैं। एनपीएसटी और शिक्षक प्रशिक्षण अधूरा है। कुल मिलाकर, प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन प्रारंभिक उत्साह के बावजूद आंशिक और असंगठित है। नीति का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब शिक्षक, छात्र और प्रशासन के बीच स्पष्ट संवाद, प्रशिक्षण और संसाधन सुनिश्चित किए जाएं।

देश के स्तर पर देखें तो नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा का जो नारा दिया गया था, वह जमीनी स्तर पर गहराई से विवादों में घिर गया। कई राज्यों ने इसे हिंदी थोपने का प्रयास बताया। वहीं माता-पिता और शिक्षकों के बीच भी इस व्यवस्था को लेकर भ्रम और असहमति बनी रही। उच्च शिक्षा में नीति के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम और मल्टीपल एंट्री-एग्जिट जैसी अवधारणाएं लाई गईं, लेकिन अधिकांश विश्वविद्यालय इन बदलावों के लिए तैयार नहीं थे। छात्रों और शिक्षकों, दोनों को नए ढांचे को लेकर भ्रम रहा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और एआईसीटीई जैसी संस्थाएं भी स्पष्ट दिशा-निर्देश देने में असफल रहीं। एबीसी जैसी प्रणाली आज भी केवल पायलट मोड में ही चल रही हैं। डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो उसका वादा बड़ा था, लेकिन परिणाम न्यूनतम।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



# गर्मी को करें बाय-बाय

## छतों और दीवारों पर लगाएं सुपर कूल शीट

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में गर्मी का मौसम औसतन आठ माह लोगों को परेशान करता है। मार्च माह से एसी चलने शुरू हो जाते हैं और नवंबर से पहले बंद होने की नौबत नहीं आती है। अप्रैल से सितंबर माह के बीच घरों की छतें, दीवारें और पानी की टंकियां अमूमन किसी भट्ठी जैसी तपती हैं। लोगों को तरह-तरह के शीतलन उपायों का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण बिजली का बिल लोगों की हालत खराब कर देता है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (आईआईटी-के) के शोधकर्ताओं ने इसी समस्या का कूल-कूल समाधान नवाचार के जरिए प्रस्तुत किया है। उन्होंने एक विशेष तरह की नई इंसुलेशन शीट तैयार की है, जो घरों और बिल्डिंग में सूर्य के तापमान से बढ़ रही गर्मी को काफी हद तक कम करने में सक्षम है।

*- मनोज त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार*

**12 डिग्री तक तापमान घटाने में सक्षम**

यह सुपर कूल शीट घर के अंदर के तापमान को करीब 12 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकती है और वह भी बिना बिजली, पानी या किसी मशीनी शोर के। इस आविष्कार के साथ आईआईटी कानपुर ने देश को हरित शीतलन तकनीक में अग्रणी बना दिया है। अगर इसे व्यापक रूप से अपनाया जाए, तो यह शहरी और ग्रामीण भारत में भीषण गर्मी से निपटने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है, बिजली खर्च कम करके स्वच्छ, हरित भविष्य को बढ़ावा दे सकता है।

- आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप ने बनाई ऐसी अनोखी शीट जो घर को रखेगी ठंडा
- एसी का बिजली बिल नहीं बनेगा अब आफत, गर्मी से भी मिलेगी पूरी तरह राहत

### सूरज की गर्मी रिफ्लेक्ट कर थर्मल कंडक्टिविटी कम कर देती है

आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने इस सीट को बनाने में सिंथेटिक पॉलीमर का इस्तेमाल किया है। इसे तैयार करने में एक खास कपड़े पर पॉलीमर की कोटिंग की जाती है, जो इसे दीवार, छत या पानी की टंकी पर चिपकने में सक्षम बनाती है। यह शीट सफेद रंग की होती है, जिससे यह गर्मी को रिफ्लेक्ट करती है और थर्मल कंडक्टिविटी को कम करती है। इसमें मौजूद पॉलीमर की वजह से बाहरी हवा वहीं रुक जाती है और इसकी व्हाइट पेपर कोटिंग से सूरज की किरणें रिफ्लेक्ट हो जाती हैं।



### घरों और फैक्ट्रियों में बिजली खपत में 25 से 30 प्रतिशत की कमी

इस अनोखी शीट को जिन घरों की छत और दीवारों पर लगाया गया है, उन घरों में कमरों या अन्य स्थानों का तापमान कड़ी धूप में भी बाहर की तुलना में 10 से 12 डिग्री सेल्सियस तक कम पाया गया है। इससे घरों और कारखानों में बिजली की खपत में 25 से 30 प्रतिशत की कमी देखी गई है। यह सुपर कूल शीट गर्मी की चिंता को दूर करके एक कम लागत वाला, पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करती है, जो भारत में हरित प्रौद्योगिकियों और ऊर्जा संरक्षण के प्रति बढ़ते प्रयासों के अनुरूप है। इस शीट को लगाने में किसी प्रकार के फ्रेम की आवश्यकता नहीं होती है। इसे सीधे दीवार, छत या पानी की टंकी पर लगाया जा सकता है।




### 60 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से बाजार में कराई उपलब्ध

आईआईटी की स्टार्टअप फर्म, जीआईटीटेक ने इस शीट का उत्पादन शुरू करके बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध करा दिया है। बाजार में यह शीट 60 से 65 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर पर बिक्री की जा रही है। इसके विपरीत बाजार में सामान्य शीटों की कीमत 100 से 160 रुपये प्रति वर्ग फुट के बीच है। स्टार्टअप कंपनी के सीईओ आदित्य ने बताया कि उनकी शीट की बाजार में सबसे अधिक डिमांड घरों की छत पर लगी पानी की टंकी के लिए आई है। इसकी वजह शीट लगाने के बाद भीषण गर्मी में भी पानी का नॉर्मल रहना है।



## टेक अपडेट्स

### क्या है गूगल डिस्कवर में आया बड़ा अपडेट




- गूगल डिस्कवर, जो यूजर्स की पसंद के हिसाब से आर्टिकल्स, वीडियो और दूसरे मीडिया दिखाता है। अब उसमें बड़ा अपडेट देखने को मिलेगा। गूगल ने एक ब्लॉग पोस्ट में बताया है कि अब इसमें इंस्टाग्राम, यूट्यूब शॉर्ट्स और एक्स (पहले ट्विटर) का कंटेंट भी दिखेगा। इसके साथ-साथ दुनियाभर के पब्लिशर्स और क्रिएटर्स के अपडेट भी मिलेंगे। गूगल डिस्कवर में जल्द ही और प्लेटफॉर्म्स का सपोर्ट भी ऐड किया जाएगा।

### डेटा और अनलिमिटेड


- बीएसएनएल के 200 रुपये के रिजार्ज में रोज 2 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग :
आपकी डेटा की जरूरत ज्यादा है और आप रोज कम से कम 2 जीबी डेटा चाहते हैं, तो बीएसएनएल का 199 रुपये वाला प्लान आपके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन हो सकता है। इस प्लान में आपको 28 दिनों की वैलिडिटी मिलती है। फायदे की बात करें तो, इसमें आपको किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड वॉयस कॉल्स, रोज के 100 एसएमएस और 2 जीबी हाई-स्पीड डेटा मिलता है।

### अंगूठे से कर सकेंगे पेमेंट

- अब तक आपको पेमेंट करने के लिए कैश, कार्ड या वॉलेट की जरूरत होती थी, लेकिन अब आपके एक थंब प्रिंट से भी पैसे पे किए जा सकते हैं। भारत में एक नई तकनीक विकसित की गई है, जिससे आप अपने अंगूठे के निशान से पेमेंट कर सकते हैं। इसके लिए आपको कैश, कार्ड या मोबाइल की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत की एक स्टार्टअप कंपनी प्रॉक्सी ने थंब पे नाम का एक नया बायोमेट्रिक भुगतान डिवाइस लॉन्च किया है। यह डिवाइस लोगों को अपने अंगूठे से पैसे का लेन-देन करने की सुविधा देता है। थंब पे आधार और यूपीआई से कनेक्टेड होगा, जिससे भुगतान करना आसान होगा।

# AI टेक्नोलॉजी से बन जाएं ट्रेंडी

हाल ही सोशल मीडिया पर एआई से फोटो बनाकर पोस्ट करने का ट्रेंड तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। घिबली से क्यूट तस्वीरें बनाने के बाद, महिलाएं अब गूगल जेमिनी के नए एआई टूल से अपनी तस्वीरों को 80 के दशक की बॉलीवुड अभिनेत्री वाला रेट्रो लुक दे रही हैं, जिसमें विंटेज साड़ी और आइकॉनिक पोज शामिल हैं, जिससे महिलाएं अपनी पुरानी तस्वीरों को नया आकर्षक रूप दे पा रही हैं। अगर आप भी तक एआई से फोटो बनाना नहीं जान पाएं हैं तो आज हम आपको बताते हैं कि गूगल जेमिनी के एआई टूल से फोटो कैसे बनते हैं।



### क्या करें

- **गूगल जेमिनी खोलें :** अपने मोबाइल पर जेमिनी ऐप डाउनलोड करें या इसे अपने कंप्यूटर डेस्कटॉप पर खोलें। इसके बाद, अपने गूगल अकाउंट से लॉग इन करें।
- **इमेज एडिटिंग मोड में जाएं :** जेमिनी पर नीचे की ओर आपको केले का आइकन दिखेगा। उस पर क्लिक करें और 'इमेज एडिटिंग आजमाएं' ऑप्शन को चुनें।
- **अपनी फोटो अपलोड करें :** एक साफ और अच्छी फोटो को चुनें, जिसमें आपका चेहरा साफ दिखाई दे। ध्यान रखें ग्रुप फोटो या ब्लरी सेल्फी लेने से बचें।
- **प्रॉम्प्ट डालें :** अब आपको एक प्रॉम्प्ट डालना होगा। आप किसी वायरल साड़ी प्रॉम्प्ट को कॉपी-पेस्ट कर सकते हैं या अपना खुद का प्रॉम्प्ट बना सकते हैं। प्रॉम्प्ट में आप साड़ी का रंग, लाइटिंग स्टाइल और अन्य डिटेल्स चुन सकते हैं।
- **इमेज जनरेट करें और सेव करें :** जनरेट पर क्लिक करें और कुछ सेकंड इंतजार करें। एआई आपकी रेट्रो साड़ी पोर्ट्रेट बना देगा।

### एआई जनरेटेड विंटेज साड़ी इमेज बनाने के लिए ये प्रॉम्प्ट इस्तेमाल करें

**रेड साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को निर्देश दें कि वांछित फोटो को 90 के दशक की बॉलीवुड हीरोइन की तरह एक बहती हुई लाल या ब्लैक शिफॉन साड़ी में बदलें। उसके बाल नरम और लहराते हुए हों। बैकग्राउंड रोमांटिक और नाटकीय लगे, जिसमें गर्म टोन और सूरज डूबने की सुनहरी रोशनी हो।

**सफेद पोल्का डॉट साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को कमांड दें कि एक महिला का रियलिस्टिक पोर्ट्रेट बनाएं, जो एक शीर सफेद पोल्का डॉट साड़ी में हो। उसके कान के पीछे एक छोटा गुलाबी फूल लगा हो। साइड से आती गर्म रोशनी, सिनेमैटिक शैडो बनाए।

**पर्पल साड़ी प्रॉम्प्ट**


एआई इस फोटो को रेट्रो, ग्रैनी और ब्राइट इमेज में बदलें। सब्जेक्ट ने एक पर्पल शिफॉन साड़ी पहनी हो। बैकग्राउंड में एक पुराना लकड़ी का दरवाजा हो। हवा में बाल उड़ रहे हों और गहरे शैडो के साथ सीन में मिस्ट्री दिखे।

**पीली साड़ी प्रॉम्प्ट**

एआई को कहे कि इस फोटो को एक रोमांटिक 90 के दशक के बॉलीवुड पोस्टर की तरह बदलें, जिसमें सब्जेक्ट बहती हुई पीली शिफॉन साड़ी में हो। बैकग्राउंड में पहाड़ और नीला आसमान हो। इमेज थोड़ी ग्रैनी हो, लेकिन रंगीन। लाइटिंग ऐसी हो, जैसे सुनहरी धूप पड़ रही हो।



# लाइफ ऑन लाइन है तो कुछ ट्रिक्स भी जानें



**काम की बात**

त्योहार के दौरान बाजार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर कई सारे आकर्षक ऑफर्स दिए जाते हैं। फ्लैश सेल, लिमिटेड टाइम ऑफर जैसी ट्रिक्स ग्राहकों को तुरंत खरीदारी के लिए मजबूर करती हैं। ऐसे ऑफर्स के झांसे में बिल्कुल न आएं। इसलिए हर ऑफर आपके लिए फायदेमंग नहीं हो सकता। सोच-समझकर ही तय करें कि क्या सच में फायदे की डील है या फिर मार्केटिंग का फंडा है।

### बजट तय करने के बाद शॉपिंग करें

अक्सर ऐसा होता है कि हम त्योहार की खरीदारी बिना तय बजट के शुरू कर देते हैं। विशेषत : फेस्टिव सीजन सेल में हम सभी बिना लिमिट तय किए ऑनलाइन शॉपिंग करते रहते हैं, जिससे आपकी जेब ढीली हो जाएगी। ऐसे में बेहतर है कि बजट तैयार करें और उसी के हिसाब से गिफ्ट, सजावट व अन्य सामान की शॉपिंग करें।




### दूसरे प्लेटफॉर्म से कंपेयर करें कीमत

जल्दबाजी के चक्कर में लोग प्राइस कंपेयर नहीं करते। जब वह प्रोडक्ट ऑर्डर कर देते हैं तो पता चलता है कि दूसरे प्लेटफॉर्म में यह और भी सस्ता मिल रहा होता है, जिसके बाद आप पछतावा महसूस करते हैं। किसी भी प्रोडक्ट को दो-तीन शॉपिंग साइट्स पर प्राइस जरूर कंपेयर करें, जिससे आपके प्रोडक्ट पर काफी बचत हो सकती है।

### डिस्काउंट और सेल के झांसे से बचें

त्योहार के दौरान बाजार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर कई सारे आकर्षक ऑफर्स दिए जाते हैं। फ्लैश सेल, लिमिटेड टाइम ऑफर जैसी ट्रिक्स ग्राहकों को तुरंत खरीदारी के लिए मजबूर करती हैं। ऐसे ऑफर्स के झांसे में बिल्कुल न आएं। इसलिए हर ऑफर आपके लिए फायदेमंद नहीं हो सकता। सोच-समझकर ही तय करें कि क्या सच में फायदे की डील है या फिर मार्केटिंग का फंडा है।

### क्रेडिट कार्ड का ज्यादा यूज करना

त्योहार के दौरान लोग शॉपिंग करते हैं तो सबसे ज्यादा यूज क्रेडिट कार्ड का करते हैं। यह सुविधा काफी आरामदायक तो लगती है, लेकिन बाद में यह कर्ज अधिक बढ़ जाता है। समय पर भुगतान नहीं किया तो यह भारी ब्याज भी बन जाता है। इसलिए संभव हो सके कि तो कैश या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करें ताकि कर्ज दबाब न बने।

### रिव्यू और सेलर की रेटिंग जरूर देखें

त्योहार सेल में अगर आप सबसे महंगा प्रोडक्ट खरीदना चाहते हैं, तो आप यूजर्स के रिव्यू को जरूर पढ़ें। अगर आप फोन, लैपटॉप या इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे महंगे आइटम्स ऑर्डर करने वाले हैं, तो आप एक बार कस्टमर रिव्यू को जरूर चेक करें। क्योंकि कई बार फेस्टिव सीजन के दौरान ऑर्डर किया गया। प्रोडक्ट अगर खराब निकल जाए तो उसे एक्सचेंज करवाने में काफी समय निकल जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,013.96 | 25,423.60 |
| बढ़त | 320.25 | 93.35 |
| प्रतिशत में | 0.39 | 0.37 |

सोना-1,13,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी-1,31,500 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### एस्टर-कनाडा की लूप ने संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली।** पॉलिएस्टर चिप बनाने वाली घरेलू कंपनी एस्टर इंडस्ट्रीज और कनाडा की लूप इंडस्ट्रीज ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए पुनर्चक्रित पॉलिएस्टर समाधान उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त उद्यम की घोषणा की। संयुक्त उद्यम में दोनों कंपनियों की बराबर-बराबर हिस्सेदारी है। गुजरात में लगने वाले संयुक्त उद्यम संयंत्र के पहले चरण में 1,600 करोड़ का निवेश किया जाएगा। लूप इंडस्ट्रीज और दक्षिण कोरिया की ह्योसंग टीएनसी ने भी गठबंधन किया है, जो वैश्विक ब्रांड को सर्कुलर यानी चुनर्चक्रित पॉलिएस्टर की ओर बढ़ने में मदद करेगा। एस्टर इंडस्ट्रीज लि. के चेयरमैन अरविंद सिंघानिया ने कहा कि संयुक्त उद्यम इकाई, एस्टर लूप इनफिनिट टेक्नोलॉजीज ने दाहेज में 90 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है।

### एसएमबीसी ने यस बैंक में 20% का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** जापान के सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन ने सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक और अन्य निवेशकों से यस बैंक में 20% हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। निजी क्षेत्र के बैंक ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। इस अधिग्रहण के साथ, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) यस बैंक में सबसे बड़ी शेयरधारक बन गयी है। जबकि एसबीआई के पास 10 प्रतिशत से अधिक की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनी हुई है। यह किसी भारतीय निजी क्षेत्र के बैंक में सबसे बड़ा सीमापार निवेश है। इस अधिग्रहण के पूरा होने के साथ ही यस बैंक के बोर्ड में एसएमबीसी के दो नामित निदेशकों की नियुक्ति भी शामिल है। इससे दोनों संस्थाओं के बीच संचालन व्यवस्था में सुधार और गहन रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### एनएसई मेनबोर्ड में मंगलम वर्ल्डवाइड

**नई दिल्ली।** स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी मंगलम वर्ल्डवाइड ने गुरुवार को एसएमई मंच से एनएसई के मेनबोर्ड पर स्थानांतरण किया। कंपनी ने कहा कि इस स्थानांतरण में 10 रुपये मूल्य वाले 2,97,00,674 इक्विटी शेयर हैं, जो पूरी तरह से चुकता हैं। इन्हें एनएसई के नियमों के अनुसार स्थानांतरित किया गया है। मंगलम के प्रबंध निदेशक चंद्रगुप्त प्रकाश मंगल ने कहा कि एनएसई मेनबोर्ड पर हमारा स्थानांतरण मंगलम वर्ल्डवाइड के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

### यूरो प्रतीक के आईपीओ को 1.34 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** डेकोरेटिव वॉल पैनल उद्योग की प्रमुख कंपनी यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गुरुवार को बोली के अंतिम दिन 1.34 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। एनएसई के अनुसार, तीन दिन के आईपीओ में 1,34,64,781 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 1,79,78,280 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए तय कोटा को 1.92 गुना अभिदान प्राप्त हुआ, जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के हिस्से को 1.23 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी) श्रेणी को 1.05 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड ने सोमवार को एंकर निवेशकों से 135 करोड़ रुपये जुटाए। यह सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह से प्रवर्तकों द्वारा 451.32 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश है, जिसमें कोई नया निर्गम शामिल नहीं है।

### आई-वैल्यू को पहले दिन 28% अभिदान मिला

**नई दिल्ली।** आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस लिमिटेड की आरंभिक शेयर निर्गम (आईपीओ) को बोली के पहले दिन गुरुवार को 28% अभिदान मिला। आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ को 1,31,17,272 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 36,35,150 शेयरों के लिए बोलियाँ प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के लिए निर्धारित हिस्से को 45% अभिदान प्राप्त हुआ, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों की श्रेणी को 23% अभिदान प्राप्त हुआ। क्रेडोर समर्थित आईवैल्यू इन्फोसॉल्यूशंस ने बुधवार को एंकर निवेशकों से 168 करोड़ जुटाए। 560 करोड़ का यह सार्वजनिक निर्गम 22 सितंबर को बंद होगा। इसका मूल्य दायरा 284 रुपये से 299 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### फेमा के तहत जिंदल समूह की छानबीन

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी मुद्रा विनिमय कानून के उल्लंघन के आरोप में बीसी जिंदल समूह की कंपनियों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत दिल्ली-एनसीआर और हैदराबाद में स्थित समूह के निदेशकों और अधिकारियों के कम से कम 13 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। ईडी ने जिंदल इंडिया थर्मल पावर लिमि. और जिंदल इंडिया पावरटेक लिमि. द्वारा विदेशी निवेश और अपनी विदेशी संस्थाओं में धन जमा करने के लिए फेमा उल्लंघनों की जांच कर रहा है।

# उद्योग को निवेश करने व क्षमता विस्तार में संकोच नहीं करना चाहिए

## सीतारमण ने उद्योग जगत से युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार के साथ साझेदारी करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार ने उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई, अब समय आ गया कि उद्योग जगत और अधिक निवेश करे तथा क्षमता विस्तार करे। सीतारमण ने भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रतिष्ठान (आईएफक्यूएम) की संगोष्ठी में उद्योग जगत से युवाओं को कौशल प्रदान करने में सरकार के साथ साझेदारी करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि उद्योग जगत को सिर्फ बजट से पहले ही नहीं, बल्कि पूरे साल सरकार के साथ संपर्क बनाए रखना चाहिए। विकसित भारत के लिए गुणवत्ता प्रबंधन के प्रति एक अनुभवी नजरिया अपनाना होगा, जिसमें विनिर्माण और सेवाओं के उन स्तरों और क्षेत्रों की पहचान की जाएगी जहां हस्तक्षेप की सबसे अधिक जरूरत है। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के यह पूछने पर कि उद्योग जगत को अब क्या करना चाहिए, सीतारमण ने



अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर चर्चा में शामिल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

कहा कि प्रधानमंत्री ने सुधारों पर कभी नरमी नहीं बरती है और न ही उन्होंने उद्योग जगत की इच्छाओं को नजरअंदाज किया है। सरकार उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप काम कर रही है। सरकार ने व्यापार सुगमता, कर सुधार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को खोलने और उद्योग जगत के अनुकूल नीतियां बनाने का काम किया है।

सीतारमण ने कहा कि उद्योग जगत को अब देश में अधिक निवेश करने, क्षमता विस्तार करने और अधिक उत्पादन करने में हिचकिचाहट नहीं होगी। सरकार आगे और क्या करे, इस बारे में भी उद्योग को बताना चाहिए। उद्योग जगत से निवेश करने के वित्त मंत्री के आह्वान पर प्रतिक्रिया देते हुए चंद्रशेखरन ने स्वीकार किया कि सरकार ने घरेलू और निर्यात बाजार, दोनों में अपार अवसर तैयार किए हैं। मेरा विश्वास है कि ज्यादा उद्यमी, अधिक संख्या में छोटी, मझोली और बड़ी कंपनियां ढेर सारा निवेश करेंगी। क्योंकि निवेश के बिना हम इसका लाभ नहीं उठा पाएंगे।

सरकार निजी क्षेत्र के उद्योगों को क्षमता विस्तार में निवेश के लिए प्रोत्साहित कर रही है, लेकिन निजी निवेश सरकारी पूंजीगत व्यय से पीछे बना हुआ है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अप्रैल में जारी एक सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में निजी निवेश 26 प्रतिशत घटकर 4.89 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सीतारमण ने आगे कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सबसे महत्वपूर्ण योगदान एमएसएमई क्षेत्र का है, और सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक एमएसएमई समूहों के बीच सक्रिय रहे।

### जीएसटी सुधारों से अर्थव्यवस्था में आएंगे दो लाख करोड़

**कोलकाता।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में हाल के सुधारों से अर्थव्यवस्था के भीतर लगभग दो लाख करोड़ रुपये आएंगे जिससे सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ेगी। सीतारमण ने कहा कि नई पीढ़ी के जीएसटी सुधार दरों में कटौती, अनुपालन में आसानी और अस्पष्टता को दूर करने के लिए डिजाइन किए गए थे, जिससे पश्चिम बंगाल में गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, एमएसएमई और कई उद्योगों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि दरों में कटौती का जीएसटी परिषद का फैसला इसलिए संभव हुआ क्योंकि राज्य सहयोग की भावना से एक साथ आए। जीएसटी में कोई देने-लेने वाला मॉडल नहीं है। अगर राजस्व कम होता है, तो केंद्र भी उतना ही वहन करता है। जीएसटी परिषद की महीने की शुरुआत में हुई बैठक में कर दरों को चार के बजाय दो स्लैब में ही रखने का फैसला किया गया। अब सिर्फ पांच और 18 प्रतिशत की दर से कर लगेगा। हालांकि, विलासिता एवं अहितकर उत्पादों पर 40 प्रतिशत की एक विशेष दर रखी गई है। नई कर दरें 22 सितंबर से लागू हो जाएंगी जो नवरात्रि का भी पहला दिन होगा।

### देश एकल दर वाली प्रणाली को तैयार नहीं

**कोलकाता।** केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार ने जीएसटी स्लैब को युक्तिसंगत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है लेकिन देश अभी एकल दर वाली जीएसटी प्रणाली के लिए तैयार नहीं है। हालांकि सीतारमण ने कहा कि भविष्य में एकल दर वाली प्रणाली की संभावना है। सीतारमण ने कहा कि पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की जीएसटी संरचना मनमाने ढंग से तय नहीं हुई थी, बल्कि यह विभिन्न राज्य-स्तरीय करों को उसके नजदीकी स्लैब में रखने की विस्तृत प्रक्रिया के जरिये तय हुई थी। जब जीएसटी प्रणाली की समीक्षा की गई, तो एक जरूरत ये थी कि जीएसटी परिषद चार दरें नहीं चाहती थी। इस सवाल का जवाब नहीं मिला कि कि क्या वे अभी एकल दर वाली स्थिति के लिए तैयार हैं। शायद भविष्य में ऐसा हो सकता है। वित्त मंत्री ने मौजूदा कर सुधार प्रक्रिया को 'नई पीढ़ी के जीएसटी सुधारों' का हिस्सा बताया, जो खासकर गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए प्रणाली को सरल और निष्पक्ष बनाने पर केंद्रित है। मौजूदा सरकार और पिछली संप्रग सरकार के बीच कर हस्तांतरण की तुलना करने वाले दस्तावेज पश्चिम बंगाल में परियोजनाओं के विवरण के साथ जारी किए गए हैं। जल्द अतिरिक्त दस्तावेज साझा किए जाएंगे, जिनमें आम उपयोग की वस्तुओं की सूची होगी जहां जीएसटी दरें कम की गई हैं।

### जीएसटी दर कटौती से राजस्व नुकसान पर केंद्र नहीं देगा कोई मुआवजा

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी की दरों में हालिया कटौती से राजस्व में होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र किसी तरह का मुआवजा देने पर विचार नहीं कर रहा है। राजस्व संग्रह में कमी का बोझ केंद्र और राज्यों दोनों को समान रूप से उठाना होगा। करों का बंटवारा होने के बाद इसका असर केंद्र पर राज्यों की तुलना में और भी ज्यादा होगा। सीतारमण ने जीएसटी पर आयोजित चर्चा में कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में कई राज्यों, विशेषकर विपक्ष-शासित राज्यों ने दर कटौती के प्रस्ताव पर आशंका जताते हुए पूछा था कि यदि इससे राजस्व में गिरावट आती है तो उस कमी की भरपाई किस तरह होगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी में केंद्र और राज्यों की हिस्सेदारी 50-50 प्रतिशत है। इसमें भी केंद्र के हिस्से का 41 प्रतिशत राज्यों को ही वापस चला जाता है। केंद्र के पास आखिर में केवल 23 प्रतिशत हिस्सा रह जाता है। ऐसे में राजस्व गिरावट का असर केंद्र पर भी उतना ही पड़ेगा जितना राज्यों पर। जीएसटी परिषद में दाता-ग्राही का कोई रिश्ता नहीं है। जीएसटी परिषद की महीने की शुरुआत में हुई बैठक में कर दरों को चार के बजाय दो स्लैब में ही रखने का फैसला किया गया। अब सिर्फ पांच और 18 प्रतिशत की दर से कर लगेगा।

# वैश्विक उथल-पुथल के बीच हमारा ध्यान आर्थिक वृद्धि पर

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को देश के लक्ष्यों और आर्थिक वृद्धि पर लगातार ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आत्मनिर्भरता के नजरिये और वैश्विक उथल-पुथल से निपटने को दृढ़ संकल्पित होने की बात भी कही। सूचना प्रौद्योगिकी, रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने 12वें वार्षिक पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) कार्यक्रम में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि आज हर नीति-निर्माता के मन में एक महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस समय वैश्विक स्तर पर हो रहे तेज बदलावों से प्रभावी ढंग से कैसे निपटा जाए। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही रोचक समय है। हमें अपने देश में जो



● पीएएफआई के कार्यक्रम में बोले केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

हासिल करना है, उस पर अपना ध्यान रहना चाहिए। हम अपनी अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ाना चाहते हैं, खुद को कैसे मजबूत बनाना चाहते हैं, ताकि दुनिया में जो तूफान हैं... हम उन्हें झेलने और अपने जहाज को उन बड़े तूफानों से पार करने के लिए पर्याप्त मजबूत हों।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता के साथ विकास पर जोर दिया है। हमें भारत में बनी चीजों को बड़े पैमाने पर अपनाना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे उद्योगों को वह मजबूती मिले, जो उन्हें किसी भी उथल-पुथल का सामना करने के लिए पर्याप्त रूप से लचीला बनाए।

### ऑनलाइन गेमिंग कानून एक अक्टूबर से होगा लागू

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और नियमन अधिनियम एक अक्टूबर से लागू होगा। संसद में पिछले महीने पारित यह अधिनियम, जहां एक तरफ ई-स्पोर्ट्स और अन्य ऑनलाइन गेम को बढ़ावा देता है, वहीं पैसा आधारित सभी प्रकार के ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगाता है। वैष्णव ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' 2026 इंडिया के बारे में जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग कानून पारित होने के बाद भी सरकार उद्योग के साथ चर्चा कर रही है।

### डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण नियम तैयार

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण (डीपीडीपी) नियम तैयार हो गए हैं और अगले 10 दिनों में इसे प्रकाशित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन नियमों को व्यापक परामर्श प्रक्रिया के बाद तैयार किया गया है। वैष्णव ने कहा कि डीपीडीपी नियम तैयार हैं और कुछ ही दिनों में ये प्रकाशित होने वाले हैं। उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) पर होने वाले सम्मेलन के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि ये नियम 28 सितंबर तक जारी कर दिए जाएंगे।

# अगले 8-10 सप्ताह में शुल्क विवाद के समाधान की संभावना : सीईए



एमसीसीआई के कार्यक्रम को संबोधित करते सीईए वी. अनंत नागेश्वरन।

कोलकाता, एजेंसी

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि ऊंचे शुल्क को लेकर अमेरिका के साथ पैदा हुए विवाद का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में निकल सकता है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

नागेश्वरन ने उद्योग मंडल मर्चेंट चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि पर्दे के पीछे दोनों सरकारों के बीच शुल्क विवाद को लेकर बातचीत जारी है। मेरा अनुमान है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क का अगले आठ से दस सप्ताह में समाधान निकल आएगा। हालांकि, उन्होंने इस बात को लेकर आगाह किया कि शुल्क जारी रहने की स्थिति में अमेरिका को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क वृद्धि फैसले के बाद दोनों देशों के संबंध कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि, शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर अनुकूल संकेत मिलने के बाद हाल ही में दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर चर्चा फिर शुरू हुई है।

### आंकड़ों से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में शहरी उपभोग

सीईए वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भले ही आंकड़ों में शहरी मांग में कमजोरी दिख रही है, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं बेहतर है। उन्होंने कहा कि यूपीआई के जरिये होने वाले लेनदेन की संख्या और छोटे उद्यमों पर खर्च में बढ़ोतरी उपभोग की मजबूती को दर्शाती है। नागेश्वरन ने कहा कि खर्च का रुझान गैर-सूचीबद्ध कंपनियों और छोटे कारोबारों की तरफ बढ़ा है, जो आंकड़ों में पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सतह के स्तर पर भले ही शहरी मांग कमजोर दिखती है, लेकिन वास्तविक उपभोग हमारी सोच से कहीं अधिक टिकाऊ है। उन्होंने अपने इस दावे के समर्थन में रेस्तरां, बेकरी एवं उपयोगिता खंडों के भीतर पिछले 13 महीनों में यूपीआई लेनदेन सालाना आधार पर दहाई अंक में बढ़ने का जिक्र भी किया। कर कटौती, जीएसटी रियायतें, रोजगार प्रोत्साहन और कम खाद्य मुद्रास्फीति ने शहरी उपभोग को सहारा दिया है। इसके साथ ही मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि ग्रामीण मांग भी वेतन वृद्धि, अधिक फसल बुवाई और ट्रैक्टर एवं दोपहिया वाहनों की मजबूत बिक्री के चलते बेहतर स्थिति में है।

# एनपीएस-यूपीएस: सेवानिवृत्ति की सुरक्षित राह

सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा हर व्यक्ति की सबसे बड़ी चिंता होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने पेंशन संबंधी योजनाएं शुरू की हैं। इनमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) प्रमुख हैं। एनपीएस एक स्वैच्छिक निवेश आधारित योजना है, जिसमें व्यक्ति अपने कामकाजी जीवन में निवेश करके सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय प्राप्त करता है। वहीं यूपीएस एक सरकारी गारंटी वाली योजना है, जिसमें न्यूनतम पेंशन सुनिश्चित की जाती है। दोनों योजनाएं अलग-अलग ढांचे और लाभों के साथ काम करती हैं, और निवेशक अपनी जरूरत के अनुसार इनमें से चुनाव कर सकते हैं।



- **एनपीएस:** उच्च रिटर्न की संभावना, टैक्स छूट, लचीला निवेश विकल्प।
- **यूपीएस:** पेंशन की गारंटी, सुरक्षित विकल्प, कम आय वाले लोगों के लिए उपयुक्त।

#### एनपीएस

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली भारत सरकार द्वारा संचालित योगदान-आधारित सेवानिवृत्ति योजना है। इसे 2004 में सरकारी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य किया गया और बाद में सभी के लिए खोला गया। इसमें निवेशक अपनी आय का एक हिस्सा जमा करता है। यह राशि इक्विटी, कॉरपोरेट बॉण्ड और गवर्नमेंट सिक्योरिटीज़ में निवेश होती है।
- सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त राशि और शेष राशि से मासिक पेंशन मिलती है।
- आयकर की धारा 80सी व 80 सीसीडी (1बी) के तहत टैक्स लाभ मिलता है।
- एनपीएस मार्केट-लिंक्ड होने के कारण इसमें रिटर्न बदलते रहते हैं, लेकिन लंबे समय में अच्छे रिटर्न की संभावना रहती है।

#### यूपीएस

- एकीकृत पेंशन योजना एक गारंटीड पेंशन स्कीम है, जिसे विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और कमजोर तबकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें सरकार न्यूनतम मासिक पेंशन की गारंटी देती है।
- इसमें निवेशक को तयशुदा योगदान करना होता है और सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित पेंशन मिलती है।
- यूपीएस में मार्केट रिस्क नहीं होता, क्योंकि सरकार पेंशन राशि की गारंटी देती है।
- यह योजना उन लोगों के लिए फायदेमंद है जिनकी आय अस्थिर होती है।

## देश में संपत्ति मौद्रीकरण तेज करने की जरूरत : पांडेय

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को कहा कि रेलवे, सड़क, हवाई अड्डे और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सरकार की संपत्तियों का मौद्रीकरण तेज करना जरूरी है ताकि निवेशकों की पूंजी को इन परियोजनाओं में लगाया जा सके। सेबी प्रमुख बनने से पहले निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के प्रभारी रह चुके पांडेय ने कहा कि राज्य सरकारें अभी तक संपत्ति मौद्रीकरण के लिए योजना नहीं बना पाई हैं।

उन्होंने कहा कि इस अंतर को दूर करने से बुनियादी ढांचा निर्माण को बढ़ावा मिलेगा और संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी। बुनियादी ढांचे के लिए बहुत बड़े पैमाने पर पूंजी की जरूरत है और इसे केवल सरकार एवं बैंकों पर नहीं डालना चाहिए। उन्होंने पूंजी बाजार को संसाधन जुटाने के वैकल्पिक माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया।

## शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 9% बढ़कर 10.82 लाख करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● अग्रिम कर संग्रह बढ़ने और रिफंड धीमा होने से हुई बढ़ोतरी हुई

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक 9.18% बढ़कर 10.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। कंपनियों से अग्रिम कर संग्रह बढ़ने और रिफंड धीमा होने के कारण कर संग्रह में बढ़ोतरी हुई है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर शामिल हैं। चालू वित्त वर्ष में एक अप्रैल से 17 सितंबर के बीच रिफंड राशि 24% घटकर 1.61 लाख करोड़ रुपये रही। आयकर विभाग के मुताबिक, इस अवधि में कंपनियों से प्राप्त अग्रिम कर संग्रह 6.11% बढ़कर 3.52 लाख करोड़ से अधिक हो गया। हालांकि, गैर-कॉरपोरेट अग्रिम कर संग्रह 7.30% घटकर 96,784 करोड़ रहा। एक अप्रैल से 17 सितंबर के बीच, शुद्ध कंपनी कर संग्रह बढ़कर 4.72 लाख करोड़ से अधिक रहा। यह 2024 की इसी अवधि में 4.50 लाख करोड़ था। गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह अब तक 5.84 लाख करोड़ रहा। गैर-कॉरपोरेट कर में व्यक्ति और एचयूएफ (हिंदू अविभाजित परिवार) शामिल हैं।

## सेबी ने हिंडनबर्ग के आरोपों पर अडाणी को दी क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को खारिज करते हुए उद्योगपति गौतम अडाणी और उनकी अगुवाई वाले समूह को क्लीन चिट दे दी। सेबी ने कहा कि उसे हिंडनबर्ग के आरोपों में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला कि समूह ने अपनी सूचीबद्ध कंपनियों में पैसा भेजने के लिए संबंधित पक्षों का उपयोग किया हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि जांच के बाद भेदिया कारोबार, बाजार में गड़बड़ी और सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों के उल्लंघन के आरोप निराधार पाए गए।

# वैश्विक निवेशक भारत में टटोलें अवसर : गडकरी

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को वैश्विक निवेशकों से भारत में निवेश करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश न केवल विशाल कुशल कार्यबल प्रदान करता है, बल्कि यहां एक निवेश-अनुकूल दृष्टिकोण वाली सरकार भी है। गडकरी ने आईसीसी ग्लोबल समिट-2025 के सत्र को ऑनलाइन संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भारत स्वदेशी ईंधन, विशेष रूप से वैकल्पिक और जैव ईंधन के विकास में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं वैश्विक निवेशकों और संबंधित पक्षों से आग्रह करता हूं कि वे भारत और महाराष्ट्र में उपलब्ध अवसरों का पता लगाएं। आइए, हम सब मिलकर साझा समृद्धि और सतत विकास के भविष्य का निर्माण करें।



गडकरी ने कहा कि बढ़ती जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि, उपलब्ध कुशल इंजीनियरिंग जनशक्ति, अच्छे बुनियादी ढांचे और मजबूत राजनीतिक समर्थन को देखते हुए, भारत निवेशकों के लिए सबसे अच्छा गंतव्य है। देश में विशाल, कुशल जनशक्ति उपलब्ध है और दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में कच्चे माल की लागत कम है और इसी कारण से, उत्पाद भी गुणवत्तापूर्ण हैं। गडकरी ने कहा कि हम गुणवत्ता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हम गुणवत्ता से समझौता किए बिना उत्पादन लागत कम करना चाहते हैं।

द्विपक्षीय व्यापार

गैर-तेल और गैर-कीमती धातु की हिस्सेदारी 50-55 अरब डॉलर के स्तर पर, दोगुना करने का रखा लक्ष्य

# व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाएंगे भारत और यूएई

अबू धाबी, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने तीन-चार वर्षों में गैर-तेल और गैर-कीमती धातु व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल द्विपक्षीय व्यापार में गैर-तेल और गैर-कीमती धातु की हिस्सेदारी 50-55 अरब डॉलर पर है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने अफ्रीका और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) क्षेत्रों में साझा निवेश के लिए भी रूपरेखा तय करने का निर्णय लिया, जिसमें बुनियादी ढांचा और अन्य क्षेत्र हैं। साझा निवेश में यूएई की निवेश क्षमता और भारत के पास प्रतिभाओं की मौजूदगी का लाभ उठाया जाएगा। गोयल ने कहा कि अभी चर्चा संकल्पना



अबू धाबी आर्थिक विकास विभाग के अध्यक्ष अहमद जसीम अल ज़ाबी से वार्ता करते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल।

के स्तर पर हुई। इसके तौर-तरीके तय करने, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी और प्राथमिकता वाले देशों के बारे में फैसला दोनों देश करेंगे। भारत और यूएई के निवेश पर गठित उच्च-स्तरीय कार्यबल की 13वीं बैठक में इन सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें भारतीय पक्ष की अगुवाई गोयल ने की जबकि अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) के प्रबंध निदेशक शेख हमद बिन जाएद अल नहयान ने यूएई की अगुवाई की।

गोयल ने कहा कि हमने गैर-तेल और गैर-कीमती धातुओं में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर अगले तीन-चार वर्षों में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का नया लक्ष्य रखा है। दोनों पक्ष समुद्री, रक्षा, वैमानिकी एवं अंतरिक्ष क्षेत्रों में निवेश और सहयोग की नई संभावनाएं भी तलाश रहे हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ रहा है, जिससे लेन-देन की लागत कम और संचालन आसान होता है। भारत और यूएई ने घरेलू साज-सज्जा, वस्त्र, मत्स्य पालन, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण और दवा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने की भी योजना बनाई है। दुबई में 20,000-25,000 वर्ग फुट क्षेत्र में विकसित हो रहा कारोबारी केंद्र 'भारत मार्ट' अगले डेढ़-दो साल में तैयार हो जाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के बाद भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का भी दुबई में परिसर जल्द शुरू होगा।

### भारत-अमेरिका में वार्ता सही दिशा में

पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में प्रगति है और यह सही दिशा में आगे बढ़ रही है। दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ब्रेंडन लिंच 16 सितंबर को भारतीय आधिकारिक दल के साथ दिन भर की बातचीत के लिए नई दिल्ली में थे। द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिकी टीम के साथ दिन भर की चर्चा सकारात्मक रही और दोनों पक्ष समझौते को जल्द पूरा करने के लिए प्रयास करने पर सहमत हुए। अमेरिकी अधिकारियों के साथ सात घंटे की बैठक के बाद मंत्रालय ने कहा था कि पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाने के प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया है। अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### चुनाव आयोग ने अपदस्थ पीएम हसीना को मतदान से रोका

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के राष्ट्रीय पहचान पत्र को लॉक कर दिया है, जिससे वह अगले वर्ष फरवरी में होने वाले आम चुनाव में वह मतदान से वंचित हो गई हैं। चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने यहां निर्वाचन भवन में पत्रकारों से कहा, जिस किसी का राष्ट्रीय पहचान (एनआईडी) पत्र लॉक हो जाता है, वह विदेश से मतदान नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, उनका (हसीना का) एनआईडी लॉक है। हालांकि, अहमद ने किसी और का नाम नहीं लिया, लेकिन 'यूएनबी' समाचार एजेंसी और 'ढाका ट्रिब्यून' अखबार ने चुनाव आयोग के अधिकारियों के हवाले से बताया कि हसीना की छोटी बहन शेख रेहाना, बेटे सजीब वाजेद जॉय और बेटी साईमा वाजेद पुतुल के एनआईडी भी लॉक या ब्लॉक कर दिए गए हैं।

### चीन ने ताइवान पर फिर कब्जा करने की दी धमकी

**ताइपे (ताइवान)।** चीन के रक्षा मंत्री दोंग जुन ने बृहस्पतिवार को बीजिंग में सुरक्षा फोरम की शुरुआत पर एक बार फिर यह धमकी दी कि उनका देश स्व-शासित ताइवान पर कब्जा करेगा। दोंग ने बीजिंग शिआंगशान फोरम में अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइवान का चीन में पुनर्स्थापन युद्धोपरांत अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। ताइवान 2.3 करोड़ लोगों वाला लोकतंत्र है, जो वर्ष 1949 से चीन से अलग है। बीजिंग ताइवान को एक अलग प्रांत मानता है और उसने ताइवान को अपने नियंत्रण में लाने के लिए बल प्रयोग से इनकार नहीं किया है। चीन लगभग रोजाना द्वीप के पास युद्धपोत और विमान भेजकर ताइवान पर सैन्य दबाव बनाता है। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते और उनकी सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी बीजिंग के दावों को खारिज करते हैं।

### पाकिस्तान में दो बम विस्फोटों में आठ की मौत, 23 घायल

**क्वेटा (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के उग्रवाद प्रभावित दक्षिण-पश्चिम में बृहस्पतिवार को कुछ घंटों के अंतराल पर हुए दो कार बम विस्फोटों में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और लगभग दो दर्जन घायल हो गए। पुलिस अधिकारी इलाही बख्श ने बताया कि पहला हमला बलूचिस्तान प्रांत के तुर्बत जिले में उस वक्त हुआ, जब एक आत्मघाती हमलावर ने एक वाहन को सुरक्षा काफिले से टकरा दिया। उन्होंने बताया कि हमले में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए और 23 घायल हो गए। सरकारी प्रशासक इम्तियाज अली ने बताया कि कुछ घंटों बाद, दक्षिण-पश्चिमी शहर चमन में अफगान सीमा के पास एक और कार बम विस्फोट हुआ, जिसमें छह लोग मारे गए।

## भारत-अमेरिका की चंद्रमा और मंगल मिशन पर नजर

- वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित

**ह्यूस्टन, एजेंसी**


भारत-अमेरिका ने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अंतरिक्ष साझेदारी के नए चरण की शुरुआत का संकेत दिया, जहां अधिकारियों और अंतरिक्ष यात्रियों ने इस पर जोर दिया कि कैसे दशकों का सहयोग अब चंद्रमा और मंगल मिशनों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

भारत-अमेरिका अंतरिक्ष साझेदारी : भविष्य की भागीदारी की सीमाएं शीर्षक से यह कार्यक्रम सोमवार को इंडिया हाउस में आयोजित हुआ। इसमें हाल की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिनमें नासा-इसरो के संयुक्त निसार उपग्रह और एक्सिओम मिशन-4 शामिल हैं, जिसने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचाया। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने इस साझेदारी को वैज्ञानिक अन्वेषण, प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यिक सहयोग को आगे बढ़ाने वाला एक गतिशील मंच बताया।

उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कम लागत में नवोन्मेष में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरा है और अमेरिका के साथ संयुक्त प्रयास आने वाले दशकों में मानव अंतरिक्ष उड़ानों की सीमाओं को और आगे ले जा सकते हैं।

## जलवायु परिवर्तन दुनिया के लिए बन रही गंभीर चुनौती

जलवायु परिवर्तन एक गंभीर वैश्विक चुनौती है, जिसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। भारत में इसका प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है, जहां बढ़ता तापमान, अनियमित मानसून और प्राकृतिक आपदाएं जैसे सूखा और बाढ़ आम हो गए हैं। बढ़ते तापमान, अनियमित मानसून, सूखा-बाढ़ जैसी आपदाएं, हिमालयी ग्लेशियरों का पिघलना और तटीय क्षेत्रों में समुद्री जलस्तर का बढ़ना, ये सभी भारत के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को प्रभावित कर रहे हैं। भारत जैसे विकासशील देश के लिए जलवायु परिवर्तन न केवल पर्यावरणीय समस्या है, बल्कि यह कृषि, उद्योग, सार्वजनिक स्वास्थ्य और जल संसाधनों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।



### क्लाइमेट चेंज पर भारत सरकार की नीतियां

- जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए भारत सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाएँ और नीतियाँ लागू की हैं। 2008 में राष्ट्रीय कार्ययोजना (एनएपीसीसी) शुरू की गई, जिसके तहत आठ प्रमुख मिशन चलाए जा रहे हैं। इनमें नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, जल संसाधनों के संरक्षण और जलवायु अनुकूलन उपायों को अपनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### जलवायु परिवर्तन के प्रभाव

- **तापमान वृद्धि :** औसत तापमान में निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे हीटवेव की घटनाएं बढ़ रही हैं।
- **मानसून की अनियमितता :** मानसून के पैटर्न में बदलाव से कृषि और जल संसाधनों पर असर पड़ रहा है।
- **प्राकृतिक आपदाएं :** सूखा, बाढ़ और चक्रवाती तूफान जैसी आपदाएं अधिक तीव्र और बारंबार हो रही हैं।
- **जल संकट :** ग्लेशियर पिघलने से नदियों के जलस्तर में अस्थिरता।

### भारत की पहल

- **हरित ऊर्जा :** सौर, पवन और जलविद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा।
- **जल संरक्षण :** जल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन।
- **टिकाऊ कृषि :** जलवायु अनुकूल कृषि प्रथाओं को अपनाना।
- **राष्ट्रीय अनुकूलन कोष :** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना इत्यादि।
- **भूमिका :** भारत सरकार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी जलवायु परिवर्तन को लेकर सक्रिय भूमिका निभा रही है।

### जलवायु आपातकाल

भले ही हम पेरिस समझौते में प्रस्तावित तापमान वृद्धि को 1.5 से. तक सीमित कर दें, तब भी हम खतरे से बाहर नहीं हैं। 1.5 से. पर पहले से ही गंभीर जलवायु प्रभाव हैं, जिसमें गर्मियों में आर्कटिक महासागर में समुद्री बर्फ का पूरी तरह पिघलना, समुद्र का उच्च स्तर, 70% से अधिक प्रवाल भित्तियों का विनाश आदि शामिल हैं। अतिरिक्त वार्मिंग का प्रत्येक अंश अधिक विनाशकारी प्रभावों से जुड़ा है। पहले से ही 2.0से. पर, 99% प्रवाल भित्तियाँ नष्ट हो सकती हैं, सूखे और तूफानों की तीव्रता और आवृत्ति बढ़ जाएगी।

# सुनिश्चित हो कि लश्कर और जैश को अफगानिस्तान में पनाह न मिले

## यूएन में स्थायी प्रतिनिधि राजदूत हरीश ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखी भारत की बात

- कहा- अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति पर करीबी से नजर रख रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी संगठन और उनके मददगार अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल न कर पाएं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बुधवार को कहा, भारत अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयास करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकी संगठन और व्यक्ति जैसे कि आईएसआईएल (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवांट), अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद व उनके खतरनाक इरादों में मदद करने वाले अब अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न कर पाएं।



संयुक्त राष्ट्र में भारत का पक्ष रखते स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश।

### हानिकारक गतिविधियों को हतोत्साहित करना जरूरी

राजदूत हरीश ने सुरक्षा परिषद को यह भी बताया कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से दो बार बात कर चुके हैं। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान द्वारा की गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। इसके साथ ही भारत ने इस बात पर बल दिया कि किसी भी संघर्ष-पश्चात स्थिति से निपटने के लिए प्रभावी नीति में सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करना और हानिकारक गतिविधियों को हतोत्साहित करना आवश्यक है।

अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वक्तव्य देते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के बीच सभ्यतागत संबंध हैं और इस युद्धग्रस्त देश में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारत का सर्वोच्च हित है। उन्होंने कहा, हम अफगानिस्तान से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति व सहयोग को अत्यंत आवश्यक मानते हैं। देश में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए हम सभी संबंधित पक्षों के साथ सक्रिय रूप से संवाद कर रहे हैं। दोहा में संयुक्त राष्ट्र की बैठकों और अन्य क्षेत्रीय मंचों में हमारी भागीदारी, हमारे इन प्रयासों को दर्शाती है।

### पाकिस्तान-चीन ने बीएलए को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती इकाई मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की गयी है। दोनों देशों ने बीएलए और उसकी आत्मघाती इकाई को परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति के तहत आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि इस्लामिक स्टेट-खोरासन (आईएसआईएल-के), अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और मजीद ब्रिगेड जैसे आतंकवादी संगठन अफगान ठिकानों से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अफगानिस्तान में 60 से अधिक आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जो सीमा पार हमलों के लिए आधार केंद्र का काम कर रहे हैं। अहमद ने अफगानिस्तान में स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा, पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त रूप से 1267 प्रतिबंध समिति में बीएलए और मजीद ब्रिगेड को सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया है। हमें उम्मीद है कि परिषद उनकी आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस पर शीघ्र कार्रवाई करेगी।

### फेंटेनाइल की तस्करी में संलिप्तता से भारतीय अधिकारियों के वीजा रद्द

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि उसने 'फेंटेनाइल प्रीकर्सर' की तस्करी में कथित संलिप्तता के चलते कुछ भारतीय व्यावसायिक अधिकारियों और कॉर्पोरेट नेताओं के वीजा रद्द कर दिए और फिर उन्हें वीजा देने से इनकार कर दिया गया। हालांकि, अमेरिकी दूतावास ने उन कारोबारी नेताओं की पहचान उजागर नहीं की जिनके वीजा आरोपों के मद्देनजर रद्द कर दिए गए हैं। इस मुद्दे पर नई दिल्ली की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। फेंटेनाइल प्रीकर्सर का आशय उन रसायनों से है जिनसे मादक पदार्थ बनाए जाते हैं।

अमेरिकी दूतावास के प्रभारी जॉर्गन एंड्रयूज ने कहा कि अमेरिका में मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल व्यक्तियों तथा संगठनों को परिणाम भुगतने होंगे। अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा, अमेरिकियों को खतरनाक सिंथेटिक मादक पदार्थों से सुरक्षित रखने के ट्रंप प्रशासन के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने फेंटेनाइल की तस्करी में संलिप्तता के आधार पर कुछ व्यावसायिक अधिकारियों और कॉर्पोरेट नेताओं के वीजा रद्द कर दिए हैं और फिर उन्हें वीजा देने से इनकार कर दिया गया। इसने कहा कि यह कार्रवाई अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम की धारा 221(आई), धारा 212(ए)(2)(सी) और 214(बी) के तहत की गई है।

## पाकिस्तान-सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते की समीक्षा करेगा भारत

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा व वैश्विक स्थिरता के प्रभावों का होगा अध्ययन
- कतर में हमास नेतृत्व पर इजराइली हमले के कुछ दिनों बाद हुआ समझौता

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान और सऊदी अरब ने एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अनुसार उनमें से किसी भी देश पर किसी भी हमले को दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा। यह समझौता कतर में हमास नेतृत्व पर इजराइली हमले के कुछ दिनों बाद हुआ है, जो खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका का प्रमुख सहयोगी है।

भारत ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस समझौते के प्रभावों का अध्ययन करेगा। एक संयुक्त बयान के अनुसार, इस समझौते पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने बुधवार को पाकिस्तानी नेता की खाड़ी देश की एक दिवसीय यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए। संयुक्त बयान के अनुसार, रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते में कहा गया है कि किसी भी देश के विरुद्ध किसी भी आक्रमण को दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।

इसमें आगे कहा गया है, यह समझौता, जो दोनों देशों की अपनी सुरक्षा बढ़ाने और क्षेत्र तथा विश्व में सुरक्षा एवं शांति प्राप्त करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के पहलुओं को विकसित करने और किसी भी आक्रमण के विरुद्ध संयुक्त प्रतिरोध को मजबूत करने का लक्ष्य रखता है।



इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए, नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर इस कदम के प्रभावों का अध्ययन करेगा। उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा और सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह समझौता मई में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिवसीय सैन्य संघर्ष के चार महीने बाद हुआ। पाकिस्तान-सऊदी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, यह समझौता सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच लगभग आठ दशक से चली आ रही ऐतिहासिक साझेदारी पर आधारित है, और यह भाईचारे और इस्लामी एकजुटता के बंधनों के साथ-साथ दोनों देशों के बीच साझा रणनीतिक हितों और घनिष्ठ रक्षा सहयोग पर आधारित है।

## सैन्य अफसरों को आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के आदेश मुनीर ने दिए थे

- जैश कमांडर बोला- 25 साल के संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सेना और जिहादी एक हुए

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय पर सात मई को हुए भारतीय मिसाइल हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल होने का बहावलपुर के कोर कमांडर और सैनिकों को सीधा आदेश दिया था। यह बात आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष कमांडर ने कही है।

सोशल मीडिया पर गुरुवार को सामने आये एक वीडियो में जैश कमांडर इलियास कश्मीरी ने यह भी कहा कि उसके संगठन के 25 साल के संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सेना और जिहादी एक हो गए हैं। (भारत द्वारा 7 मई को किये गए हमले में) जो लोग मारे गए वे जैश-ए-मोहम्मद के थे और वह पाकिस्तानी सेना और वायुसेना ही थी जिसने उनका बदला लिया... मुझे बताइए, क्या यह सच नहीं है? कश्मीरी ने खुलासा किया कि लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर हमले के बाद, सेना प्रमुख मुनीर ने जीएचक्यू रावलपिंडी से कोर कमांडर (बहावलपुर) और सैनिकों को सीधे आदेश जारी किए कि वे जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय में भारतीय हमले में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में शामिल हों और उन्हें श्रद्धांजलि दें। ऑपरेशन सिंदूर के तहत बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद मुख्यालय पर किए गए हमले में जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए थे। भारतीय हमलों में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार में पाकिस्तानी सेना के जनरल, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शीर्ष नौकरशाह शामिल हुए थे।

### अमेरिका ने गाजा में युद्धविराम की मांग संबंधी प्रस्ताव पर वीटो लगाया

**संयुक्त राष्ट्र।** अमेरिका ने गुरुवार को एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया जिसमें गाजा में तत्काल स्थायी संघर्षविराम और बंधकों की रिहाई की बात की गई थी। संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय के सभी 14 अन्य सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। इस प्रस्ताव में गाजा में मानवीय स्थिति को विनाशकारी बताया गया था और इजराइल से उस क्षेत्र में 21 लाख फलस्तीनियों को सहायता पहुंचाने पर लगे सभी प्रतिबंध हटाने का आह्वान किया था।

## चाबहार बंदरगाह के संचालन पर 29 से अमेरिकी प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क/ नई दिल्ली, एजेंसी**

ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि ईरान के बंदरगाह चाबहार का संचालन करने वाले लोगों पर इस महीने के अंत से प्रतिबंध लगा दिए जाएंगे। इस फैसले का भारत पर भी असर पड़ेगा जो इस रणनीतिक बंदरगाह पर एक टर्मिनल को विकसित कर रहा है। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है।

भारत और ईरान इसे व्यापार एवं संपर्क बढ़ाने के लिए विकसित कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने सप्ताह की शुरुआत में जारी एक बयान में कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट देने वाले 2018 के आदेश को रद्द किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम ईरानी शासन को अलग-थलग करने के लिए अधिकतम दबाव डालने की राष्ट्रपति ट्रंप की नीति के अनुरूप है। पिगॉट ने कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान पुनर्निर्माण मदद एवं आर्थिक विकास के लिए ईरान स्वतंत्रता एवं परमाणु प्रसार-रोधी अधिनियम के तहत 2018 में जारी प्रतिबंध छूट को रद्द कर दिया है। यह आदेश 29 सितंबर, 2025 से प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध के प्रभावी हो जाने के बाद चाबहार बंदरगाह का संचालन करने वाले या संबंधित गतिविधियों में शामिल लोग प्रतिबंधों के दायरे में आ सकते हैं। अमेरिकी प्रशासन के इस निर्णय से भारत भी प्रभावित होगा क्योंकि वह ओमान की खाड़ी में स्थित चाबहार बंदरगाह पर एक टर्मिनल के विकास से जुड़ा हुआ है।

### यहां एक टर्मिनल को विकसित कर रहे भारत पर भी होगा असर



### बंदरगाह के संचालन के लिए 10 वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे


भारत ने 13 मई, 2024 को इस बंदरगाह के संचालन के लिए 10 वर्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारत को इससे मध्य एशिया के साथ व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी। भारत ने वर्ष 2003 में ही इस बंदरगाह के विकास का प्रस्ताव रखा था ताकि भारतीय माल के लिए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच का एक प्रवेश द्वार मुहैया कराया जा सके। करीब 7,200 किलोमीटर लंबी यह परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए प्रस्तावित है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 सितंबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 23.36 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- शरद।

चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा 07.05 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज दिन काफी अच्छा रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपायी करने के लिए दिन अच्छा है। दर्शन एवं साहित्य के प्रति आप अत्यंत आकर्षित रहेंगे।

**वृष** — आज नई तकनीक को सीखने का प्रयास कर सकते हैं, लेकिन धन की कमी के कारण आपके कार्य रुक सकते हैं। विद्वान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। वाहन में कुछ खराबी आ सकती है। कानूनी मामलों में उलझन की आशंका है।

**मिथुन** — आज कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अत्यधिक शुभ है।

**कर्क** — आज आप लोगों की सहायता करने के लिए उधार दे सकते हैं। गुप्त शत्रु आपका अहित करने का प्रयास करेंगे। आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किंतु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिए।

**सिंह** — आज आपको नौकरी में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपके सपने साकार हो सकते हैं। जीवनसाथी आपकी निष्ठा से बहुत प्रभावित होगा। किसी मांगलिक समारोह की योजना बना सकते हैं। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा।

**कन्या** — आज व्यापार को लेकर बड़ी मीटिंग कर सकते हैं। बढ़ते खर्चों को नियंत्रित करने के लिए आप काम करेंगे। कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिए। अनुशासनहीनता पूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिए।

**तुला** — आज ललित कलाओं का आनंद ले सकते हैं। परिवार में तालमेल शानदार रहने वाला है। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। मार्केटिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन श्रेष्ठ है। आप प्रतिष्ठा के कारण अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। किसी बड़ी समस्या से आपको छुटकारा मिल सकता है। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। विदेश से नौकरी के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु** — आज आपनी वाणी में मिठास रहेगी। अध्यात्मिक विषयों में आप रुचि लेंगे। दूर के रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए प्रकल्पों को लेकर आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**मकर** — आज धैर्यवान होकर सभी कार्य करें। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है। भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। यात्रा के दौरान बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

**कुंभ** — आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। अपनी कार्यप्रणाली में अपेक्षित सुधार कर लेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। धन कमाने के नए स्रोत बना सकते हैं।

**मीन** — आज उच्च अधिकारी आपको चुनौतियों वाला काम सौंप सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सुबह काम का तनाव रहेगा, लेकिन शाम तक आप काफी शांत मूड में आ जाएंगे। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

## सुडोकू-104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 3 | | 9 | |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| | 9 | | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | 9 | | 7 | | | |
| 3 | 4 | 6 | | 2 | | | 5 | |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| | | | 3 | | | | 2 | 5 |
| 9 | | 7 | | 4 | | | | |

### सुडोकू - 103 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 9 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 9 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 3 | 5 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 8 |

